लोक-सभा

शुक्रवार,
१६ सितम्बर, १९५५

वाद-विवाद

(भाग १--प्रश्नोत्तर)

खंड ५, १९५५

1st Lok Sabha

(२२ अगस्त से १६ सितम्बर, १९५५)

दशम सत्र, १९५५

(खंड ५ में अंक २१ से अंक ४० तक हैं)

लोक-सभा सचिवालय,
नई दिल्ली

विषय–सूची

(खंड ५, अंक २१ से ४०, दिनांक २२ अगस्त से १६ सितम्बर १९५५

अंक २१––सोमवार, २२ अगस्त, १९५५

प्रश्नों के मौखिक उत्तर–– स्तम्भ

तारांकित प्रश्न संख्या ९७७, ९७८, ९८१, ९८३, ९८४, ९८६, ९८८ से ९९२, ९९४ से ९९६, ९९९ से १००१, १००३, १००४, १००८ से १०१०, ९८५, १००५ और १००७ . . . १४३९–७८

अल्प सूचना प्रश्न संख्या ७ . . . . १४७८–८३

प्रश्नों क लिखित उत्तर––

ताराकित प्रश्न संख्या ९७६, ९७९, ९८०, ९८२, ९८७, ९९३, ९९७, ९९८, १००२ और १००६ . . . १४८३–८८

अतारांकित प्रश्न संख्या ५१४ से ५३४ . . . १४८९–१५००

अंक २२––मंगलवार, २३ अगस्त, १९५५

प्रश्नों के मौखिक उत्तर––

तारांकित प्रश्न संख्या १०१३,१०१५, १०१७, १०१९ से १०२ , १०२४ से १०२८,१०३०, १०३१, १०३२,१०३४ से १०३६, १०३८, १०४१ से १०४६, १०४८, १०४९, १०५३ और १०५४ से १०५६ . . १५०१–४४

प्रश्नों के लिखित उत्तर––

तारांकित प्रश्न संख्या १०११, १०१२, १० ४, १०१६, १०१८, १०२२, १०२३, १०२९, १०३३, १०३७, १०३९, १०४०, १०४७, १०५०, १०५१, १०५२ और १०५७ से १०६४ . . . १५४४–५७

अतारांकित प्रश्न संख्या ५३५ से ५६३ . . . १५५७–७२

अंक २३––बुधवार, २४ अगस्त, १९५५

प्रश्नों के मौखिक उत्तर––

तारांकित प्रश्न संख्या १०६५, १०६६, १०६८ से १०७२, १०७४, १०७५, १०७९, १०८१,१०८३, १०८५,१०८९ से १०९१, १०९३ से १०९५, १०९८ से ११००, ११०२ से ११०६ और ११०८ . . १५७३–२१

प्रश्नों के लिखित उत्तर-- स्तम्भ

तारांकित प्रश्न संख्या १०६७, १०७३, १०७६ से १०७८, १०८०, १०८२, १०८४, १०८६. १०८८, १०९२, १०९६, १०९७, ११०१, ११०७ और ११०९ से ११२३ १६२१-३९

अतारांकित प्रश्न संख्या ५६४ से ५८४ और ५८४ और ५८६ से ६०४ १६३९–६८

अंक २४--गुरुवार, २५ अगस्त, १९५५

प्रश्नों के मौखिक उत्तर--

तारांकित प्रश्न संख्या ११२४, ११२५, ११२९, ११३१, ११३२, ११३५, ११३७ से ११३९, ११४१, ११४५, स ११४७, ११४९, ११५०, ११५२ ११५४ से ११५६, ११५८, ११३३, ११२६, ११४८, ११४४, ११५३ और ११५७ ११६९–१७०९ १७०९–११

अल्प सूचना प्रश्न संख्या ८

प्रश्नों के लिखित उत्तर--

तारांकित प्रश्न संख्या ११२७, ११२८, ११३०, ११३४, ११३६, ११४०, ११४२, ११४३ और ११५१ १७११–१६ १७१६–२२

अतारांकित प्रश्न संख्या ६०५ से ६१८

अंक २५--शुक्रवार, २६ अगस्त, १९५५

प्रश्नों के मौखिक उत्तर--

तारांकित प्रश्न संख्या ११५९ से ११६१, ११६४ ११६७, ११६८, ११७०, ११७१, ११७३, ११७५, ११७८, ११८१, ११८४, ११८५, ११८९, ११९०, ११९४, ११९५ और ११९६ १७२३–१७६३

तारांकित प्रश्न संख्या ११६४ क उत्तर में शुद्धि १७६३

प्रश्नों के लिखित उत्तर--

तारांकित प्रश्न संख्या ११६२, ११६३, १ ६५, ११६६, ११६९, ११७२, ११७४, ११७६, ११७७, ११७९, ११८०, ११८२, ११८३, ११८६ से ११८८, ११९१ से ११९३, ११९७ से १२०३ . . १७६३–७८

अतारांकित प्रश्न संख्या ६१९ से ६३६ . . . १७७८–८८

अंक २६--मंगलवार, ३० अगस्त, १९५५

प्रश्नों के मौखिक उत्तर--

तारांकित प्रश्न संख्या १२०४ से १२०६, १२११, १२१२, १२१४ से १२१६, १२२१, १२२४ से १२२८, १२३१, १२३२, १२३४ से १२३९ और १२४१ १७८९–१८३२

प्रश्नों के लिखित उत्तर— स्तम्भ

तारांकित प्रश्न संख्या १२०७ से १२१०, १२१३, १२१७ से १२२०, १२२२, १२२३, १२२६, १२३०. १२३३, १२४० और १२४२ से १२५४ .... १८३२–४८

अतारांकित प्रश्न संख्या ६३७ से ६६८ . . १८४८–७०

अंक २७—बुधवार, ३१ अगस्त, १९५५

प्रश्नों के मौखिक उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या १२५५, १२५६. १२५८, १२६२ से १२६४, १२६६. १२६८ से १२७०, १२७२, १२७४; से १२७७, १२७९ से १२८३, १२८८ से १२९०, १२९२, १२९३. १२९५ से १२९९. १३०१ और १३०२ १८७१—१९१५

प्रश्नों के लिखित उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या १२५७, १२५९ से १२६१, १२१५, १२६७, १२७१ १२७३, १२७८, १२८४ से १२८७, १२९१ से १२९४ और १३०० १९१५–२१

अतारांकित प्रश्न संख्या ६६९ से ६७९ १९२१-२८

अंक २८—गुरुवार १ सितम्बर, १९५५

प्रश्नों के मौखिक उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या १३०३, १३०६, १३०७, १३०९, १३१० से १३१२, १३१५, १३१७, १३१८, १३२०, १३२२ से १३२४, १३२६ से १३३०, १३४१, १३३१, १३३३, १३३५ से १३३७, १३४० और १३४२... १९२९-७२

प्रश्नों के लिखित उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या १३०४, १३०५, १३०८, १३१३, १३१४, १३१६, १३१९, १३२१, १३२५, १३३४, १३३८, १३३९ और १३४३ से १३४५ . . . . . १९७२–८०

अतारांकित प्रश्न संख्या ६८० से ७९१ १९८०–९०

अंक २९— शुकवार २ सितम्बर, १९५५

प्रश्नों के मौखिक उत्तर—

तारांकित प्रस्न संख्या, १३४६, से १३५५, १३५९ से १३६२, १३६४, १३२५, १३६७, से १३७४, १३७६, १३७८, से १३८३ और १३८६ १९९१–२०३६

अल्प सूचना प्रश्न संख्या ९ . . . २०३६–३८

प्रश्नों क लिखित उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या १३५६ से १३५८, १३६३, १३६६, १३७७, १३८४, १३८५, १३८७, से १३९१ . . २०३८–४५

अता ंकित प्रश्न संख्या ७०२ स ७४० २०४५–७०

अंक ३०—शनिवार ३ सितम्बर, १९५५ स्तम्भ

प्रश्नों के मौखिक उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या १३९४, १४०३, १३९५ से १३९७, १३९९, १४००, १४०४ से १४०७, १४०९, १४१०, १४१३, १४१४, १४१६, १४१८, १४१९, १४२३, १४२४, १४२६ से १४२८, १४३०, १३९२ और १४१२ . . . . २०७१-२११२

प्रश्नों के लिखित उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या १३९३, १३९८, १४०१, १४०२. १४०८, १४११, १४१५, १४२१, १४२२, १४२५, १४२९ और १४३१ . . २११२-२११८

अतारांकित प्रश्न संख्या ७४१ से ७५३ . . २११८-२१२४

अंक ३१—सोमवार ५, सितम्बर, १९५५

प्रश्नों के मौखिक उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या १४३३, १४३६, १४३७, १४४०, १४४१, १४४३, १४४४, १४४७, १४४८, १४५० से १४५३, १४५५, १४५६, १४५८, १४५९, १४६१, १४६४, १४३८, १४४६ और १४४९ . २१२५-२१५७

प्रश्नों के लिखित उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या १४३२, १४३४, १४३५, १४३९, १४४२, १४४५, १४५४, १४५७, १४६०, १४६२, १४६३ और १४६५ . . २१५७-२१६२

अतारांकित प्रश्न संख्या ७५४ से ७८० २१६२-२१७८

अंक ३२—मंगलवार, ६ सितम्बर १९५५

प्रश्नों क मौखिक उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या १४६६, १४६७, १४६९ से १४७१, १४७४ से १४८१' १४८५' १४८६' १४८८ स १४९४, १४९६' १४९८ से १५००' ५०२' १५०३' और १५०५ से १५०७ . . २१७९-२२२३

प्रश्नों के लिखित उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या १४६८, १४७२, १४७३, १४८२, १४८३, १४८४, १४८७, १४९५, १४९७, १५०१, १५०४ और १५०८ से १५१५ २२२७-३६

अतारांकित प्रश्न संख्या ७८१ से ८१०, ८१२ और ८१३ २२३६-५६

अंक ३३—बुधवार, ७ सितम्बर, १९५५

प्रश्नों के मौखिक उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या १५१६ से १५२२, १५२४ से १५२७, १५४७, १५२८ से १५३३, १५३६, १५३७ और १५३९ से १५४५ २२५७-२३०४

	स्तम्भ
प्रश्नों के लिखित उत्तर–	
तारांकित प्रश्न संख्या १५२३, १५३४, १५३५, १५३८, १५४६ और १५४८ से १५५४	२३०४–१०
अतारांकित प्रश्न संख्या ८१४ से ८२३	२३१०–१८
अंक ३४ --गुरुवार, ८ सितम्बर १९५५	
प्रश्नों के मौखिक उत्तर–	
तारांकित प्रश्न संख्या १५५५, १५५६, १५५८ से १५६०, १५६२ से १५६६, १५६८, १५७०, १५७१, १५७३ से १५७६, १५७८ से १५८३, १५८५, १५८७ से १५८९, १५९१ और १५९२	२३१९–६४
प्रश्नों के लिखित उत्तर–	
तारांकित प्रश्न संख्या १५५७, १५६१, १५६७, १५६९, १५७२, १५७७, १५८४, १५८६, १५९०, और १५९४, से १५९६ . .	२३६४–७२
अतारांकित प्रश्न संख्या ८२४ से ८४१	२३७२–८४
अंक ३५ – शुक्रवार ९ सितम्बर, १९५५	
प्रश्नों के मौखिक उत्तर–	
तारांकित प्रश्न संख्या १५९७, १५९८, १६०० से १६०६, १६१० से १६१३, १६१५, १६२०, १६२२ से १६२५, १६२७ से १६३० १६३२ से १६३९ और १६४१ . .	२३८५–२४३१
प्रश्नों के लिखित उत्तर–	
तारांकित प्रश्न संख्या १५९९, १६०७ से १६०९, १६१४, १६१६, १६१८, १६१९, १६२१, १६२६, १६३१, १६४० और १६४२ से १६५३	
अतारांकित प्रश्न संख्या ८४२ से ८७४	२४३२–४७
अंक ३६—सोमवार, १२ सितम्बर, १९५५	२४४७–७२
प्रश्नों के मौखिक उत्तर	
तारांकित प्रश्न संख्या १६५४ से १६५७, १६६१, १६६३, १६६६, १६६७, १६६९, १६७१, १६७३, १६७५, १६७७ से १६८०, १६८२, ६८४, १६८५, १६६८ और १६५९ . .	२४७२–२५११
प्रश्नों के लिखित उत्तर–	
तारांकित प्रश्न संख्या १६५८, १६६०, १६६२, १६६४, १६६५, १६७० १६७२, १६७४, १६७६, १६८१, १६८३, और १६८६ से १६८८ .	२५१२–१८
अतारांकित प्रश्न संख्या ८७५ से ८८४ .	२५१८–२४

अंक ३७--मंगलवार, १३ सितम्बर, १९५५

प्रश्नों के लिखित उत्तर-- स्तम्भ

तारांकित प्रश्न संख्या १६८९ से १७१८ . . . २५२५-४२

अतारांकित प्रश्न संख्या ८८५ से ९०२, ९०४ और ९०५ . . २५४२-५६

अंक ३८--बुधवार १४ सितम्बर, १९५५

प्रश्नों के लिखित उत्तर--

तारांकित प्रश्न संख्या १७१९ से १७८७ . २५५८-२६०२

अतारांकित प्रश्न संख्या ९०६ से ९४१ . . २६०२-२२

अंक ३९--गुरुवार, १५ सितम्बर, १९५५

प्रश्नों के मौखिक उत्तर--

तारांकित प्रश्न संख्या १७९० से १७९२, १७९४ से १८०१, १८०३ से १८११, १८१३ से १८१६, १८१९ से १८२१ और १७८८ . २६२३-७१

प्रश्नों के लिखित उत्तर--

तारांकित प्रश्न संख्या १७८९, १७९३, १८०२, १८१२, १८१७ और १८१८ . . . २६७१-७४

अतारांकित प्रश्न संख्या ९४२ से ९५३ २६७५-८२

अंक ४०--शुक्रवार, १६ सितम्बर, १९५५

प्रश्नों क मौखिक उत्तर--

तारांकित प्रश्न संख्या १८२२, १८२४ से १८२६, १८२८, १८२९, १८३१, १८३२, १८३४, १८३५, १८३७, १८३८, १८४०, १८४१, १८४३ स १८५३, १८५५ और १८५७ से १८६० . . २६८३-२७२८

प्रश्नों के लिखित उत्तर--

तारांकित प्रश्न संख्या १८२३, १८२७, १८३०, १८३३, १८३६, १८३९, १८४२, १८५४, १८५६ और १८६१ से १८६७ . . २७२८-३७

अतारांकित प्रश्न संख्या ९५४ से ९७६ और ९७८ से ९९१ २७३७-६०

अनुक्रमणिका . १-१८०

GIPND—302 LSD—N.H.S.—18—4—57.—190.

लोक-सभा

शुक्रवार, १६ सितम्बर, १९५५

लोक-सभा ग्यारह बजे समवेत हुई

[अध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए]

प्रश्नों के मौखिक उतर

विद्युत् संभरण

*१८२२. **श्री राधा रमण** : क्या **सिंचाई और विद्युत्** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि शकूर बस्ती स्थित नंगल सब-स्टेशन ने दिल्ली को बिजली देना प्रारम्भ कर दिया है;

(ख) यदि हां तो उसका परिमाण क्या है;

(ग) इस परिमाण को सरकारी, औद्योगिक तथा आवास की आवश्यकताओं के लिये किस प्रकार वितरित किया जायेगा; और

(घ) यह नया संभरण कब से प्राप्त होगा और कितने परिमाण में प्राप्त होगा ?

सिंचाई और विद्युत् उपमंत्री (श्री हाथी) : (क) हां श्रीमान् ।

(ख) १०,००० किलोवाट ।

(ग) इसके लिये कोई निश्चित ढंग नहीं सोचा गया है । विद्युत् शक्ति का वितरण उस दिल्ली राज्य विद्युत् शक्ति नियंत्रण बोर्ड की सिफारिशों पर मुख्यायुक्त द्वारा किया जाता है जिसे बम्बई विद्युत् (आपात शक्ति) अधिनियम, १९४६ के अन्तर्गत बनाया गया है जिसे मांग के महत्व पर विचार करने के उपरान्त दिल्ली राज्य पर लागू किया गया है ।

(घ) अगले वर्ष के मध्य तक १०,००० किलोवाट बिजली प्राप्त होने की संभावना है ।

श्री राधा रमण : शकूर बस्ती में कुल कितनी बिजली पैदा होगी और क्या वह सब दिल्ली राज्य के उपयोग में आयेगी ?

श्री हाथी : उस में थोड़े ही पैदा होगी । उसे नंगल से १०,००० किलोवाट बिजली प्राप्त होगी ।

श्री राधा रमण : क्या सरकार के पास ऐसे सही आंकड़े हैं जिनसे पता चल सके कि दिल्ली राज्य में सरकारी, औद्योगिक तथा घरेलू आवश्यकताओं के लिये कितनी कितनी बिजली की जरूरत है ?

श्री हाथी : ये आंकड़े तो दिल्ली विद्युत बोर्ड से मिल सकते हैं ।

श्री राधा रमण : दिल्ली में अभी जितनी बिजली प्राप्त है क्या वह घरेलू आवश्यकताओं के लिये पर्याप्त है ?

श्री हाथी : जी हां ।

श्री राधा रमण : क्या सरकार बिजली के आवेदकों के लिये लाइसेंस तथा अन्य प्रतिबन्धों को दूर करने का विचार करती है ?

श्री हाथी : जहां तक घरेलू आवश्यकता का प्रश्न है, यह बात विचाराधीन है । हम ने उन से कहा है कि वे प्रतिबन्धों को कम कर दें ।

सेठ अचल सिंह : यह जो बिजली दी गई है, यह किस रूल से दी गई है और कितने वर्ष के लिये दी गई है ?

श्री हाथी : मुझे इस के बारे में जानकारी नहीं है ।

हथकरघा उद्योग

*१८२४. **श्री नवल प्रभाकर :** क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि ।

(क) क्या यह सच है कि राज्य सरकारों को हथकरघा उद्योग के लिये रंगाई और तैयारी के सम्मिलित केन्द्र स्थापित करने के लिये अनुदान दिये गये हैं; और

(ख) यदि हां, तो दी गई वित्तीय सहायता का (राज्यवार) ब्यौरा क्या है ?

वाणिज्य मंत्री (श्री करमरकर) : (क) जी हां ।

(ख) सभा-पटल पर एक विवरण रखा जाता है । **[देखिये परिशिष्ट ९, अनुबन्ध संख्या ५४]**

श्री नवल प्रभाकर : क्या मैं जान सकता हूं कि यह जो विवरण में दिया गया है कि तीन राज्यों को मद्रास, हैदराबाद और आंध्र को सन् १९५५–५६ के अन्दर जो अनुदान दिये तो क्या इसके पहले उन्होंने ऐसे अनुदान की मांग की थी ?

श्री करमरकर : आम तौर से हैंडलूम बोर्ड के पास इसके बारे में स्टेट्स गवर्नमेंट्स से सिफारिशें आती हैं और उसके बाद अनुदान के बारे में निश्चय किया जाता है ।

श्री नवल प्रभाकर : क्या मैं जान सकता हूं कि आगामी वर्ष के लिये सन् १९५६–५७ के लिये इन राज्यों के अतिरिक्त और किसी राज्य ने भी मांग की है ?

अध्यक्ष महोदय : क्या वहां उल्लिखित राज्यों को छोड़ कर किन्हीं अन्य ने कोई मांग की है ?

श्री करमरकर : किस वर्ष के लिये ?

अध्यक्ष महोदय : अगले वर्ष के लिये ।

श्री नवल प्रभाकर : मैं यह जानना चाहता हूं कि यह जो विवरण में आठ राज्य दिये गये हैं और उनको अनुदान दिया गया है, तो क्या इन आठ राज्यों के अतिरिक्त और किसी राज्य ने भी इस तरह की मांग की है ?

श्री करमरकर : अभी तक कोई मांग नहीं की है ।

डा० रामा राव : विवरण से ज्ञात होता है कि रंगाई-छपाई संयंत्र के लिये आंध्र को कुछ रकम दी गई है । वह कहां संस्थापित किया जायगा ।

श्री करमरकर : इस के लिये मुझे पूर्व-सूचना की आवश्यकता है ।

श्री बी० के० दास : ऐसे केन्द्र को चलाने में कितना व्यय होगा ?

श्री करमरकर : वह भिन्न भिन्न होगा । विभिन्न प्रकार के ऐसे केन्द्रों की मुझे जानकारी नहीं है ।

संस्कृत में पाठ

*१८२५. **श्री डाभी :** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान २७ मार्च, १९५५ को दिल्ली में आयोजित बाईसवें संस्कृत साहित्य सम्मेलन के इस संकल्प की ओर आकर्षित किया गया है कि आल इंडिया रेडियो को हिन्दी की भांति संस्कृत में पाठ पढ़ाने चाहियें ; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इस पर क्या कार्यवाही करना चाहती है ?

केसकर) : (क) सरकार ने एक प्रेस-समाचार देखा है ।

(ख) आल इंडिया रेडियो से स्कूलों के लिये प्रसारण में संस्कृत के पाठों को सम्मिलित करना सरकार के विचाराधीन है। कार्य-क्रमों द्वारा श्रोताओं को यदा-कदा सरल एवं साहित्यिक संस्कृत से परिचित कराया जा रहा है ।

श्री डाभी : सरकार इस काम को कब तक प्रारम्भ करेगी ?

डा० केसकर : इस की तिथि निश्चित करना तो कठिन है । हम इस पर विचार कर रहे हैं और इसे शीघ्र ही प्रारम्भ करेंगे ।

आम और लीची

*१८२६. **श्री विभूति मिश्र** : क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) १९५५ में (३० जून, १९५५ तक) किन-किन देशों को आम और लीची भेजे गये हैं ;

(ख) उन का मूल्य कितना था ;

(ग) विदेशों में आम और लीची की किन किस्मों को पसन्द किया गया ; और

(घ) क्या उनके नियमित निर्यात के लिये सरकार कोई योजना बनाने का विचार रखती है ?.

वाणिज्य मंत्री (श्री करमरकर) : (क) से (ग). विभिन्न प्रकार के फलों के अलग अलग आंकड़े रखे जाते हैं । समुद्र द्वारा होने वाले व्यापार के विवरणों में केवल ताजे फल" नामक मुख्य शीर्षक के अन्तर्गत हो इनके आंकड़े प्रकाशित होते हैं ।

(घ) भारतीय फलों को विदेशों में बेचने की एक योजना विचाराधीन है । इसका विस्तत रूप तयार किया जा रहा है ।

श्री विभूति मिश्र : क्या **वाणिज्य मंत्रालय** ने **कृषि मंत्रालय** को इस तरह के कोई सुझाव या सलाह दी है कि उन फलों को जैसे आम और लीची को जिनको कि विदेशों में पसन्द किया गया है उनकी ग्रोथ को यहां देश में इस प्रकार डेवलप किया जाय ?

श्री करमरकर : जहां तक हिन्दुस्तान में उनकी ग्रोथ डेवलप करने का सवाल है वह तो कृषि मंत्रालय का काम है और इस बारे में उनसे सवाल किया जाना चाहिये ?

श्री विभूति मिश्र : आप मेरा मतलब नहीं समझे । मैं यह जानना चाहता हूं कि आपके वाणिज्य मंत्रालय ने क्या कोई सुझाव उन फलों की ग्रोथ को डेवलप करने के सम्बन्ध में कृषि मंत्रालय को दिया है ?

अध्यक्ष महोदय : क्या वाणिज्य मंत्रालय ने खाद्य और कृषि मंत्रालय को आमों और लीचियों की उपज बढ़ाने के सम्बन्ध में सिफारिश की है ?

श्री करमरकर : भारतीय फलों को विदेशों में बेचने की एक योजना बनाई जा रही है, वसे हम तो सभी बातों को जिन को कि हम समझते हैं कि फलों की ग्रोथ में उन्नति होगी, उनके बारे में सिफारिश करते हैं ।

श्री कामत : हमारे राष्ट्रीय फल की कौन-कौन सी किस्में रूस भेजी गई हैं । क्योंकि तीन महीने पहले हमने यह खुशखबरी सुनी थी कि पंचशील करार में प्रधान मंत्री की नीति बड़ी सफल रही ?

---

*अध्यक्ष महोदय के आदेश से कुछ शब्द निकाल दिये गये ।

श्री करमरकर : श्रीमान्, क्या यह प्रश्न उत्पन्न होता है ?

अध्यक्ष महोदय : नहीं : इसके उत्तर की आवश्यकता नहीं है ।

अणु शक्ति

*१८२८. **श्री रघुनाथ सिंह** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या यह सच है कि हाल ही में ग्रेनाइट पत्थर में अणुशक्ति का पता लगाया गया है ?

प्रधान मंत्री तथा वैदेशिक कार्य मंत्री (श्री जवाहर लाल नेहरू) : नहीं श्रीमान ।

श्री रघुनाथ सिंह : क्या उसके सम्बन्ध में अन्वेषण होगा ?

श्री जवाहर लाल नेहरू : उसकी तो कोई ज़रूरत नहीं है क्यों कि जो लोग वहां पर पत्थर तोड़ने गये हैं उन्होंने ग्रेनाइट रोक में एटेमिक इनर्जी नहीं पायी है और यह दुनिया के किसी और मुल्क में भी अभी तक नहीं निकली है ।

साइकिलें

*१८२९. **श्री एम० इस्लामुद्दीन** : क्या **वाणिज्य और उद्योग**मंत्री : यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत-निर्मित साइकिलों को उन विदेशी बाजारों में प्रशुल्क और अन्य करों के बारे में कुछ रियायत दी जाती है जहां के लिये वे निर्यात की जाती हैं ;

(ख) यदि हां, तो उन देशों के नाम क्या हैं जहां यह रियायत दी जाती है और रियायत किस प्रकार की है; और

(ग) इस उद्योग के लिये निर्यात-बाजार का विकास करने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

वाणिज्य मंत्री (श्री करमरकर) : (क) और (ख). हां श्रीमान्, कुछ बाजारों में । जो रियायतें की जाती हैं, उनका विवरण सभा पटल पर रखा जाता है । **(देखिये परिशिष्ट ९, अनुबन्ध संख्या ५५)**

(ग) साइकिलों का निर्यात स्वतंत्र रूप से आज्ञप्त है । निर्यात की जाने वाली साइकिलों के निर्माण के लिये कुछ आयात किये गये सामान के आयात-शुल्क में निर्माताओं को ७।८ शुल्क छुट दी जाती है । इंजीनियरिंग सामान के लिये जो निर्यात अभिवद्धि परिषद् शीघ्र ही बनाई जाने को है वह साइकिल निर्यात में वद्धि करने के तरीके भी निकालेगी ।

श्री मेघनाद साहा :साईकिल निर्माण के ये सामान हमारे देश में ही पाये जाते हैं या आयात किये जाते हैं ?

वाणिज्य और उद्योग तथा लोहा और इस्पात मंत्री (श्री टी० टी० कृष्णमाचारी): केवल ट्युब को छोड़ कर लगभग सभी सामान यहीं बनता है ।

श्री मघनाद साहा : ये ट्यूबें कैसी हैं !

श्री टी० टी० कृष्णमाचारी: मैंने कहा, ट्यूब को छोड़ कर सब सामान यहीं तैयार किया जाता है ।

अध्यक्ष महोदय : वे कहते हैं, ये टयूबें कैसी होती हैं ।

श्री टी० टी० कृष्णमाचारी : अच्छा । ये इस्पात की होती हैं जो साइकिलों में लगाई जाती हैं ।

श्री मेघनाद साहा : क्या उन्हें यही बनाने का कोई प्रयत्न किया गया है ?

श्री टी० टी० कृष्णमाचारी : हां ऐसी कोशिश की जा रही है ।

डा० रामा राव : विवरण से ज्ञात होता है कि तीन देश प्रशुल्क में रियायत देते हैं किन्तु उनको कोई निर्यात ही नहीं किया गया। इन देशों को भारत में प्रशुल्क की क्या छूट दी जाती है और भारत से उन्हें क्या वस्तुयें निर्यात की जाती हैं ?

श्री टी० टी० कृष्णमाचारी : जब हम सत्र में जी० ए० टी० टी० पर चर्चा करें तब यह प्रश्न किया जा सकता है।

ट्रैक्टर

*१८३१. **श्री विश्व नाथ राय** : क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि द्वितीय पंच वर्षीय योजना के अन्तर्गत क्या भारत में सस्ते ट्रैक्टर बनाने की कोई योजना है ?

वाणिज्य मंत्री (श्री करमरकर) : यद्यपि द्वितीय पंच वर्षीय योजना के अन्तर्गत नहीं, तथापि औद्योगिक (विकास और विनियमन) अधिनियम के अधीन भारत में कृषि सम्बन्धी ट्रैक्टरों के प्रगतिपूर्ण निर्माण के लिये दो आवेदन आये हैं जो विचाराधीन हैं।

श्री विश्व नाथ राय : बनाये जाने वाले ट्रैक्टर का मूल्य कितना होगा ?

श्री करमरकर : इसकी मुझे कोई जानकारी नहीं है।

श्री विश्व नाथ राय : वास्तविक निर्माण कब प्रारम्भ होगा ?

श्री करमरकर : आवेदनों पर विचार होगा और यह योजना द्वितीय पंचवर्षीय योजना के साथ ली जायेगी। अतः एकाध वर्ष में काम शुरू होगा।

श्री एन० बी० चौधरी : क्या ये ट्रैक्टर धान क्षेत्रों के लिये भी अच्छे साबित होंगे जहां कीचड़ रहता है ?

अध्यक्ष महोदय : वह यह जानना चाहते हैं कि क्या ये ट्रैक्टर धान वाले क्षेत्रों के लिये उपयोगी सिद्ध होंगे।

श्री करमरकर : इसके लिये मुझे पूर्व सूचना की आवश्यकता है।

मुद्रकों, छपाई करने वालों, आदि को पुरस्कार

*१८३२. **श्री भागवत झा आजाद** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने यह योजना बनाई है कि मुद्रकों, प्रकाशकों और डिज़ाइन बनाने वालों को वार्षिक पुरस्कार दिया जाय;

(ख) यदि हां, तो ऐसे पुरस्कारों का उद्देश्य क्या है; और

(ग) ऐसे पुरस्कारों के साथ क्या शर्तें रहेंगी ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (डा० केसकर) : (क) और (ख). हां श्रीमान्, ऐसे पुरस्कारों का उद्देश्य, मुद्रण, प्रकाशन और डिज़ाइन बनाने के मानों में सौन्दर्य बढ़ाना और प्रोत्साहन देना है।

(ग) शर्तें आदि विवरण में दी गई हैं, जो सभा-पटल पर रखा जाता है। [**देखिये** परिशिष्ट ९, अनुबन्ध संख्या ५६]

श्री भागवत झा आजाद : प्रतियोगिता और प्रदर्शन के लिये सरकार द्वारा आमंत्रित नमूने राज्य सरकार द्वारा प्राप्त होंगे अथवा सीधे ही केन्द्रीय सरकार के पास आयेंगे और उनको किस प्रकार जांचा जायेगा ?

डा० केसकर : मैं बाद की बात समझ नहीं सका।

अध्यक्ष महोदय : इन भेजे गए नमूनों को यहां किस प्रकार जांचा जायेगा : क्या वे सीधे ही भारत सरकार के पास भेजे जायेंगे अथवा राज्य सरकारों द्वारा प्राप्त होंगे ?

डा० केसकर : ये नमूने सीधे ही भारत सरकार के पास भेजे जायेंगे ।

श्री भागवत झा आजाद : प्रतियोगिता के लिये भेजे जाने वाले इन नमूनों में जो उत्तीर्ण समझे जायेंगे उन पर किस प्रकार का पुरस्कार दिया जाने का विचार है ?

डा० केसकर : हम ने उस सम्बन्ध में अभी ठीक निश्चय नहीं किया है । किन्तु यह कोई पेचीदा प्रतियोगिता नहीं । वास्तव में हमारा यह अभिप्राय है कि छपाई, डिज़ाइन, आदि के अच्छी प्रकार के और अधिक कलात्मक नमूनों को प्रोत्साहन मिले ।

श्री एस० सी० सामन्त : क्या छपाई करने वालों की कोई अखिल भारतीय सन्था है, और क्या उसके साथ कोई सम्पर्क रखा गया है ?

डा० केसकर : इस प्रकार की सन्था के साथ सम्पर्क रखने की कोई विशेष आवश्यकता नहीं । किन्तु प्रत्येक व्यक्ति और इस प्रतियोगिता में रुचि रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति से बातचीत की जायेगी ताकि लोग अधिकतम संख्या में अपने सर्वश्रेष्ठ उत्पादनों को भेज सकें ।

श्री एस० सी० सामन्त : क्या यह सच नहीं है कि छपाई करने वाली इस सन्था में भारत के सभी छपाई उद्योगों का प्रतिनिधित्व है ?

डा० केसकर : हो सकता है कि यह बात सच हो ।

नदी घाटी परियोजना प्राविधिक कर्मचारीवर्ग समिति

*१८३४. **डा० राम सुभग सिंह** : क्या सिंचाई और विद्युत् मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नदी घाटी परियोजना प्राविधिक कर्मचारीवर्ग समिति ने अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है;

(ख) यदि हां, तो क्या तब से सरकार ने उसे जांचा है; और

(ग) इस प्रतिवेदन की कौन सी सिफारिशों को कार्यान्विति के लिये स्वीकार किया गया है ?

सिंचाई और विद्युत् उपमंत्री (श्री हाथी) : (क) नहीं, श्रीमान् ।

(ख) और (ग). प्रश्न उत्पन्न नहीं होते ।

डा० राम सुभग सिंह : क्या उक्त समिति ने कोई अन्तरिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है ?

श्री हाथी : उन्होंने एक अन्तरिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है ।

डा० राम सुभग सिंह : क्या उस प्रतिवेदन में नदी घाटी परियोजनाओं के लिये अपेक्षित प्राविधिक कर्मचारीवर्ग के सम्बन्ध में कोई सिफारिश की गई है और, यदि हां, तो उक्त सिफारिश का क्या स्वरूप है ?

श्री हाथी : उन्होंने १९५५ से १९६१ तक के लिये अपेक्षित स्नातकों की संख्या का एक सरसरी प्राक्कलन तैयार किया है ।

डा० राम सुभग सिंह : क्या नदी घाटी परियोजनाओं के लिये भारत सरकार के पास एक अखिल भारतीय इंजीनियर पदाली बनाने का प्रस्ताव है ?

श्री हाथी : सिंचाई और विद्युत् इंजीनियरों की उभयपक्षीय सेवा का प्रस्ताव विचाराधीन है ।

भारत–फ्रांसीसी करार

*१८३५. **सरदार अकरपुरी** : क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत-फ्रांसीसी करार के अन्तर्नियम ३ और १७ के अनुसार भारत

सरकार ने शासनमुक्त होने वाली पाण्डिचेरी स्थित फ्रांसीसी सरकार के सभी दायित्वों को संभालने का इक़रार किया था; और

(ख) यदि हां, तो विलय से पहले फ्रांसीसी अधिकारियों द्वारा जारी की गई आयात अनुज्ञप्तियों का अब तक पुनर्मान्यीकरण क्यों नहीं हुआ है ?

वाणिज्य मंत्री (श्री करमरकर) : (क) हां, श्रीमान् ।

(ख) विलय से पहले फ्रांसीसी अधिकारियों द्वारा जारी की गई सभी आयात अनुज्ञप्तियां जो विलय की तारीख को मान्य थीं, पाण्डिचेरी स्थित आयात तथा निर्यात के मख्य नियंत्रक द्वारा प्रार्थना-पत्र प्राप्त होने पर पुनः मान्यीकृत की गई ।

सरदार अकरपुरी : क्या सरकार को मालूम है कि फ्रांसीसी सरकार ने दीर्घकालीन आयात के लिये कई ग़ैर-सरकारी सार्थों के साथ क़रार किये थे और क्या सरकार इन क़रारों पर विचार करेगी और उन पर खण्ड ३ लागू करेगी ?

श्री करमरकर : मैं समझता हूं कि माननीय सदस्य उन प्रविष्टियों की ओर संकेत कर रहे हैं जो फ्रांसीसी सरकार ने खुले बाज़ार में विदेशी विनिमय (मुद्रा) का क्रय करने वालों की प्रार्थना-पत्र पर की हैं ।

जहां तक इस प्रकार की प्रविष्टियों का सम्बन्ध है, हम इन सभी मामलों पर उनके गुणावगुणों के अनसार ही विचार करते हैं।

श्री रामचन्द्र रेड्डी : क्या सरकार ने इस बात की जांच की है कि १ अक्तूबर, १९५४ से पहले पुरानी आयात अनुज्ञप्तियों के मूल्य की केवल एक तिहाई का पुनःमान्यीकरण हुआ है ?

श्री करमरकर : १–११–५४ से पहले के नियमों के अनुसार उन सभी अनुज्ञप्तिधारियों को, जिनके नाम फ़्रांसीसी अधिकारियों ने अनुज्ञप्तियां जारी की थीं, बताया गया था कि वे भारतीय आयात-नियंत्रक को प्रार्थना-पत्र भेजें और मुझे पता चला है कि इस सूचना के अनुसार इस प्रकार पुनःमान्यीकरण के ७१७ प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए तथा ४४ लाख रुपये के मूल्य के ६७७ प्रार्थना-पत्रों का पुनः मान्यीकरण हुआ । शेष ४० अनुज्ञप्तियां इस तारीख से पहले ही समाप्त हो चुकी थीं अतः उनके पुनः मान्यीकरण का कोई भी प्रश्न उत्पन्न नहीं हुआ ।

१९४८ का औद्योगिक नीति संकल्प

***१८३७. डा० रामा राव** : क्या उत्पादन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का १९४८ के औद्योगिक नीति संकल्प का पुनर्विलोकन और रूपभेद करने का आयोजन है;

(ख) क्या प्रस्तावित रूपभेद केवल कोयले से सम्बन्ध रखता है अथवा संकल्प में उल्लिखित छः उद्योगों में से किसी एक से; और

(ग) कोयले के सम्बन्ध में उन खनिज पट्टों की संख्या कितनी है जो १० वर्ग मील से अधिक क्षेत्रफल के तथा २० वर्ष की अवधि से अधिक के हैं ?

उत्पादन मंत्री (श्री के० सी० रेड्डी) : (क) मोटे तौर पर यही कहा जा सकता है कि १९४८ का औद्योगिक नीति संकल्प अभी भी मान्य है ।

(ख) प्रश्न उत्पन्न नहीं होता ।

(ग) जानकारी इकट्ठी की जा रही है और प्राप्त होते ही सभा-पटल पर रखी जायेगी ।

डा० रामा राव : हम सरकारी क्षेत्र में २५० लाख टन कोयला पैदा करना चाहते हैं। गैर-सरकारी क्षेत्र में उत्पादन बढ़ाने के लिये

सरकार क्या करेगी ? क्या वह इस संकल्प के विरुद्ध नये लाइसेंस देगी ?

श्री के० सी० रेड्डी : ये मामले इस समय सरकार के विचाराधीन हैं और मेरे लिये अपने आप को वचनबद्ध करना उचित नहीं होगा ।

श्री टी० बी० विट्ठल राव : इस बात को ध्यान में रखते हुए कि गत तीन वर्षों से भारतीय माइनिंग एसोसियेशन (भारतीय खनन सन्था) ने यह प्रश्न उठाया है, क्या हम जान सकते हैं कि कोयला सम्बन्धी प्रश्न के बारे में नीति कब घोषित की जायेगी ?

श्री के० सी० रेड्डी : बहुत शीघ्र ।

श्री कामत : क्या यह सच नहीं है कि आवडी संकल्प में कोई ऐसी नई बात नहीं जिस के कारण पुरानी आर्थिक नीति को बदलना आवश्क हो ।

अध्यक्ष महोदय : मैं ने इस प्रश्न के अभिप्राय को नहीं समझा ।

श्री टी० बी० विट्ठल राव : कोयले के सम्बन्ध में अस्थायी प्रस्ताव के अनुसार द्वितीय पंच वर्षीय योजना के अधीन हमें लक्ष्य का लगभग २५ प्रतिशत सरकारी क्षेत्र द्वारा प्राप्त करना है । तो इस संकल्प को संशोधित किये बिना गैर-सरकारी क्षेत्र लक्ष्य का ७५ प्रतिशत कैसे प्राप्त कर उकता है ?

श्री के० सी० रेड्डी : मैं उस पूर्व धारणा को नहीं समझा जिस पर माननीय सदस्य का प्रश्न आधारित है ।

अध्यक्ष महोदय : पूर्वधारणा यह प्रतीत होती है कि सरकारी क्षेत्र के लिये २५ प्रतिशत निश्चित किया जायेगा । नीति में संशोधन किये बिना गैर-सरकारी क्षेत्र शेष ७५ प्रतिशत उत्पादन कैसे करेंगा ?

श्री के० सी० रेड्डी : माननीय सदस्य की पूर्वधारणा गलत है ।

श्री मेघनाद साहा : क्या १९४८ के औद्योगिक नीति संकल्प का अनुसरण किया गया है या उल्लंघन ?

श्री के० सी० रेड्डी : जितना हो सकता था इसका अनुसरण किया गया ।

भावनगर में तेल शोधन कारखाना

*१८३८. **श्री टी० बी० विट्ठल राव**: क्या उत्पादन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने मैसर्ज़ क्रेब्स ए–सी नाम के फ्रांसीसी सार्थ की ओर से किये गये भावनगर में एक चौथा तेल शोधन कारखाना स्थापित करने के प्रस्ताव की जांच की है;

(ख) यदि हां, तो इस मामले में क्या निर्णय किया गया है; और

(ग) क्या प्रस्ताव की शर्तों की एक प्रति सभा-पटल पर रखी जायेगी ?

उत्पादन मंत्री (श्री के० सी० रेड्डी) : (क) एक उद्योगपति से सौराष्ट्र की सरकार द्वारा भावनगर में एक तेल शोधन कारखाना स्थापित करने का केवल एक प्रारम्भिक प्रस्ताव प्राप्त हुआ है । प्रतीत होता है कि मैसर्ज़ क्रेब्स ने परियोजना में टेकनिकल और वित्तीय सहयोग देने का प्रस्ताव किया है । विस्तृत जांच के लिये पूरी जानकारी देने वाले प्रस्ताव की अभी प्रतीक्षा की जा रही है ।

(ख) और (ग). प्रश्न उत्पन्न नहीं होते ।

श्री टी० बी० विट्ठल राव : क्या सरकार का भारत में चौथा तेल शोधन कारखाना स्थापित करन का विचार है ?

श्री के० सी० रेड्डी : इस सम्बन्ध में अभी कोई निर्णय नहीं किया गया ।

श्री टी० बी० विट्ठल राव : क्या सरकार का ध्यान मद्रास के मुख्य मंत्री के इस वक्तव्य

की ओर दिलाया गया है कि उन्होंने केन्द्रीय सरकार से प्रार्थना की है कि चौथा तेल शोधन कारखाना मद्रास राज्य में स्थापित किया जाये; यदि हां, तो भारत सरकार का क्या प्रत्युत्तर है ?

श्री के० सी० रेड्डी : मुझे इस का ज्ञान नहीं है; संभवतः उन्होंने योजना आयोग को लिखा होगा ।

श्री मेघनाद साहा : क्या माननीय मंत्री को विदित है कि १९४८ की औद्योगिक नीति घोषणा के अनुसार भारत सरकार को अधिकांश महत्वपूर्ण उद्योगों का पूंजीकरण करना होगा और क्या यह सच नहीं है कि इन सब तेल शोधन कारखानों के मामले में अधिकांश पूंजी भारत के बाहर से आमंत्रित की गई है ?

प्रधान मंत्री तथा वैदेशिक कार्य मंत्री (श्री जवाहरलाल नेहरू) : मेरे विचार में यदि माननीय सदस्य संकल्प को ध्यान से पढ़ें, तो वह देखेंगे कि उस में इस प्रकार का कोई निश्चित विवरण नहीं है । इस संकल्प पर और विचार किया गया है और कुछ अग्रेतर स्पष्टीकरण भी हुआ है । अस्पष्ट मामलों की चर्चा करना कठिन है, क्योंकि इनका निर्णय नहीं किया जा सकता ।

श्री जोकीम आल्वा : इस प्रस्तावित क़रार की, जो इस मामले में किया जायेगा, जांच करते हुए क्या सरकार यह ध्यान में रखेगी कि तेल शोधन समवायों के साथ किये गये गत करार के दौरान में जो गलती हुई थी, वह फिर न हो और क्या सरकार शोधित तेल के परिवहन का अधिकार केवल भारतीय तेलवाहक जहाज़ों के लिये सुरक्षित रखेगी ?

श्री के० सी० रेड्डी : माननीय सदस्य बहुत पूर्वाधारण कर रहे हैं । उन्हें अपने विस्तृत प्रस्ताव देने हैं । सारे मामले पर विचार के समय माननीय सदस्य के सुझाव को ध्यान में रखा जायेगा ।

गोआ में भारतीय जलयानों का निरोध

***१८४०. श्री एम० डी० जोशी** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत स बहुत से जलयान जो कि १९५३ और १९५४ में गोआ के तट से गोआ की बन्दरगाहों में जहाज़ों तक सामान ले जाने के लिये प्रयोग में लाये जाते थे, बहुत समय तक गोआ की सीमा के अन्दर निरुद्ध रखे गये थे और उन्हें बिना किसी दोष के भारत में अपने स्थानों पर वापस नहीं आने दिया गया था;

(ख) यदि हां, तो उनकी संख्या क्या है और उनको गोआ प्राधिकारियों ने कितनी देर तक निरुद्ध रखा था;

(ग) उन में से कितनों को अब अपने स्थानों पर वापस आने दिया गया है;

(घ) क्या यह सच है कि इन जलयानों के स्वामियों ने इस अनुचित निरोध के बारे में भारत सरकार से शिकायतें की थीं; और

(ङ) यदि हां, तो सरकार ने इस मामले में क्या पग उठाये हैं ?

वैदेशिक कार्य उपमंत्री (श्री अनिल के० चन्दा) : (क) से (ङ). अगस्त, १९५४ में पुर्तगाली प्राधिकारियों द्वारा भारतीयों को सहसा निकाल देने के कारण ३५ भारतीय जलयानों को गोआ में रुकना पड़ा था । इन जलयानों के स्वामियों और नाविकों से प्राप्त शिकायतें जांच के लिये गोआ में भारत के महावाणिज्य-दूत को भेज दी गई थीं और उनसे कहा गया था कि वह कर्मचारियों के लिये अपने जलयान गोआ में जा कर भारत वापस लाने के लिये यात्रा सुविधायें प्राप्त करें ।

पुर्तगाली प्राधिकारियों ने सुविधायें देने की इच्छा प्रकट की थी, किन्तु उन्होंने विलम्बकारी तरीके अपनायें और अन्त में केवल

४ व्यक्तियों को दृष्टांक देना स्वीकार किया। पुर्तगाली प्राधिकारियों के साथ बातचीत के दौरान में बिगड़ती हुई राजनीतिक स्थिति के कारण महावाणिज्य-दूत को वापस बुला लिया गया था। अतः सरकार यह जानकारी नहीं दे सकती कि कितने जलयान अभी गोआ में रुके पड़े हैं।

श्री एम० डी० जोशी : क्या सरकार ने इस बात की जांच की है कि निरोध के कारण जहाज़ी सामान के परिवहन को कितनी हानि हुई है ?

श्री अनिल के० चन्दा : जैसा कि मैं ने कहा है, हम निश्चित रूप से नहीं कह सकते कि कितने जलयान रुके हुए हैं। किन्तु पहले ३५ जलयान रुके हुए थे और इन में से प्रत्येक का मूल्य ८,००० रुपये से २५,००० रुपये तक है।

श्री एम० डी० जोशी : सरकार इस मामले में क्या कार्यवाही करेगी ?

श्री अनिल के० चन्दा : स्पष्ट है कि हम इस समय कोई कार्यवाही नहीं कर सकते।

श्री एम० डी० जोशी : क्या यह सच है कि गोआ के निकट समुद्र में इन जहाज़ों के सामान आदि की रक्षा का कोई प्रबन्ध किये बिना इन्हें गोआ पत्तन से निकाल दिया गया था ?

श्री अनिल के० चन्दा : मैं ने अपने उत्तर में कहा है कि इन्हें अकस्मात् गोआ से निकाल दिया गया था।

श्री बी० एस० मर्त्ति : इस बात की व्यवस्था करने के लिये कि अन्य लोग इन जहाज़ों का प्रयोग न करें, क्या पग उठाये जा रहे हैं ?

श्री अनिल के० चन्दा : वहां हमारा प्रतिनिधि नहीं हैं। हम क्या कर सकते हैं ?

आदिम जाति कल्याण योजनायें

*१८४१. **श्री देवगम** : क्या योजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राज्यों से जानकारी न मिलने के कारण, आदिम जाति कल्याण योजनाओं की क्रियान्विति के सम्बन्ध में पहली पंच वर्षीय योजना के कार्य का अनुमान लगाने में कठिनाई हो रही है;

(ख) क्या यह सच है कि बहुत कम राज्यों के पास अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिमजातियों के कल्याण की योजनायें हैं; और

(ग) यदि हां, तो केन्द्रीय सरकार का इन योजनाओं को राज्य सरकारों द्वार क्रियान्वित कराने के लिये क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

योजना उपमंत्री (श्री एस० एन० मिश्र) : (क) कुछ मामलों में विभिन्न आदिम जाति कल्याण योजनाओं की क्रियान्विति में की गई प्रगति के बारे में पूरी जानकारी नहीं मिली ; रज्य सरकारों से कहा गया है कि वे यह जानकारी दें।

(ख) जी नहीं। लगभग सभी राज्यों का अपनी पहली योजना में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के कल्याण के लिये कार्यक्रम हैं। तथापि कुछ मामलों में योजनायें वर्ष प्रतिवर्ष तदर्थ आधार पर बनाई गई थीं।

(ग) अभी हाल में अब तक की प्रगति का पुनर्विलोकन करने के लिये और दूसरी योजना के प्रस्तावों के लिये आधार तय करने के लिये योजना आयोग ने लगभग छः राज्यों का, जिन की बड़ी बड़ी कल्याण योजनायें हैं, एक सम्मेलन बुलाया था। इस सम्मेलन के सुझावों और सिफ़ारिशों को सब राज्यों में परिचालित किया गया हैं, ताकि वे दूसरी

पंचवर्षीय योजना के अधीन विभिन्न योजनायें बनाने और क्रियान्वित करने में सहायता प्राप्त कर सकें ।

श्री देवगम : क्या आदिम जातियों के कल्याण की इन योजनाओं में सिंचाई की योजनायें भी सम्मिलित हैं ?

श्री एस० एन० मिश्र : मेरा ख्याल है कि सिंचाई की योजनायें आम तौर पर कल्याण की योजनाओं में नहीं आ सकतीं ।

श्री देवगम : क्या सरकार को मालूम है कि केवल कुछ योजनाओं को छोड़ कर सारी लघु योजनायें असफल हो गई हैं ?

श्री एस० एन० मिश्र : असफलता की सूचना तो हमें नहीं मिली है, बल्कि कामयाबी की ही सूचना मिली है ।

श्री देवगम : क्या सरकार को यह बात मालूम है कि श्री श्रीकान्त की रिपोर्ट में यह सूचना सम्मिलित है कि वे योजनायें असफल हो गई हैं ?

श्री एस० एन० मिश्र : पहले जो काम की गति कम थी, उसकी तरफ उनकी रिपोर्ट में ध्यान दिलाया गया है, लेकिन इधर हमारा काम बड़ी तेजी से बढ़ा है और प्रथम पंचवर्षीय योजना में जिन कामों को किया जाना था, वे बहुत हद तक हो जायेंगे ऐसी उम्मीद है ।

ठाकुर युगल किशोर सिंह : कल्याण सम्बन्धी कार्यों में कौन-कौन सी योजनायें सम्मिलित की गई हैं ?

श्री एस० एन० मिश्र : सारी तफ़सीलात में जाने में तो बहुत समय लगेगा, अगर माननीय सदस्य कुछ सूचना चाहते हैं, तो मैं बाद में दे सकूंगा ।

श्री एन० एल० जोशी : क्या मैं जान सकता हूं कि कौन-कौन से राज्यों से पूरी सूचना नहीं आई है ?

श्री एस० एन० मिश्र : जिस तरह की सूचना हम चाहते थे और नियमित रूप से चाहते थे, उस तरह की सूचना बहुत से राज्यों से नहीं आई है, इसलिये यहां पर किसी का नाम लेना मुनासिब नहीं है ।

विस्थापित व्यक्तियों को प्रतिकर

***१८४३. सरदार इकबाल सिंह** : क्या **पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अन्तरिम प्रतिकर योजना के अधीन अब तक कितने विस्थापित व्यक्तियों को प्रतिकर दिया गया है; और

(ख) उन्हें कुल कितनी राशि दी गई है ?

पुनर्वास उपमंत्री (श्री जे० के० भोंसले) : (क) ३१-७-५५ तक ६२,३२४ विस्थापित व्यक्तियों को प्रतिकर दिया गया है । ये उन ११,५०० दावेदारों के अतिरिक्त हैं जिन्हें २,२९,४७५ एकड़ भूमि दी गई है, और ३३,८५,६७६ रुपये की बगीचे की भूमि दी गई है ।

(ख) १८,१२,३५,२०५ रुपये दिये गये हैं; जिसका ब्योरा यह है :

	रुपये
(१) नकदी में	१२,७४,७९,३४८
(२) सम्पत्ति के हस्तांतरण द्वारा	२,९४,८१,७५०
(३) सरकारी देय के समायोजन द्वारा	२,४२,७४,१०७
योग	१८,१२,३५,२०५

सरदार इकबाल सिंह : सरकार उस नई प्रतिकर योजना को जो सभा ने हाल में पारित की है कब प्रवर्तित करेगी; क्या वह उन व्यक्तियों पर रोक नहीं लगायेगी जिन्होंने पहले वर्ष में अन्तरिम प्रतिकर लिया है ?

श्री जे० के० भोंसले : उन पर रोक नहीं लगाई जायगी, किन्तु जहां भी अन्तर होगा, वह दिया जायेगा ।

सरदार इकबाल सिंह : क्या सरकार यह प्रबन्ध करेगी कि छोटे दावेदारों को, जिन्हें अन्तरिम प्रतिकर दिया गया है, पहले वर्ष में रुपया दिया जाये ?

श्री जे० के० भोंसले: हम ने कल सभा में यही वक्तव्य दिया है ।

श्री एन० बी० चौधरी : मामलों की अधिक शीघ्रता से निपटाने की राह में क्या मुख्य कठिनाइयां हैं ?

श्री जे० के० भोंसले : उन नियमों को पारित करना, जो अभी कल ही पारित किये गये थे ।

बेघर लोगों के लिये निवास-स्थान

*१८४४. **ठाकुर युगल किशोर सिंह** : क्या निर्माण, आवास और संभरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह अनुमान लगाया गया है कि नगरों में बेघर लोगों की संख्या क्या है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इन्हें निवास-स्थान देने के लिये कोई योजना बनाई है ?

निर्माण, आवास और संभरण मंत्री (सरदार स्वर्ण सिंह) : (क) अभी नहीं ।

(ख) इन में से बहुत से राज्य सरकारों द्वारा गन्दी बस्तियों को साफ़ करने के आन्दोलन और अन्य सामाजिक कल्याण योजनाओं के अधीन आ जाने चाहियें ।

ठाकुर युगल किशोर सिंह : जिन लोगों का कोई घर-बार नहीं है, उन के बारे में आंकड़े क्यों नहीं तैयार किये जा रहे हैं ?

सरदार स्वर्ण सिंह : मैं ने यह नहीं कहा है कि ये आंकड़े तैयार नहीं किये जा रहे हैं—मैं ने कहा है कि वे तैयार नहीं किये जा सके हैं । इस बारे में स्टेट गवर्नमेंट्स को लिखा गया है और इस तरफ तवज्जह दिलाई गई है ।

ठाकुर युगल किशोर सिंह : कितने दिन पहले स्टेट गवर्नमेंट्स को इस तरह की सूचना दी गयी है ?

सरदार स्वर्ण सिंह : हाउसिंग मिनिस्टर्स कानफरेंस जो कि जून में हुई थी उसमें इस बात की चर्चा हुई थी और इस आशय का एक प्रस्ताव पेश हुआ था ।

श्री बी० एस० मूर्त्ति: बेघर लोगों को मकान देने के लिये केन्द्रीय सरकार ने राज्य सरकारों को क्या सहायता दी है ?

सरदार स्वर्ण सिंह : मुझे विश्वास है कि माननीय सदस्य को औद्योगिक क्षेत्र की आवास योजना और सामान्य आवास योजना का पूरा ज्ञान है । इस समय इस प्रकार की सहायता दी जा रही है ।

श्री टी० बी० विट्ठल राव : गत जून में हुए आवास मंत्रियों के सम्मेलन में, मंत्री महोदय ने ज्योतिष की सी बहुत बड़ी संख्या बताई थी । क्या यह किसी अस्थायी योजना पर आधारित थी या यह स्थिति का मोटे तौर पर अनुमान था ?

सरदार स्वर्ण सिंह : "ज्योतिषिक" शब्द का महाव स्वीकार करना मेरे लिये कठिन है । किन्तु यह मानी हुई बात है कि देश में मकानों की काफ़ी कमी है । कुछ अस्थायी आंकड़ों को ध्यान में रखा गया था । इसका उद्देश्य यह बताना था कि देश में मकानों की वर्तमान कमी को अत्यधिक तेजी से मकान बना कर भी दूर नहीं किया जा सकता ।

अस्पृश्यता पर फिल्म (चलचित्र)

*१८४५. **श्री काजरोल्कर:** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंग कि :

(क) क्या यह सच है कि अस्पृश्यता को दूर करने के लिये सरकार का शिक्षात्मक फिल्में बनाने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो इसे कब क्रियान्वित किया जायेगा; और

(ग) फिल्में किन भाषाओं में बनाई जायेंगी ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (डा० केसकर) : (क) जी हां ।

(ख) "अधिक अच्छे समाज की ओर" नामक एक प्रलेखीय फिल्म १९५३ में बनाई और वितरित की गई थी। "हरिजन कल्याण" नामक एक और फिल्म तैयार हो रही है । एक पूरी लम्बाई की फिल्म बनाने का प्रश्न भी विचाराधीन है ।

राज्य सरकारों द्वारा बनाई गई फिल्मों का समन्वय करन का प्रबन्ध भी किया जा रहा है ।

(ग) फिल्म विभाग की प्रलेखीय फिल्में, पांच भाषाओं, अर्थात् अंग्रेजी, हिन्दी, बंगाली तामिल और तेलगू में बनाई गई हैं ।

श्री काजरोल्कर : क्या सरकार का विचार इस चित्र को १६ एम०एम० के फिल्म में सारी भारतीय भाषाओं में बनाने का है जिससे कि इसे सम्पूर्ण देश में सिनेमा गाड़ियों में दिखाया जा सके ?

डा० केसकर : हम निश्चय ही इन चित्रों को अन्य भारतीय भाषाओं में भी बनाने का प्रयत्न करेंगे । मैं माननीय मित्र को बताना चाहता हूं कि हमारा विचार इस प्रकार कम से कम एक चित्र प्रति वर्ष बनाने का है। साधारणत: सभी चित्रों को, जो ३५ एम० एम० में बनते हैं, १६ एम० एम० में भी तैयार किया जाता है ।

श्री धुसिया : क्या सरकार ऐसे चित्रों को बनाने में परामर्श देने के लिये कुछ अछूतों को भी लेने पर विचार कर रही है ?

डा० केसकर : ऐसे चित्रों का उद्देश्य अस्पृश्यता का अन्त कराना है । यह बड़ा दुष्कर और कठिन प्रश्न है, ऐसे चित्र बनाने में विभिन्न लोगों से सम्मति लेने का प्रश्न ही नहीं है । प्रश्न तो यह है कि हमें यह देखना है कि जो लोग अस्पृश्यता की समाप्ति के विरुद्ध हैं और अस्पृश्यता को व्यवहार में ला रहे हैं उन पर चित्र का क्या प्रभाव पड़ेगा और यह भी देखना है कि वे प्राचीन काल की परम्पराओं को छोड़ते हैं या नहीं ।

श्री बी० एन० मिश्र : क्या सरकार सिनेमाघरों में दिखाने के लिये इन चित्रों का वितरण करने पर कुछ शुल्क वसूल करेगी अथवा नि:शुल्क देगी ?

डा० केसकर : जहां तक साधारण सिनेमाओं का सम्बन्ध है जो वाणिज्यिक फिल्में दिखाते हैं, उनको ये चित्र अन्य प्रलेख चित्रों के नियमों के अनुसार ही दिये जायेंगे ।

सुअर आदि के बाल

*१८४६. **श्री धुसिया** : क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत में वे राज्य कौन-कौन से हैं जिनमें सुअर आदि के बाल बहुतायत में होते हैं; और

(ख) इनका किन-किन विभिन्न प्रयोजनों के लिये उपयोग किया जाता है ?

वाणिज्य मंत्री (श्री करमरकर) :(क) उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश ।

(ख) सुअर आदि के बालों का उपयोग विभिन्न प्रकार के ब्रुशों, जैसे सौन्दर्य प्रसाधन, फर्श बनाने, पालिश और चित्र बनाने के ब्रुश, को बनाने में, क्रिकेट की गेंदों पर लपेटने और ढकने तथा जूते के तलों की सिलाई आदि में होता है ।

श्री धुसिया : इनकी खपत हमारे देश में होती है अथवा विदेशों में ?

श्री करमरकर : जो चीज़ें हमारे देश में बनती हैं उनमें उनकी खपत यहां होती है और जो विदेशों में बनती हैं उनमें उनकी खपत विदेशों में होती है ।

श्री धुसिया : हमारे देश के वे भिन्न-भिन्न भाग कौन से हैं जहां उनका उपभोग निर्माण कार्यों में किया जाता है ?

श्री करमरकर : इसके विषय में मैं पूर्व सूचना चाहूंगा ।

पांडिचेरी में विकास कार्य

*१८४७. **श्री के० सी० सोधिया :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इस वर्ष पांडिचेरी राज्य के आयव्ययक में विकास कार्य के लिये ५० लाख रुपये से अधिक का उपबन्ध किया गया है;

(ख) यदि हां, तो इस व्यय का ब्योरा क्या है;

(ग) क्या पांडिचेरी राज्य में कोई सामुदायिक विकास परियोजनायें चालू हैं; और

(घ) यदि हां, तो उनकी संख्या कितनी है ?

वैदेशिक कार्य उपमंत्री (श्री अनिल के० चन्दा) : (क) हां ।

(ख) एक विस्तृत विवरण सभा पटल पर रखा है । [देखिये परिशिष्ट ९, अनुबन्ध संख्या ५७] । चालू वर्ष के आयव्ययक में ५०·१४ लाख रुपया रखा गया है ।

(ग) हां ।

(घ) दो ।

श्री के० सी० सोधिया : क्या ये विकास कार्य भारत के अन्य भागों में होने वाले कार्यों के समान ही हैं ?

श्री अनिल के० चन्दा : यह प्रश्न राष्ट्रीय विस्तार सेवा खण्डों के सम्बन्ध में है अथवा सामान्य विकास कार्य के सम्बन्ध में ?

अध्यक्ष महोदय : मैं समझता हूं कि यह सामान्य विकास के सम्बन्ध में है ।

श्री अनिल के० चन्दा : स्पष्टतः, यह कार्य उसी प्रकार का होगा जैसा कि भारत के अन्य भागों में हो रहा है ।

श्री के० सी० सोधिया : पांडिचेरी के लिये जो दो खण्ड मंजूर किये गये हैं, क्या वे इस प्रयोजन के लिये पर्याप्त हैं ?

श्री अनिल के० चन्दा : वहां की जनसंख्या ढाई लाख से अधिक नहीं है ।

धुलाई

*१८४८. **श्री बी० डी० शास्त्री :** क्या **निर्माण, आवास और संभरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नार्थ और साउथ एवेन्यू, नई दिल्ली के फ्लेटों में कपड़े (पर्दे आदि) की धुलाई के लिये केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग की एक फर्म को उस दर से अधिक पैसे देने पड़ते हैं, जिस दर से पहले स्थानीय धोबियों को धुलाई दी जाती थी; और

(ख) यदि हां, तो इसका कारण क्या है ?

निर्माण, आवास और संभरण मंत्री (सरदार स्वर्ण सिंह) : (क) जी, हां ।

(ख) फर्म की धुलाई का काम ऊंचे दर्जे का है। फर्म कोई भी खराबी या खो जाने की जिम्मेदारी भी लेती है ।

श्री बी० डी० शास्त्री : मैं यह जानना चाहता हूं कि इसके पहले इस कम्पनी को कपड़े किस रेट पर दिये जाते थे और अब उसी कम्पनी को किस रेट से दिये जाते हैं ?

सरदार स्वर्ण सिंह : यह तो बहुत ही छोटा मामला है। इसमें सारा पंद्रह बीस रुपये का फर्क पड़ता है। मैं नहीं समझता कि इतने छोटे मसले के लिये हाउस का वक्त जाया किया जाय ।

अखिल भारतीय खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड

***१८४६. श्री बी० एस० मूर्ति :** क्या **उत्पादन** मंत्री यह बताने कि कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आन्ध्र में अखिल भारतीय खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की कोई शाखा है ;

(ख) यदि हां, तो उसके कार्य, विशेषकर स्थानीय घरेलू धन्धे जैसे "कोंडापल्ली खिलौने" के सम्बन्ध में, क्या हैं; और

(ग) इस कार्य के लिये १९५४–५५ में और १९५५–५६ में अब तक कितना अनुदान दिया गया है ?

उत्पादन उपमंत्री (श्री सतीश चन्द्र) : (क) जी नहीं। खादी उद्योग के विकास के लिये बोर्ड अपने कार्य प्रमाणित खादी संस्थाओं के द्वारा और ग्रामोद्योगों के विकास के लिये सहकारी संस्थाओं और पंजीबद्ध संस्थाओं के द्वारा करता है। बोर्ड का उप-प्रदेशीय निदेशक जिसका मुख्यालय काकिनादा में है, आन्ध्र सरकार द्वारा स्थापित राज्य बोर्ड में केन्द्रीय बोर्ड का प्रतिनिधित्व करता है और दोनों के बीच समन्वयकारी सम्पर्क का कार्य करता है ।

(ख) खादी के उत्पादन और बिक्री के अतिरिक्त बोर्ड ने पंजीबद्ध निकायों को राज्य के गांवों में चमड़ा, तेल और हाथ से धान कूटने के उद्योगों के विकास के लिये वित्तीय सहायता दी है। "कोंडापल्ली खिलौने" के विकास का कार्य खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा न किया जा कर अखिल भारतीय दस्तकारी बोर्ड ने अपने हाथों में लिया है। स्थानीय खिलौने निर्माता सहकारी संस्था की सहायता से खिलौने बनाने की कला में प्रशिक्षण देने के लिये एक योजना आरम्भ की गई है ।

(ग) १९५४–५५ में "कोंडापल्ली खिलौनों" के विकास के लिये ५,००० रुपये का अनुदान मंजूर किया गया था। १९५५–५६ में खिलोने बनाने की कला में प्रशिक्षण देने की योजना के लिये ५,४०० रुपये की राशी मंजूर की गई है ।

श्री बी० एस० मूर्ति : खादी बोर्ड के अधीन किन-किन केन्द्रों में चमड़ा कमाने का उद्योग चल रहा है ?

श्री सतीश चन्द्र : मैं अभी केन्द्रों के नाम नहीं बता सकता। खादी बोर्ड सामान्यत: उन स्थानों में ऐसा कार्य करता है जहां उनके अपने काम करने वाले हों और जहां विकास की सम्भावना हो ।

श्री बी० एस० मूर्ति : सहायता वैयक्तिक आधार पर दी जा रही है अथवा सहकारिता के आधार पर ?

श्री सतीश चन्द्र : खादी बोर्ड केवल मान्यताप्राप्त संस्थाओं और सहकारी संस्थाओं को अनुदान और ऋण देता है ।

श्री बी० एस० मूर्ति : क्या ये "कोंडापल्ली खिलौने" विदेश भी भेजे जाते हैं, और यदि हां, तो किन-किन देशों को ?

श्री सतीश चन्द्र : मुझे जानकारी नहीं है, किन्तु मैं नहीं समझता कि उनका निर्यात किया जा रहा है। उक्त उद्योग के विकास करने और अधिक लोगों को प्रशिक्षण देने के लिये अब प्रयत्न किया जा रहा है ।

श्री भागवत झा आज़ाद : १९५४–५५ में जो अनुदान दिया गया है उसके परिणाम-स्वरूप उत्पादन के इस क्षेत्र में कितने प्रतिशत वृद्धि हुई है ?

श्री सतीश चन्द्र : यह प्रश्न आँन्ध्र के सम्बन्ध में है । मेरे पास प्रतिशतता तो नहीं किन्तु यदि माननीय सदस्य चाहें तो मैं उत्पादन के आंकड़े बता सकता हूं । १९५५–५६ में ४५,५०,००० रुपये के मूल्य की खादी उत्पादन करने का लक्ष्य निश्चित किया गया है ।

तम्बाकू उद्योग

*१८५०. **डा० सत्यवादी** : क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय भारत में तम्बाकू के उत्पादन में कितने विदेशी कम्पनीयां लगी हुई हैं और उनमें कितनी विदेशी पूंजी लगाई गयी है ;

(ख) क्या उन कम्पनीयों में भारतीय पूंजी भी लगाई गई है ; और

(ग) यदि हां, तो वह कितने प्रतिशत ?

वाणिज्य मंत्री (श्री करमरकर) : (क) कोई नहीं, जहां तक कि सरकार को पता है । परन्तु यह कहा जा सकता है कि एक विदेशी कम्पनी तम्बाकू को तैयार करने का (क्योर करने का) काम कर रही है ।

(ख) तथा (ग) ये प्रश्न उठते ही नहीं ।

डा० सत्यवादी : सिगरेट वगैरह बनाने का काम भी कोई कम्पनी कर रही है ?

श्री करमरकर : जी हां, १७ कम्पनीयां सिगरेट बनाने का काम कर रही हैं ।

डा० सत्यवादी : इन कम्पनीयों में हिन्दुस्तानी और गैर मुल्की सरमाये (पूंजी) का क्या तनासुब है ?

श्री करमरकर : उनमें से ८ फैक्टरियां तो हिन्दुस्तानी हैं, १ फैक्टरी प्रीडोमिनेंटली हिन्दुस्तानी है, १ थोड़ी फ़ौरेन है और १ में पूंजी का कुछ अंश भारतीय अंशदान के लिये रखा गया है और बाकी जो ७ फ़ैक्टरियां रह गयीं उनमें सब में फ़ौरेन इन्वेस्टमैंट है ।

श्री रामचन्द्र रेड्डी : तम्बाकू के क्षेत्र में उत्पादन के अतिरिक्त अन्य चीज़ों पर लगभग कितनी विदेशी पूंजी लगी हुई है ?

श्री करमरकर : क्या वह भारतीय बनाम विदेशी पूंजी का अनुपात जानना चाहते हैं ?

अध्यक्ष महोदय : उत्पादन के अतिरिक्त अन्य चीज़ों पर लगी पूंजी ।

श्री करमरकर : मैं पूर्व सूचना चाहूंगा ।

श्री के० के० बसु : विदेशी सिगरेट निर्माताओं की तुलना में पूर्णरूपेण अथवा अंशिक रूप में भारतीय स्वामित्व के समवायों द्वारा सिगरेट उत्पादन का क्या अनुपात है ?

श्री करमरकर : तम्बाकू का उत्पादन ?

श्री के० के० बसु : मैं सिगरेट के विषय में पूछ रहा हूं ।

श्री करमरकर : मेरे पास यहां इसकी जानकारी नहीं है और इस प्रश्न का उत्तर देने के लिये मैं पूर्व सूचना चाहूंगा ।

श्री जोकीम आल्वा : क्या सरकार ने इम्पीरियल टोबैको कम्पनी की कभी जांच की है जो कि एक भयानक मूल्य संघ है और जिसने एक सर्वोत्तम भारतीय कारखाने को हड़पने की चेष्टा की है, जो हैदराबाद में चार मीनार सिगरेट बनाया करता था । दूसरे क्या सरकार ने भारत में जर्मन अथवा ज़ेकोस्लोवेकिया को मशीनों का आयात करके भारतीय पूंजी और भारतीय कारीगरों के द्वारा यहां सिगरेट बनाने के लिये भारतीय

फर्मों को प्रोत्साहन देने की सम्भावना की जांच की है ?

श्री करमरकर : मैं अत्यन्त आदर के साथ निवेदन करता हूं कि यह बात इस प्रश्न से सर्वथा असंगत है ।

द्वितीय पंचवर्षीय योजना

*१८५१. **श्री एम० एल० अग्रवाल** : क्या **योजना** मंत्री १६ अगस्त, १९५५ के तारांकित प्रश्न संख्या ७६७ के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि योजना आयोग ने उत्तर प्रदेश राज्य की द्वितीय पंचवर्षीय योजना के ७२५ करोड़ रुपये के प्रस्ताव में कटौती करके २६० करोड़ रुपये की राशि कर दी है ;

(ख) यदि हां, तो विभिन्न मदों में कितनी कितनी कटौती की गई है; और

(ग) इसके कारण क्या हैं ?

योजना उपमंत्री (श्री एस० एन० मिश्र) : (क) हां, योजना के मसौदे के पुनरीक्षण के लिये यह अंतर्कालीन सीमा रखी गई है ।

(ख) विभिन्न मदों के लिये इस राशि को बांट का प्रश्न उत्तरप्रदेश सरकार के विचाराधीन है ।

(ग) प्रश्न उत्पन्न नहीं होता ।

श्री एम० एल० अग्रवाल : क्या स्वीकृत योजना में भारी उद्योगों के लिये कोई व्यवस्था है, और यदि हां, तो वह राशि कितनी है ?

श्री एस० एन० मिश्र : सामान्य रूप में उद्योग के लिये योजना आयोग ने १५·१३ करोड़ रुपये की राशि का सुझाव दिया है ।

श्री एम० एल० अग्रवाल : इस योजना के अन्त में रोज़गार की क्या स्थिति होगी ?

श्री एस० एन० मिश्र : यदि माननीय सदस्य यह जानना चाहते हैं कि योजना के प्रहासित आकार के अनुसार रोजगार की क्या स्थिति होगी, तो हम अभी तक इसके आंकड़े नहीं निर्धारित कर सके हैं ।

श्री एम० एल० अग्रवाल: मैं यह जानना चाहता हूं कि इस योजना के अन्त में कितने लोगों को काम दिलाया जा सकेगा ?

अध्यक्ष महोदय : वह इस धारणा के अनुसार अभी आंकड़े नहीं निर्धारित कर सके हैं कि योजना का आकार घटा दिया है ।

श्री एम० एल० अग्रवाल : क्या सरकार इस बात का प्रयत्न करेगी कि उत्तर प्रदेश की जनसंख्या को देखते हुए उसके लोगों को भी अन्य राज्यों के समान ही काम मिलेगा ?

श्री एस० एन० मिश्र : मैं अभी तक इसकी तुलना नहीं कर सका हूं, किन्तु मेरी धारणा है कि उत्तर प्रदेश में स्थिति खराब नहीं है ।

श्री भक्त दर्शन : क्या मैं जान सकता हूं कि यह कृपादृष्टि केवल उत्तर प्रदेश पर ही की जा रही है या सभी राज्यों के लिये कोई फार्मूला निकाला गया है जिसके आधार पर यह कटौतियां की जा रही हैं ?

श्री एस० एन० मिश्र : न्यायपूर्वक प्रत्येक राज्य के साथ ऐसा ही किया जा रहा है ।

मंत्रणा बोर्ड

*१८५२. **श्री एन० बी० चौधरी** : क्या **पुनर्वास** मंत्री सभा पटल पर निम्न बातों के सम्बन्ध में एक विवरण रखने की कृपा करेंगे :

(क) विस्थापित व्यक्ति (प्रतिकर तथा पुनर्वास) अधिनियम, १९५४ में वर्णित प्रतिकर के भुगतान के सम्बन्ध में मंत्रणा बोर्ड ने क्या-क्या सिफ़ारिशें की हैं; और

(ख) उन पर सरकार ने क्या फैसला किया है ?

पुनर्वास उपमंत्री (श्री जे० के० भोंसले) : (क) बोर्ड की सिफारिशों को बताना लोक हित में नहीं है ।

(ख) प्रश्न उत्पन्न नहीं होता ।

श्री एन० बी० चौधरी : क्या जिन नियमों पर हम ने हाल में ही चर्चा की थी, वे सर्वसम्मति से स्वीकार किये गये थे या मंत्रणा बोर्ड के कुछ सदस्यों का कुछ बातों पर मतभेद था ?

श्री जे० के० भोंसले : हम ने बहुत सी सिफ़ारिशें, जो मंत्रणा बोर्ड ने की हैं, स्वीकार की हैं ।

श्री एन० बी० चौधरी : क्या यह सच है कि मंत्रणा बोर्ड के कुछ सदस्यों ने सिफ़ारिश की थी कि मकानों को 'न लाभ, न हानि' आधार पर बेचा जाये ?

अध्यक्ष महोदय : शान्ति, शान्ति ।

संयुक्त राष्ट्र संघ के घोषणापत्र का पुनरीक्षण

***१८५३. श्री कासलीवाल** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा के दसवें सत्र के कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र संघ के घोषणापत्र के पुनरीक्षण का विषय भी सम्मिलित किया गया है;

(ख) क्या सरकार ने अन्य सरकारों से इस विषय के कार्यक्रम रखने के बारे में कोई पत्र-व्यवहार किया है; और

(ग) क्या संयुक्त राष्ट्र संघ में लिये भारतीय प्रतिनिधि मंडल को हिदायत कर दी गई है कि वह घोषणापत्र के पुनरीक्षण पर ज़ोर दे ?

वैदेशिक कार्य उपमंत्री (श्री अनिल के० चन्दा) : (क) संयुक्त राष्ट्र संघ के महामंत्री ने सामान्य बैठक के दसवें सत्र की विषय सूची में संयुक्त राष्ट्र संघ के घोषणापत्र के पुनर्विलोकन के लिये संयुक्त राष्ट्र संघ के सदस्यों के सामान्य सम्मेलन का प्रस्ताव सम्मिलित किया है। घोषणापत्र के पुनरीक्षण का वास्तविक विषय दसवें सत्र की विषय सूची में नहीं है ।

(ख) ऐसा कोई पत्र व्यवहार नहीं हुआ है, परन्तु इस प्रश्न पर संयुक्त राष्ट्र संघ के कुछ सदस्यों को कुछ संकेत किया गया है ।

(ग) जी नहीं । भारत सरकार का मत है कि इस समय घोषणापत्र के पुनरीक्षण का कोई भी प्रयास यथोचित नहीं होगा ।

श्री कासलीवाल : क्या सरकार इस पुनर्विलोकन सम्मेलन के आयोजन का, जो अब विषयसूची का एक विषय है, समर्थन करेगी ?

श्री अनिल के० चन्दा : मैं बता चुका हूं हम इस समय इस प्रश्न के उठाने के पक्ष में नहीं हैं ।

श्री कासलीवाल : बांडुंग सम्मेलन में यह घोषणा की गई थी कि कुछ देश, जो घोषणापत्र के अधीन योग्य देश हैं, संयुक्त राष्ट्र में सम्मिलित किये जाने चाहियें । संयुक्त राष्ट्र में इन देशों के प्रवेश के लिये सरकार क्या कार्यवाही करेगी ?

प्रधान मंत्री तथा वैदेशिक कार्य मंत्री (श्री जवाहरलाल नेहरू) : संयुक्त राष्ट्र संघ में कुछ देशों के प्रवेश का घोषणापत्र के पुनरीक्षण से कोई अधिक सम्बन्ध नहीं है; यह सर्वथा एक भिन्न प्रश्न है । स्वभावतः हमारी अभिरुचि केवल उन्हीं देशों के प्रवेश में नहीं है, अपितु उन सभी देशों के प्रवेश में है जो संयुक्त राष्ट्र संघ की शर्तों की पूर्ति करते हैं । हमारा ख्याल है कि यह एक विश्व

संघटन हो और साधारण कार्यवाहियां की गई हैं--कूटनीतिक तथा अन्य--जहां की हमारा सम्बन्ध है ।

श्री कासलीवाल : इस दृष्टि से कि भूतकाल में "अभिषेध" का कई बार अनेकों देशों को संयुक्त राष्ट्र संघ में सम्मिलित करने के लिये मना करने के लिये प्रयोग किया गया है क्या सरकार उन देशों के संयुक्त राष्ट्र संघ के सहयोगी सदस्यों के रूप में प्रवेश की कोई योजना बना रही है या ऐसी किसी योजना पर विचार कर रही है ?

श्री जवाहरलाल नेहरू : संयुक्त राष्ट्र संघ के सहयोगी सदस्यों को किसी भी योजना के बारे में मैंने कभी नहीं सुना । मेरा ख्याल है कि संयुक्त राष्ट्र संघ का पूर्ण सदस्य होने को बजाये केवल सहयोगी सदस्य होना किसी भी देश के लिये अत्याधिक अपमानजनक है । कोई भी देश ऐसी स्थिति स्वीकार न करेगा । हमारी ऐसी कोई योजना नहीं है और जैसा कि मैं कह चुका हूं हम ने इसके बारे में पहिली बार सुना है ।

श्री एम० एस० गुरुपादस्वामी : क्योंकि संयुक्त राष्ट्र संघ पांच बड़े देशों को अभिषेध का अधिकार देता है और पांच बड़े देशों के लिये अधिभाव भी प्राप्त करता है क्या सरकार का ख्याल है कि वे इस प्रणाली से सहमत हैं या उनका अब भी यह विश्वास है कि घोषणापत्र का पुनरीक्षण नहीं होना चाहिये ?

श्री जवाहरलाल नेहरू : माननीय सदस्य अभिषेध अधिकार के रहने के बारे में सरकार का मत पूछ रहे हैं । वह अधिकार सान-फ्रांसिसको सम्मेलन से चला आ रहा है । इसका सम्बन्ध मूल खंडों से है । युक्ति की दृष्टि से यह बहुत अच्छा आचरण नहीं है परन्तु क्रियात्मक दृष्टि से इसने संसार में कुछ परिस्थितियों का निरूपन किया था । अतः यह समस्या के लिये यथार्थवाद पर आधारित दृष्टिकोण है और संसार में वास्तविक स्थिति को भूल कर मैं नहीं समझता कि केवल कोई सैद्धान्तिक दृष्टि अपनाने से मामलों में सहायता मिलेगी ।

रुरकेला में सहायक उद्योग

*१८५५. **श्री राधा रमण** : क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री २४ मार्च १९५५ को दिये गये तारांकित प्रश्न संख्या १४७७ के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या तत्पश्चात् रुरकेला में प्रस्तावित इस्पात कारखाना के आस पास कोई सहायक उद्योग स्थापित हो गये हैं; और

(ख) यदि हां तो वे क्या क्या उद्योग हैं ?

वाणिज्य मंत्री (श्री करमरकर) : (क) अभी नहीं, श्रीमान् ।

(ख) प्रश्न उत्पन्न नहीं होता

श्री राधा रमण : यह जांच करने के लिये कि रुरकेला के आस पास उचित रूप में कौन कौन सहायक उद्योग स्थापित किये जा सकते हैं, सरकार क्या क्या ढंग अपना रही है ?

श्री करमरकर : मामले की साधारण दृष्टि से कुछ सम्भावनायें पाई जाती हैं । उदाहरणार्थ स्लेग सीमेंट पोर्टलैंड सीमेंट आदि का निर्माण है--यह कुछ लम्बी सूची है--और उनमें से एक के लिये अर्थात् स्लेग सीमेंट के निर्माण के लिये एसोशियेटेड सीमेंट कम्पनी लि० ने प्रार्थना की है और हम अन्य सहायक उद्योगों को भी अनुमति देने पर विचार कर रहे हैं ।

श्री राधा रमण : क्या सरकार का इरादा सहायक उद्योगों के उन स्वामियों को कुछ सुविधायें देने का है जो अपने कारखाने रुरकेला संयंत्र के निकट स्थापित करेंगे ?

वाणिज्य और उद्योग तथा लोहा और इस्पात मंत्री (श्री टी० टी० कृष्णमाचारी) : जी हां । यही इरादा है ।

देहाती औद्योगिक उपक्रम

*१८५७. **श्री विश्व नाथ राय** : क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बस्ती और गौंडा ज़िलों के बहु-प्रयोजनीय सहकारी विकास खंडों के आधार पर देहाती औद्योगिक उपक्रमों को प्रोत्साहन देने का सरकार का कोई प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हां तो क्या वित्तीय सहायता देने के लिये कोई योजना बनाई गई है ?

वाणिज्य मंत्री (श्री करमरकर) : (क) तथा (ख). माननीय सदस्य ने जिस प्रकार के औद्योगिक उपक्रमों का उल्लेख किया है, उनको प्रोत्साहन देने का कोई विशिष्ट प्रस्ताव नहीं है परन्तु ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में छोटे छोटे औद्योगिक उपक्रमों को प्रोत्साहन और वित्तीय सहायता देने के बारे में राज्यों के प्रस्तावों पर सदैव ही उनकी विशेषताओं के अनुसार विचार किया जाता है ।

श्री विश्वनाथ राय : क्या उद्योग मंत्री का ध्यान श्री कानूनगो, के इस वक्तव्य की ओर दिलाया गया है कि वह उन बहु-प्रयोजनीय सहकारी विकास खंडों के कार्य से, जिन्हें श्री केशव देव मालवीय ने ज़िला बस्ती में अपने निर्वाचन क्षेत्र में संगठित किया है बहुत प्रभावित हुए हैं, और भारत में ये अपने प्रकार के पहिले हैं ? मैं यह भी जानना चाहता हूं कि क्या सरकार द्वितीय पंच वर्षीय योजना में ऐसी योजनाओं के प्रोत्साहन के लिये, आवश्यक कार्यवाहियां करेगी ?

श्री करमरकर : माननीय सदस्य ने जिस वक्तव्य विशेष का उल्लेख किया है, उसे पढ़ने का मुझे सुअवसर नहीं मिला परन्तु हमारे पास जो सूचना है उससे प्रकट होता है कि वह एक बहुत ही अच्छी योजना रही है । मेरा ख्याल यह भी है कि योजना में दस लाख आदि रुपये तक की वित्तीय सहायता दी गई है । योजना से संबद्ध किसी भी प्रस्ताव पर, जो विचार किये जाने और सहायता देने के योग्य हो, सरकार सहायता देने के लिये निश्चय ही विचार करेगी ।

श्री विश्व नाथ राय : क्या सरकार अभाव क्षेत्रों में या बाढ़ से पीड़ित क्षेत्रों में उस योजना को लोकप्रिय बनाने के लिये कोई कार्यवाही करेगी ?

श्री करमरकर : उस विशेष प्रकार की योजना को लोकप्रिय बनाने सम्बन्धी सरकारी प्रयत्नों का मुझे ज्ञान नहीं है, परन्तु यदि कोई लाभदायिक बात छोटे छोटे ग्रामीण या नगरीय उद्योगों के मार्ग में आ रही है, तो सरकार निश्चय ही यथासम्भव सहायता करेगी ।

कोयला बोर्ड

*१८५८. **डा० रामा राव** : क्या **उत्पादन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस तथ्य की दृष्टि से कि द्वितीय पंचवर्षीय योजना के अधीन कोयले का उत्पादन ६०० लाख टन तक बढ़ाना है, विस्तृत आधार पर कोयला बोर्ड को पुनः संगठित करने के बारे में कोई अन्तिम फैसला किया गया है;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कृत्य होंगे; और

(ग) बोर्ड के सदस्यों के नाम क्या हैं ?

उत्पादन उपमंत्री (श्री सतीशचन्द्र) : (क) कोयला बोर्ड का पुनः संगठन करने का आजकल कोई प्रस्ताव नहीं है । संगठन

सम्बन्धी परिवर्तन, जो द्वितीय पंचवर्षीय योजना काल में कोयले के उत्पादन में वृद्धि करने की योजनाओं के सम्बन्ध में आवश्यक हो सकते हैं, विचाराधीन हैं, परन्तु अभी तक कोई दृढ़ फैसला नहीं किया गया है ।

(ख) तथा (ग). प्रश्न उत्पन्न नहीं होते ।

डा० रामा राव : ऐसा प्रतीत होता है कि कोयला आयुक्त का स्थानान्तरण हो गया है । क्या आप किसी प्रौद्योगिक व्यक्ति को, जिसे कोयला निकालने के कार्य का अनुभव हो, या केवल प्रशासकीय अधिकारी को बोर्ड का सभापति नियुक्त करेंगे ?

श्री सतीशचन्द्र : नियुक्ति के लिये उपयुक्त अधिकारी का प्रवरण विचाराधीन है । अभी यह बताना बहुत कठिन है कि किसका प्रवरण होगा । यह सब उपयुक्त व्यक्ति के मिलने पर निर्भर होगा ।

श्री टी० बी० विट्ठल राव: मैं जानना चाहता हूं कि क्या विचाराधीन महा विकास की दृष्टि से कोयला बोर्ड का सभापति कोई प्रशासकीय अधिकारी नियुक्त होगा या वह व्यक्ति नियुक्त होगा जिसके पास खान योग्यतायें हों ?

श्री सतीशचन्द्र : कोयला आयुक्त को परामर्श देने वाले प्रौद्योगिक विशेषज्ञ हैं, जैसे मुख्य खनन इंजीनियर । उसे परामर्श देने के लिये उसके पास अन्य प्रौद्योगिक अधिकारी और प्रौद्योगिक समितियां भी हैं । यह आवश्यक नहीं है कि स्वयं कोयला आयुक्त प्रौद्योगिक व्यक्ति हो ।

श्री के० के० बसु : क्या कोयला सम्बन्धी संगठन, प्रबन्ध, नियम, आदि एक केन्द्रीय संगठन के अधीन किये जायेंगे और क्या ऐसा संगठन स्थायी आधार पर भिन्न विभाग के रूप में कार्य करेगा ?

श्री सतीशचन्द्र : नई पुर्नसंगठन योजना में वह मामला विचाराधीन है ।

श्री मेघनाद साहा : क्या कोयले की बढ़ती हुई मांग के विचार से और इस दृष्टि से कि इंगलैंड जैसे देश ने, जिसका हम ऐसे मामलों में दासवत् अनुकरण करते हैं, कोयले की खानों का लगभग दस वर्ष पूर्व राष्ट्रीयकरण कर दिया है, सरकार का विचार कोयले की खानों का राष्ट्रीयकरण करने का है ?

श्री सतीशचन्द्र : इस मामले पर भी योजना आयोग और सरकार आजकल विचार कर रही है ।

पुर्तगाली पूर्वी अफरीका में भारतीय

*१८५९. **सरदार इकबाल सिंह :** क्या **प्रधान मंत्री** १७ दिसम्बर, १९५२ को दिये गये अतारांकित प्रश्न संख्या ७६२ के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पुर्तगाली पूर्वी अफरीका में बसे भारतीयों पर कोई और प्रतिबन्ध लग गये हैं;

(ख) वहां लगभग कितने भारतीय हैं; और

(ग) उनकी कठिनाइयों को दूर करने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

वैदेशिक कार्य उपमंत्री (श्री अनिल के० चन्दा) : (क) तत्पश्चात्, भारत को धन भेजना बन्द करने के लिये उस क्षेत्र में भारतीयों पर और प्रतिबन्ध लग गये हैं । प्रेस समाचारों से यह भी ज्ञात हुआ है कि पुर्तगाल सरकार ने पुर्तगाली पूर्वी अफरीका और अन्य पुर्तगाली क्षेत्रों में, जैसे गोआ, दमन, डियो और अंगोला, व्यापार करने वाले समस्त भारतीयों पर कर लगाने का फैसला किया है । अभी कर के रूप और मात्रा के सम्बन्ध में कोई विवरण प्राप्त नहीं हैं ।

(ख) पुर्तगाली पूर्वी अफरीका में लगभग १२,६०० भारतीय हैं। इन आंकड़ों में गोआ, डमन और डियो के लगभग ६,००० भारतीय भी सम्मिलित हैं।

(ग) कभी पुर्तगाली पूर्वी अफरीका में भारतीयों के हितों की देख भाल के लिये भारत सरकार का एक प्रतिनिधि नियुक्त करने का विचार था, परन्तु पुर्तगाल और भारत के बिगड़े सम्बन्धों के विचार से प्रस्ताव को आगे नहीं बढ़ाया गया।

सरदार इकबाल सिंह : क्या सरकार को इस तथ्य का पता है कि वहां लोगों को भारतीयों के विरुद्ध शिकायत करने के लिये उकसाया जाता है ताकि सरकार उनके व्यापार की अनुज्ञायें या अनुमति पत्र रद्द कर सके ?

श्री अनिल के० चन्दा : पूर्णतया सम्भव है।

सरदार इकबाल सिंह : क्या सरकार को विदित है कि वहां भारतीयों को परेशान किया जाता है और उत्सवों में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाती, उनकी शिकायतों का पंजीयन नहीं होता और उन्हें भारत लौटने को कहा जाता है ?

श्री अनिल के० चन्दा : पुर्तगाल और भारत के बीच वर्तमान सम्बन्धों की दृष्टि से, मैं आशा करता हूं कि माननीय सदस्य महसूस करेंगे कि हम इस मामले में कदाचित ही कुछ कर सकते हैं।

श्री कासलीवाल : क्या सरकार को बदला लेने के उन कार्यों की सूचना है जो पुर्तगाली प्राधिकारियों ने गोआ में चल रहे सत्याग्रह के कारण पूर्वी अफरीका में भारतीयों के विरुद्ध किये हैं ?

श्री अनिल के० चन्दा : जी नहीं। मैं नहीं समझता हमारे पास कोई सूचना है।

सरदार इकबाल सिंह : क्या सरकार को विदित है कि भारतीय व्यापारियों को भारत वापस नहीं आने दिया जाता, उन्हें प्रवेशपत्र और पारपत्र नहीं दिये जाते और उन्हें कहा जाता है कि यदि वे भारत वापिस जाना चाहते हैं, तो उनका व्यापार छीन लिया जायेगा ?

श्री अनिल के० चन्दा : यह भली भांति विदित है कि वहां भारतीय व्यापारी और बसने वाले व्यक्तियों में अनेकों अयोग्यतायें मानी जाती हैं, परन्तु मैं बता चुका हूं कि इस समय हम इस मामले में कुछ नहीं कर सकते।

उत्तर-पूर्वी सीमान्त अभिकरण

*१८६०. **श्री एम० एल० अग्रवाल** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर-पूर्वी सीमान्त अभिकरण के तुएनसांग डिवीज़न और नागा पहाड़ियों के माकोकयुंग सब डिवीज़न की आधुनिकतम स्थिति क्या है, जिन्हें हाल में ही "उपद्रव-ग्रस्त क्षेत्र" घोषित किया गया था; और

(ख) कितने अवसरों पर वहां पर स्थित स्थायी भारतीय सशस्त्र सेनाओं को आसाम राइफल्स और वहां की पुलिस की सहायता करने के लिये बुलाया गया था ?

वैदेशिक कार्य मंत्री के सभासचिव (श्री जे० एन० हजारिका) : (क) तथा (ख). उपद्रव-ग्रस्त क्षेत्र अध्यादेश आसाम में प्रख्यापित किया गया है और नागा पहाड़ियां ज़िले के कुछ भाग को इस अध्यादेश के अधीन उपद्रव-ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। सरकार को इस बात की प्रसन्नता हुई है कि श्री फिज़ो और उनके कुछ साथियों ने कुछ नागाओं द्वारा की जाने वाली हिंसात्मक कार्यवाहियों की खुले आम निन्दा की है किन्तु स्थिति पर इस प्रख्यापन का क्या प्रभाव पड़ा है, इसे अभी देखना है।

यह सूचना आने पर कि बहुत से आतंकवादी तुएनसांग के दक्षिण पश्चिमी क्षेत्र में गये थे, उन्हें स्थायी सेना की सहायता से घेरने का निर्णय किया गया था और इसलिये असैनिक दल की सहायता के लिये भारतीय सेना की एक टुकड़ी को बुलाया गया था।

इस टुकड़ी को दक्षिण-पश्चिमी तुएनसांग के उपद्रवियों का सामना करने का निश्चित और विशिष्ट काम सौंपा गया है। और किसी भी अवसर पर सशस्त्र सेनाओं को नहीं बुलाया गया, और न ही उन्हें आसाम राज्य तथा पूर्वोत्तर सीमान्त अभिकरण के नागा क्षेत्रों की स्थिति सुधारने में आसाम राइफल्स् और पुलिस की सहायता के लिये प्रयोग में लाया गया है।

श्री एम० एल० अग्रवाल : क्या नागा राष्ट्रीय परिषद् के नेता की आसाम के मुख्य मंत्री के साथ जो मुलाकात हुई थी, उसका वहां की स्थिति पर प्रभाव पड़ा है ?

प्रधान मंत्री तथा वैदेशिक कार्य मंत्री (श्री जवाहरलाल नेहरू) : क्या माननीय सदस्य यह जानना चाहते हैं कि मुलाकात में क्या हुआ था ?

अध्यक्ष महोदय : वह जानना चाहते हैं कि मुलाकात का वहां की स्थिति पर क्या प्रभाव पड़ा है—क्या स्थिति में कोई सुधार हुआ है या नहीं ?

श्री जवाहरलाल नेहरू : यह कहना कठिन है। यह वास्तव में उस सज्जन की सद्भावना पर निर्भर है।

श्री भक्त दर्शन : क्या मैं जान सकता हूं कि सेना के उपयोग द्वारा कितने विद्रोही मारे जा चुके हैं और कितने ज़ख्मी किये गये हैं और इस से परिस्थिति में कितना सुधार हुआ है ?

श्री जवाहरलाल नेहरू : हमारे पास जानने की इत्तिला नहीं है लेकिन शायद आज ही अखबारों में कुछ इस की चर्चा छपी है।

श्री एस० सी० सामन्त : क्या किसी गैर-सरकारी संस्था ने उपद्रव-ग्रस्त क्षेत्रों में लोगों से सम्पर्क करने का प्रयत्न किया है, और यदि हां, तो उसका क्या परिणाम हुआ है ?

श्री जवाहरलाल नेहरू : क्या माननीय सदस्य यह जानना चाहते हैं कि आया यह बात इस समय वहां हो रही है, या वह भविष्य की बात सोच रहे हैं ?

श्री एस० सी० सामन्त : मैं जानना चाहता हूं कि क्या यह काम इस समय ऐसा वहां पर किया जा रहा है।

श्री जवाहरलाल नेहरू : मुझे यह विदित नहीं है ?

प्रश्नों के लिखित उत्तर

सिलाई की मशीनें

*१८२३. **श्री डी० सी० शर्मा** : क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि आयात की गई मशीनों के मुकाबले में गुणप्रकार की दृष्टि से, भारत में बनाई गई सिलाई की नई मशीनें कैसी हैं ?

वाणिज्य मंत्री (श्री करमरकर) : घरेलू प्रकार की सीने की देशी मशीनें गुणप्रकार की दृष्टि में लगभग आयात की गई मशीनों जैसी ही हैं।

चीनी मिलों की मशीनें

*१८२७. **श्री के० पी० सिन्हा** : क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चीनी मिलों की मशीनों के सभी पुर्ज़े बनाने के लिये प्रयास किया गया है; और

(ख) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम निकला है ?

वाणिज्य मंत्री (श्री करमरकर) : (क) तथा (ख). चीनी के मिलों की मशीनों के अधिकतर पुर्ज़े बनाने के बारे में प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। उन प्रस्तावों में से एक प्रस्ताव में देश में पूर्ण चीनी फैक्टरियों के निर्माण का प्रस्ताव किया गया है।

इंजीनियर

*१८३०. **श्री एल० एन० मिश्र** : क्या **सिंचाई और विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जिन विभिन्न नदी घाटी परियोजनाओं से केन्द्रीय सरकार का सम्बन्ध है, उन में विदेशी विशेषज्ञों के अधीन शिक्षा लेने की दृष्टि से कितने इंजीनियर काम कर रहे हैं; और

(ख) उनमें से कितने व्यक्ति ऐसे हैं जिन से कामों का समूचा प्रभार संभालने के योग्य होने की आशा की जाती है, और उनमें से कितने व्यक्तियों ने पहले ही कामों का प्रभार संभाल लिया है ?

सिंचाई और विद्युत उपमंत्री (श्री हाथी) : (क) ५३ ।

(ख) ५३ और ४५ ।

इंडिया गेट के पास फव्वारे

*१८३३. **श्री एम० एल० द्विवेदी** : क्या **निर्माण, आवास और संभरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इंडिया गेट, नई दिल्ली के पास और अधिक फव्वारे बनाने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो किस तारीख तक योजना के कार्यान्वित हो जाने की आशा है; और

(ग) क्या उस स्थान के पास नौका विहार का विस्तार करने तथा उपहार गृह बनाने का भी कोई प्रस्ताव है ?

निर्माण, आवास और संभरण मंत्री (सरदार स्वर्ण सिंह) : (क) जी, हां ।

(ख) इस आर्थिक साल के आखिर तक ।

(ग) जी हां ।

राष्ट्रपति निलयम

*१८३६. **श्री एच० जी० वैष्णव** :
श्री एन० एम० लिंगम :

क्या **निर्माण, आवास और संभरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बोलारम में "राष्ट्रपति निलयम" की देख रेख और मरम्मत पर प्रति वर्ष कितना रुपया खर्च किया जाता है; और

(ख) क्या यह व्यय राज्य सरकार द्वारा किया जाता है या केन्द्रीय सरकार द्वारा ?

निर्माण, आवास और संभरण मंत्री **(सरदार स्वर्ण सिंह)** : (क) इस सिलसिले में अब तक केन्द्रीय सरकार ने कोई खर्च नहीं किया है ।

(ख) जब कभी व्यय होगा तो केन्द्रीय सरकार देगी ।

उद्योगों का यंत्रीकरण

*१८३९. **श्री के० पी० त्रिपाठी** : क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश के विभिन्न उद्योगों में उत्पादन प्रणाली के यंत्रीकरण के परिणामस्वरूप प्रति वर्ष लगभग कितने व्यक्ति बेकार हो जाते हैं;

(ख) प्रथम पंचवर्षीय योजना अवधि में ऐसे लोगों की सख्या क्या है; और

(ग) द्वितीय पंचवर्षीय योजना काल के सम्बन्ध में अनुमानित संख्या क्या है ?

योजना उपमंत्री (श्री एस० एन० मिश्र): (क) तथा (ख). जानकारी एकत्रित की जा रही है ।

(ग) इस समय द्वितीय पंचवर्षीय योजना अवधि के बारे में अनुमान लगाना संभव नहीं है ।

निवास स्थान

*१८४२. **श्री रिशांग किशिंग** : क्या **निर्माण, आवास और संभरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विस्थापित सरकारी कर्मचारियों को उनके लिये रक्षित विशेष आवंटन का कोटा पूरा नहीं दिया जा रहा है; और

(ख) यदि हां, तो इसका क्या कारण है ?

निर्माण, आवास और संभरण मंत्री (सरदार स्वर्ण सिंह) : (क) नहीं, श्रीमान्।

(ख) प्रश्न उत्पन्न ही नहीं होता ।

सिनेमा

*१८५४. **श्री एस० एन० दास** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री २६ अगस्त, १९५४ को दिये गये तारांकित प्रश्न संख्या १७५ तथा उस पर पूछे गये अनुपूरकों के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय चलचित्र सेंसर बोर्ड द्वारा अपनी परीक्षक समितियों को जारी किये गये निदेश का सिनमाओं की बुराइयों को रोकने में किस सीमा तक प्रभाव पड़ा है;

(ख) क्या सिनमाओं की बुराइयों पर पर्याप्त नियंत्रण करने के मार्ग में संविधानिक बाधाओं के बारे में लोकमत जानने के परिणाम-स्वरूप, सरकार ने कोई निर्णय किया है; और

(ग) यदि हां, तो क्या निर्णय किया गया है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (डा० केसकर) : (क) बोर्ड और इसकी शाखाओं को जो निदेश जारी किये गये हैं, वे उनका संतोषपूर्वक पालन कर रहे हैं ।

(ख) तथा (ग). नहीं, श्रीमान् ।

समाज शिक्षा व्यवस्थापक

*१८५६. **श्री डी० सी० शर्मा** : क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि समाज शिक्षा व्यवस्थापकों के प्रशिक्षण के लिये सरकार ने अब तक क्या प्रबन्ध किये हैं ?

योजना उपमंत्री (श्री एस० एन० मिश्र): समाज शिक्षा व्यवस्थापकों के प्रशिक्षण के लिये १–४–१९५३ को पांच केन्द्र स्थापित किये गये थे । उन में चार केन्द्रों का जनवरी, १९५५ में विस्तार किया गया था, ताकि प्रत्येक पाठ्यक्रम में दुगने प्रशिक्षणार्थियों की भर्ती की जा सके, और इमारत पूरी हो जाने पर पांचवें केन्द्र का भी विस्तार किया जायेगा । छटा केन्द्र, जो अब तक स्त्री समाज शिक्षा व्यवस्थापकों को विशिष्ट अनुपूरक प्रशिक्षण देने का काम कर रहा था, जनवरी, १९५६ से पूरे केन्द्र के रूप में बड़ौदा में काम करेगा । इस के अतिरिक्त, आदिमजातियों के क्षत्रों में नियोजित किये जाने वाले समाज शिक्षा व्यवस्थापकों को ३ महीने का विशेष अनुपूरक प्रशिक्षण देने के लिये रांची में, एक केन्द्र स्थापित किया जायेगा । चार और प्रशिक्षण केन्द्र शीघ्र ही स्थापित करने का विचार है ।

संसद भवन

*१८६१. **श्री काजरोल्कर** : क्या **निर्माण, आवास और संभरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि संसद् भवन के चूने के कुछ चिह्न दिखाई देते हैं; और

(ख) यदि हां, तो इस मामले में क्या कार्यवाही की गई है ?

निर्माण, आवास और संभरण मंत्री (सरदार स्वर्ण सिंह) : (क) नहीं, श्रीमान्।

(ख) प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता ।

अन्तर्राज्य व्यापार

*१८६२. **ठाकुर युगल किशोर सिंह** : क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अन्तर्राज्य व्यापार को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से कोई कार्यवाही की गई है; और

(ख) यदि हां, तो किन वस्तुओं का व्यापार बढ़ा है ?

वाणिज्य मंत्री (श्री करमरकर) : (क) कई अत्यावश्यक वस्तुओं की संभरण स्थिति में सुधार होने के परिणामस्वरूप, जिनको लाना या ले जाना केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार द्वारा विनियमित किया गया और प्रतिबन्धित किया गया था, केवल कुछ वस्तुओं, अर्थात् नमक, कोयला, गन्ना, और कई प्रकार का लोहा तथा इस्पात, को छोड़ कर, अन्य वस्तुओं पर से रुकावटें हटा दी गई हैं ।

(ख) ठीक ठीक और पूर्ण आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं ।

काश्तकारी समिति

*१८६३. **डा० सत्यवादी** : क्या **योजना** मंत्री निम्न जानकारी देने वाला विवरण सभा पटल पर रखने की कृपा करेंगे कि :

(क) योजना आयोग द्वारा स्थापित भूमि सुधार तालिका की काश्तकारी समिति द्वारा अब तक क्या प्रगति की गई है; और

(ख) क्या इस समिति ने कोई अन्तरिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है ?

योजना उपमंत्री (श्री एस० एन० मिश्र) : (क) समिति कुछ राज्यों में गई थी और इन राज्यों को सरकारों के मंत्रियों और अधिकारियों के साथ चर्चा की थी । समिति तालिका को अपनी सिफारिशें देने से पूर्व कुछ और राज्यों में जायेगी ।

(ख) नहीं श्रीमान् ।

"काश्मीर प्रिंसेस" की टक्कर

*१८६४. **श्री एस० एन० दास** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अप्रैल, १९५५ में भारतीय विमान "काश्मीर प्रिंसेस" के अन्तविध्वंस के लिये जो व्यक्ति उत्तरदायी था उस अपराधी को हांगकांग के अधिकारियों ने ढूंढ लिया है;

(ख) यदि हां तो क्या उसके ठौर ठिकाने का निश्चय किया जा चुका है;

(ग) क्या उस अधिकारी से जिस के क्षेत्राधिकार के अन्दर यह अपराधी पाया गया है अपराधी को सौंप देने के लिये प्रार्थना की गई है; और

(घ) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम हुआ है ?

वैदेशिक कार्य मंत्री के सभासचिव (श्री सादत अली खां) : (क) से (घ). दोषारोपित अपराधी के बारे में कहा जाता है कि वह अब फारमोसा में है । हमें सूचना मिली है कि इंगलिस्तान की सरकार ने फार्मोसा के अधिकारियों को उसे हांगकांग को सौंप देने की प्रार्थना की है । इस प्रार्थना का क्या परिणाम हुआ है यह अभी मालूम नहीं हुआ है ।

खेलों के सामान का उद्योग

*१८६५. **श्री डी० सी० शर्मा** : क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि सन् १९५४–५५ में क्रीड़ा सामान उद्योग की उन्नति के लिये पंजाब राज्य को कितनी वित्तीय सहायता दी गई है ?

वाणिज्य मंत्री (श्री करमरकर) : क्रीड़ा सामान उद्योग की उन्नति के लिये पंजाब राज्य को कोई वित्तीय सहायता नहीं दी गई है ।

ब्रिटिश इस्पात मिशन प्रतिवेदन

*१८६६. **डा० रामा राव** :
श्री एन० बी० चौधरी :
डा० राम सुभग सिंह :
श्री भागवत झा आजाद :
श्री बी० डी० शास्त्री :
श्री वीरस्वामी :

क्या **लोहा और इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि ब्रिटिश इस्पात मिशन ने प्रस्तावित इस्पात संयंत्र के बारे में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया है;

(ख) यदि हां, तो उसकी मुख्य सिफारिशें क्या हैं ;

(ग) क्या स्थान चुन लिया गया है;

(घ) परियोजना की कार्यान्विति के लिये क्या कार्यवाहियां की जा रही हैं;

(ङ) क्या सरकार ने मुख्य सिफारिशें स्वीकार कर ली हैं; और

(च) यदि हां, तो वे सिफारिशें क्या हैं ?

वाणिज्य और उद्योग तथा लोहा और इस्पात मंत्री (श्री टी० टी० कृष्णमाचारी) : (क) हां, श्रीमान् ।

(ख) मिशन ने यह विचार व्यक्त किया है कि :–

(१) दस लाख टन इनगट के सामर्थ्य का इस्पात संयंत्र टैक्निकल दृष्टिकोण से अच्छा रहेगा;

(२) मुख्य उत्पाद मध्यम और हल्के सैक्शन होने चाहियें, ढलाई और रिरोलिंग के लिये बिलट, और रेलवे के लिये पहिये के टायर और धुरे ।

संयंत्र लगभग ३५०,००० टन ढला हुआ लोहा भी तैयार करेगा ।

(ग) नहीं, श्रीमान्, अभी नहीं ।

(घ) से (च). सरकार ने सामान्यतया योजना को स्वीकार कर लिया है और तृतीय इस्पात संयंत्र निर्माण करने के प्रस्ताव को कार्यान्वित करने का निर्णय कर लिया है । सलाहकार इंजीनियरों की एक फर्म को योजना का विस्तारपूर्वक परीक्षण करने तथा टैक्निकल मामलों में सरकार को मंत्रणा देने के लिये नियुक्त किया गया है ।

हीरे काटने का उद्योग

*१८६७. **श्री एस० एन० दास** : क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत में हीरे काटने के उद्योग को इस समय कठिनाई का सामना है तथा इस देश में इस कार्य में नियुक्त कर्मचारियों की संख्या बहुत कम हो गई है;

(ख) यदि ऐसा है तो इसके कारण;

(ग) १९५४–५५ और १९५५–५६ में आयात किये गये अनकटे हीरों की कुल मात्रा और मूल्य क्या था; और

(घ) क्या उनके आयात पर कुछ निर्बन्धन लागू किये गये हैं ?

वाणिज्य मंत्री (श्री करमरकर) : (क) सरकार को कोई सूचना प्राप्त नहीं है ।

(ख) प्रश्न उत्पन्न नहीं होता ।

(ग) १९५४–५५ में ९,३४,४५२ रुपये तथा १९५५–५६ में (अप्रैल और मई) दो मासों में ६२,२९३ रुपये । मात्रा सम्बन्धी आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं ।

(घ) (अनकटे तथा न जड़े हुए) हीरों के ७५ प्रतिशत अभ्यंश के आयात की अनुमति दी जाती है तथा इसमें निर्यात उन्नति योजना के अन्तर्गत अधिक मात्रा की व्यवस्था की गई है । इसके अतिरिक्त कीमती पत्थरों की अनुज्ञप्ति के ९० प्रतिशत मूल्य का भी अनकटे तथा अ-जड़े कीमती पत्थरों के आयात में प्रयोग किया जा सकता है ।

प्रथम पंचवर्षीय योजना का प्रगति प्रतिवेदन

९५४. श्री एन० बी० चौधरी : क्या योजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या प्रथम पंच वर्षीय योजना के चार वर्षीय प्रगति प्रतिवेदन को सभा पटल पर रखा जायेगा; और

(ख) यदि ऐसा है, तो कब ?

योजना उपमंत्री (श्री एस० एन० मिश्र) : (क) हां, श्रीमान् ।

(ख) अक्तूबर, १९५५ के अन्त तक ।

नये नमूने का चरखा

९५५. श्री वी० बी० गांधी : क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान मतुंग औद्योगिक प्रयोगशाला के श्री वी० वी० गुप्त द्वारा बनाये गये नये नमूने के चरखे की ओर दिलाया गया है; और

(ख) यदि ऐसा है, तो सरकार इसे लोक-प्रिय बनाने के लिये क्या उपाय कर रही है ?

वाणिज्य और उद्योग तथा लोहा और इस्पात मंत्री (श्री टी० टी० कृष्णमाचारी) : (क) हां, श्रीमान् ।

(ख) नये नमूने का चरखा अभी तक प्रयोगात्मक स्थिति में है । सरकार ने इस सम्बन्ध में प्रयोगों के जारी रखने के लिये ३६,००० रुपये की स्वीकृति दी है । चरखे को लोक-प्रिय बनाने से पहले प्रयोग के परिणामों की प्रतीक्षा करनी होगी ।

रोजगार

९५६. श्री एन० बी० चौधरी : क्या योजना मंत्री सभा पटल पर एक विवरण रखने की कृपा करेंगे जिसमें ३१ मार्च, १९५५ तक विभिन्न श्रेणियों में प्रथम पंचवर्षीय योजना द्वारा उत्पन्न रोज़गार की स्थिति को योजना के अन्तिम क्रम के लिये नियत लक्ष्य से तुलनात्मक रूप में दिखाया गया हो ?

योजना उपमंत्री (श्री एस० एन० मिश्र) : योजना आयोग में कुछ प्राक्कलन तैयार किये गये हैं परन्तु उन पर कई एक निर्बन्धन लागू होते हैं । इस समय प्राप्त सूचना के अनुसार सांख्यिकी की दृष्टि से ठीक ठीक सूचना का देना कठिन है ।

कच्चे मैंगनीज़ पर निर्यात शुल्क

९५७. श्री देवगम : क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कच्चे मैंगनीज़ पर निर्यात शुल्क किस तिथि को लगाया गया था;

(ख) उस दिन निम्न प्रकारों के मैंगनीज़ की लगभग दरें क्या थीं—

(१) ४६/४८ प्रतिशत

(२) ४४/४५ प्रतिशत

(३) ४२/४४ प्रतिशत

(४) ४०/४२ प्रतिशत

(५) ३८/४० प्रतिशत

(६) ३३ प्रतिशत मैंगनीज़

(ग) किस तिथि को निर्यात शुल्क बन्द किया गया था तथा उस दिन उपरोक्त प्रकारों की मैंगनीज़ की दरें क्या थीं; और

(घ) कच्चे मैंगनीज़ की उपरोक्त प्रकारों के प्रथम सितम्बर, १९५५ के दिन की लगभग दरें क्या थीं ?

वाणिज्य और उद्योग तथा लोहा और इस्पात मंत्री (श्री टी० टी० कृष्णमाचारी) : (क) से (घ). एक विवरण संलग्न किया जाता है । [**देखिये परिशिष्ट ९, अनुबन्ध संख्या ५८**]

कच्चा लोहा और मैंगनीज़

९५८. श्री देवगम : क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जनवरी से जून, १९५५ के काल के लिये जारी किये गये कच्चे लोहे और मैंगनीज़ के निर्यात के कोटे पर कोई शर्तें लागू नहीं की गई थीं;

(ख) यदि इस पर कोई शर्तें लागू की गई थीं तो क्या इनका जारी किये गये कोटे म वर्णन किया गया था;

(ग) क्या यह सच है कि उन व्यक्तियों को निर्यात के लिये कोई कोटा नहीं दिया गया है जिन्होंने जनवरी—जून, १९५५ में कोई कच्चा माल बाहर नहीं भेजा था;

(घ) यदि ऐसा है तो इसके कारण;

(ङ) क्या यह सच है कि कच्चे माल के ले जाने तथा निर्यात के लिये इस निर्यात कोटा प्रणाली के शुरू करने के बाद एक निर्यातक ने सरकार के विरुद्ध मुकदमा किया था;

(च) यदि ऐसा है, तो उसका क्या हुआ; और

(छ) क्या सरकार ने इस मामले के विधिक पहलू पर विचार किया है ?

वाणिज्य और उद्योग तथा लोहा और इस्पात मंत्री (श्री टी० टी० कृष्णमाचारी): (क) हां, श्रीमान् ।

(ख) प्रश्न उत्पन्न नहीं होता ।

(ग) हां, श्रीमान् ।

(घ) उन व्यक्तियों में, जो कच्ची धातों के निर्यात में भाग लेने के लिये उत्सुक थे, अपर्याप्त वैगनों की न्यायपूर्ण बांट के अभिप्राय से निर्यातकों पर अक्तूबर, १९५३ में निर्बन्धन लगाये गये थे । जब तक वैगनों की कमी रहेगी, प्रत्यक्ष सम्बन्धों के कायम करने में असफल रहने वालों तथा कच्ची धातों के निर्यात को न कर सकने वालों को और आवण्टन नहीं किये जायेंगे । ये आवण्टन अनुज्ञप्तधारियों को कच्ची धातों के पत्तनों तक ही ले जाने और वहां उन व्यक्तियों को नफ़े पर बेच डालने के लिये नहीं किये गये थे जो निर्यात करने के समर्थ थे तथा इसके लिये तैयार थे ।

(ङ) तथा (च). मुकदमा खारिज कर दिया गया ।

(छ) प्रश्न उत्पन्न नहीं होता ।

कच्चा लोहा और मैंगनीज़

९५९. श्री देवगम : क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि क्या यह सच है कि प्रथम जुलाई, १९५४ से ३० जून, १९५५ के काल में खान क्षेत्रों से रेलवे द्वारा लाई गई कच्चे लोहे और मैंगनीज़ की मात्रा के ८५ प्रतिशत से अधिक भाग का निर्यात कर दिया गया है ?

वाणिज्य और उद्योग तथा लोहा और इस्पात मंत्री (श्री टी० टी० कृष्णमाचारी) : हां, श्रीमान् । इसमें पत्तनों पर पड़े माल को भी शामिल किया गया है ।

ट्रैक्टर

९६०. **श्री डी० सी० शर्मा :** क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री सभा पटल पर यह दिखाने वाला एक विवरण रखने की कृपा करेंगे :

(क) १९५४–५५ में भारत में (१) सरकारी खाते में तथा (२) निजी खाते में कुल कितने ट्रैक्टरों का आयात किया गया;

(ख) प्रत्येक शीर्ष के अधीन इन आयात किये गये ट्रैक्टरों की कुल कीमत क्या है; और

(ग) जिन देशों से उनका आयात किया गया उनके नाम क्या हैं और प्रत्येक देश से कितने ट्रैक्टरों का आयात किया गया ?

वाणिज्य और उद्योग तथा लोहा और इस्पात मंत्री (श्री टी० टी० कृष्णमाचारी) : (क) से (ग). एक विवरण संलग्न है । **[देखिये परिशिष्ट ९, अनुबन्ध संख्या ५९]** आयात के आंकड़े सरकारी खाते में तथा निजी खाते में पृथक् पृथक् अभिलिखित नहीं किये जाते हैं ।

सामुदायिक परियोजनायें तथा राष्ट्रीय विस्तार सेवा खंड

९६१. **श्री डी० सी० शर्मा :** क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पंजाब में सामुदायिक परियोजनाओं तथा राष्ट्रीय विस्तार सेवा खण्डों की जनता के कल्याण पर अब तक कुल कितनी रकम व्यय की गई है; और

(ख) इसमें से कितना रुपया संस्थापन, उनके यात्रा भत्तों तथा जीपों को ख़रीदने पर व्यय किया गया है ?

योजना उपमंत्री (श्री एस० एन० मिश्र) : (क) और (ख). प्रश्न स्पष्ट नहीं है । यह समझा जाता है कि सरकार द्वारा किये गये व्यय की जानकारी मांगी गई है । यदि यही बात है, तो जन १९५५ तक पंजाब में सामुदायिक परियोजनाओं तथा राष्ट्रीय विस्तार सेवा खण्डों पर व्यय की गई रकम के आंकड़े क्रमशः २·१४ तथा ०·३१ करोड़ रुपये हैं ।

फार्मों की सप्लाई

९६२. **श्री कृष्णाचार्य जोशी :** क्या **निर्माण, आवास और संभरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) डाक व तार विभाग के फ़ार्मों के लिये कुल कितनी मांग है, जिनके लिये १९५४ में स्टेशनरी और प्रिंटिंग विभाग को इनडैंट दिये गये थे;

(ख) स्टेशनरी और प्रिंटिंग विभाग ने इस मांग को कहां तक पूरा किया; और

(ग) रक्षा सेवाओं और रेलवे की मांगों को किस हद तक पूरा किया गया ?

निर्माण, आवास और संभरण मंत्री (सरदार स्वर्ण सिंह) : (क) ११·२३४ लाख फ़ार्म ।

(ख) ४,७३४ लाख फ़ार्म ।

(ग) (अ) रक्षा सेवाओं की मांग पिछले आर्थिक साल में ५७८ लाख फ़ार्म थी जो ५३० लाख फ़ार्म तक पूरी की गई ।

(आ) रेलवे के फ़ार्म इस कार्यालय से नहीं दिये जाते ।

नोट:—ऊपर लिखे हुए क्रमांक आर्थिक साल १९५४–५५ के हैं ।

पवन चक्की

९६३. **श्री झूलन सिंह :** क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि दिल्ली के निकट सामुदायिक परियोजना क्षेत्र में जल संभरण के लिये पवन चक्की लगाने के सम्बन्ध में किये गये प्रयोग सफल रहे हैं ?

योजना उपमंत्री (श्री एस० एन० मिश्र): पंजाब के सोनीपत परियोजना क्षेत्र में जाठौरी

गांव में ग्रामीणों को पीने का पानी देने के लिये एक प्रयोगात्मक पवन चक्की लगाई गई है।

२.७ मील प्रति घंटा वायु की रफतार में भी यह काम कर सकती है और लगभग चार से छै हजार गैलन पानी औसतन प्रति दिन निकाल सकती है। पवन चक्की सफलतापूर्वक कार्य कर रही है किन्तु इसके लगाने की आरम्भिक लागत जो लगभग ७,००० रुपये थी, इसके अन्य ग्रामों में लगाये जाने के लिये अधिक समझी जाती है।

सरकारी माल का बीमा

९६४. **श्री रघुनाथ सिंह:** क्या **निर्माण आवास और संभरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि भारत सरकार का जो माल विदेशी जहाजों द्वारा लाया गया उस में से कितने मूल्य के माल का बीमा १९५४-५५ में भारतीय समुद्री यातायात बीमा कम्पिनयों द्वारा किया गया ?

निर्माण, आवास और संभरण मंत्री (सरदार स्वर्ण सिंह): देश से बाहर माल खरीदने वाले दो कार्यालय यानी आई० एस० डी० और आई० एस० एम० ने भारतीय बीमा कम्मनियों से कुल ४.६१ करोड़ रुपये के माल का बीमा सन् १९५४-५५ में कराया।

भारतीय व विदेशी जहाजों से ले गये हुए माल का अलग अलग ब्यौरा मौजूद नहीं है।

घोड़ों का आयात

९६५. **श्री विभूति मिश्र :** क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :

(क) १९५३ और १९५४ में आट्रेलिया से कुल कितने घोड़ों का आयात किया गया; और

(ख) उनकी कीमत क्या थी ?

वाणिज्य और उद्योग तथा लोहा और इस्पात मंत्री (श्री टी० टी० कृष्णमाचारी): (क) और (ख) एक विवरण संलग्न है। **[देखिये परिशिष्ट ९, अनुबन्ध संख्या ६०]**

हथकरघा उद्योग

९६६. **श्री इब्राहीम :** क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि भारत में हथकरघा उद्योग में कितने श्रमिक काम करते हैं ?

वाणिज्य और उद्योग तथा लोहा और इस्पात मंत्री (श्री टी० टी० कृष्णमाचारी): कपड़ा जांच समिति के अनुसार, आसाम, मनीपुर तथा त्रिपुरा को छोड़ कर समस्त देश में कोई १५.५ लाख चालू करघे हैं। श्रमिकों की ठीक संख्या का अनुमान इस बात पर निर्भर होगा कि प्रत्येक करघा कितने दिन काम करता है तथा इन के द्वारा तैयार किया जाने वाला कपड़ा कितना किस प्रकार का है। क्योंकि इन तथ्यों का पता नहीं लग सका है इस लिये इन पर काम करने वाले श्रमिकों की संख्या बताना कठिन है।

विदेशी राजदूतावास

९६७. **श्री इब्राहीम :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत में ऐसे कितने विदेशी राजदूतावास हैं जिनके उनके अपने देश की सम्पत्तियां हैं ;

(ख) ऐसे राजदूतावास कितने हैं जो कि किराये के आवास-स्थान में हैं; और

(ग) उनको दी गई सरकारी बिल्डिगों का कुल मासिक किराया कितना है ?

प्रधान मंत्री तथा वैदेशिक कार्य मंत्री (श्री जवाहरलाल नेहरू): (क) बारह राजनयिक मंडलों ने यहां पर भवन खरीद लिये हैं या बना लिये हैं। इसके अतिरिक्त ११ अन्य मंडलों ने चाणक्यपुरी में भूमि

प्राप्त कर ली है और निकट भविष्य में अपने भवन बनवा लेंगे ।

(ख) ४४, उनको सम्मिलित करके जिनके पास अपने भवन हैं ।

(ग) इस समय राजनयिक मंडलों को जो सरकारी भवन किराये पर दिये गये हैं उनसे भारत सरकार को जो धनराशि प्राप्त होती है वह लगभग २५,००० रुपये प्रति मास है । इन आंकड़ों में उन सरकारी होस्टलों में दिये गये आवास-स्थानों का किराया सम्मिलित नहीं है जो अस्थायी आधार पर राजनयिक मंडलों को आवंटित किये गये हैं, क्योंकि यह रकम लगातार बदलती रहती है ।

प्रव्रजन

९६८. श्री इब्राहीम : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों में, वर्षवार, कितने मुसलमानों ने भारत से पूर्वी पाकिस्तान को प्रव्रजन किया ; और

(ख) उक्त अवधि में कितने गैर-मुस्लिमों ने पूर्वी पाकिस्तान से भारत में प्रव्रजन किया ?

प्रधान मंत्री तथा वैदेशिक कार्य मंत्री (श्री जवाहरलाल नेहरू): (क) उन मुसलमानों के आंकड़े, जिन्होंने भारत से पूर्वी पाकिस्तान में पाकिस्तानी आयात प्रमाणपत्र पर, १५ अक्तूबर, १९५२, अर्थात् जब से कि पारपत्र के आधार पर यात्रा योजना लागू की गई थी, से आरम्भ हो कर जुलाई, १९५५ के अन्त तक के गत तीन वर्षों में प्रव्रजन किया गया है

अक्तूबर, १९५२ से सितम्बर, १९५३	६७
अक्तूबर, १९५३ से सितम्बर, १९५४	५०
अक्तूबर १९५४ से जुलाई, १९५५	७
कुल	१२४

(ख) उन गैर-मुस्लिमों की संख्या जो कि पूर्वी पाकिस्तान से उक्त अवधि में, भारतीय उप-उच्चायुक्त, ढाका द्वारा जारी किये गये प्रव्रजन प्रमाण पत्रों पर भारत आये हैं, यह है :

अक्तूबर, १९५२ से सितम्बर, १९५३ .	६९,३७६
अक्तूबर, १९५३ से सितम्बर, १९५४	८१,६४२
अक्तूबर, १९५४ से जुलाई १९५५	२,१२,०४०
कुल	३,६३,०५८

भाखड़ा नंगल परियोजना

९६९. श्री भागवत झा आजाद : क्या **सिंचाई और विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या भविष्य में भाखड़ा-नंगल परियोजना की अनुमानित विद्युत उत्पादन सामर्थ्य में कोई वद्धि होने की आशा है ?

सिंचाई और विद्युत उपमंत्री (श्री हाथी): हां, श्रीमान् । एक दो एककों वाला बिजली घर (जिन में से प्रत्येक की उत्पादन सामर्थ्य २४,००० किलोवाट है) गंगवाल में बनाया गया है । उसी सामर्थ्य का एक और बिजलीघर कोटला में बन कर तैयार होने वाला है । इन दोनों बिजलीघरों में २४,००० किलोवाट के दो अतिरिक्त एककों के लगाने की प्रस्थापना है । भाखड़ा मुख्य बान्ध पर भी पहले पांच एकक जिनमें से कि प्रत्येक ९०,००० किलोवाट का होगा, लगाये जाने की प्रस्थापना है और ज्यों ज्यों मांग बढ़ेगी चार एकक और लगाये जायेंगे ।

हिन्दी उपभाषाओं में ब्राडकास्ट

९७०. श्री भक्त दर्शन : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आकाशवाणी के विभिन्न केन्द्रों से १९५४-५५ में हिन्दी की विभिन्न उप-

भाषाओं में कितनी वार्त्तायें और लोक-गीत ब्राडकास्ट किये गये; और

(ख) हिन्दी उप-भाषाओं की संख्या बढ़ाने और उन कार्यक्रमों में सुधार करने के लिये क्या कार्यवाही की जा रही है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (डा० केसकर) : (क) १९५४-५५ में अखिल भारतीय आकाशवाणी के सब केन्द्रों से विभिन्न हिन्दी बोलियों में क्रमशः ५,५३७ और ४५८ लोक-गीत और वार्त्तायें प्रसारित की गईं।

(ख) अब अखिल भारतीय आकाशवाणी के कार्यक्रम हिन्दी की प्रायः सभी प्रमुख बोलियों में प्रसारित होते हैं। इन कार्यक्रमों में सुधार के लिये लोक-गीत और संगीत की राष्ट्रीय मैफ़िलों का आयोजन, लोकगीतों का संग्रह और देहाती कार्यक्रमों को तैयार करने वालों की नियुक्ति आदि अनेक उपाय सोचे जा रहे हैं।

अंग्रेजी कपड़ा

९७१. **सेठ गोविन्द दास** : क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि ३ मई, १९५५ को सूती कपड़े पर आयात शुल्क घटाने के तीन मास पहले आयात किये गये अंग्रेजी कपड़े की मात्रा में और जो मात्रा उस तिथि के बाद आयात की गई उस में कितना अन्तर है ?

वाणिज्य और उद्योग तथा लोहा और इस्पात मंत्री (श्री टी० टी० कृष्णमाचारी): फरवरी से अप्रैल १९५५ तक के तीन महीनों की अवधि में ब्रिटेन से भारत में ६,१०,००० गज़ कपड़े का आयात हुआ, जबकि मई से जुलाई १९५५ तक की अवधि में ८,२०,००० गज़ कपड़ा आयात हुआ था।

अन्तर्राष्ट्रीय संगठन

९७२. **श्री एस० सी० सामन्त** : क्या **प्रधान मंत्री** यह दिखाने वाला एक विवरण सभा-पटल पर रखने की कृपा करेंगे :

(क) १९५४–५५ में विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों को जैसे कि यूनेस्को, ई० सी० ए० एफ० ई०, एफ० ए० ओ०, डब्ल्यू० एच० ओ० आदि को (संगठन वार) कितना वार्षिक अंशदान दिया गया;

(ख) क्या उस अवधि में इन संगठनों के सम्मेलनों में भारत का प्रतिनिधित्व किया गया था; और

(ग) यदि हां, तो ऐसे शिष्टमंडलों पर कितना व्यय हुआ ?

प्रधान मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्री जवाहरलाल नेहरू) : (क) से (ग) आवश्यक जानकारी एकत्रित की जा रही है और मिलते ही उसे सभा पटल पर रख दिया जायेगा।

समाचारपत्र

९७३. **श्री गिडवानी** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अहमदाबाद के दैनिक समाचारपत्रों ने पृष्ठों के हिसाब से मूल्य रखने की योजना को लागू करने के लिये स्थानीय दैनिक समाचारपत्रों में हो रहे "दर के झगड़े" की समाप्ति के लिये सरकार द्वारा हस्तक्षेप किये जाने की मांग की है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने इस मामले में क्या कार्यवाही की है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (डा० केसकर) : (क) हां, श्रीमान्।

(ख) सरकार ने प्रैस आयोग की पृष्ठानुसार कीमत की सिफारिश को सिद्धान्त

रूप से स्वीकार कर लिया है और उस सिद्धान्त को क्रियान्वित करने के लिये कार्यवाही की जा रही है ।

पारपत्र

९७४. **श्री रघुनाथ सिंह** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि गत आठ महीनों में जाली भारतीय पारपत्र बनाने के कितने मामले पकड़े गये तथा कितने व्यक्ति गिरफ्तार किये गये ?

प्रधान मंत्री तथा वैदेशिक कार्य मंत्री (श्री जवाहरलाल नेहरू) : १ जनवरी से ३१ अगस्त, १९५५ तक की अवधि में जाली भारतीय पारपत्र बनाने के सम्बन्ध में २६ व्यक्ति गिरफ्तार किये गये हैं ।

प्रधान मंत्री की सहायता निधि

९७५. **श्री डी० सी० शर्मा** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अगस्त, १९५५ के अन्त तक प्रधान मंत्री की सहायता निधि में कुल कितनी रकम एकत्रित हुई; और

(ख) इस निधि से कितने व्यक्तियों को लाभ पहुंचा ?

प्रधान मंत्री तथा वैदेशिक कार्य मंत्री (श्री जवाहरलाल नेहरू) : (क) और (ख). एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है । **[देखिये परिशिष्ट ९, अनुबन्ध संख्या ६१]**

विदेशी इंजीनियर

९७६. **श्री एल० एन० मिश्र :**
सरदार इकबाल सिंह :

क्या **सिंचाई और विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय सरकार के अधीन विभिन्न नदी घाटी परियोजनाओं में सेवायुक्त विदेशी इंजीनियरों की संख्या क्या है; और

(ख) उनमें से कितने कोलम्बो प्रविधिक सहायता तथा अन्य योजनाओं के अधीन कार्य कर रहे हैं ?

सिंचाई और विद्युत उपमंत्री (श्री हाथी) : (क) और (ख). अपेक्षित जानकारी देने वाला एक विवरण संलग्न है । **[देखिये परिशिष्ट ९, अनुबन्ध संख्या ६२]**

सीमेंट

९७८. **श्री नागेश्वर प्रसाद सिन्हा** : क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि १९५५ में (३० जून तक) भारत में उत्पादित सीमेंट की कुल मात्रा क्या है ?

वाणिज्य और उद्योग तथा लोहा और इस्पात मंत्री (श्री टी० टी० कृष्णमाचारी) : २,२१४,३९६ टन ।

विस्थापित व्यक्तियों के लिये मकान आदि

९७९. **श्रीमती सुभद्रा जोशी :**
श्री भागवत झा आज़ाद ।

क्या **पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) ५,००० रुपये तक के या इस से कम मूल्य के सरकार द्वारा बनाये गये मकानों आदि की क्या संख्या है जिनमें किराये के आधार पर दिल्ली में विस्थापित व्यक्ति रहते हैं;

(ख) ५,००० तथा १०,००० रुपये के बीच की कीमत की ऐसी सम्पत्तियों की संख्या क्या है; और

(ग) दिल्ली में सरकार द्वारा बनाई गई ऐसी दुकानों की क्या संख्या है जिनकी कीमत—

(१) २,००० रुपये या इससे कम है तथा वह ग्रामीण क्षेत्र में स्थित हैं या किसी ऐसे नगर में हैं जो

कि विस्थापित व्यक्ति प्रतिकर तथा पुनर्वास नियम, २९५५ के परिशिष्ट १० में दिये गये नगरों के अतिरिक्त है ।

(२) २,००० तथा १०,००० रुपये की कीमत के बीच की, जो कि उक्त नियमों के परिशिष्ट १० में उल्लिखित ग्रामीण क्षेत्रों अथवा नगरों में स्थित हैं ?

पुनर्वास उपमंत्री (श्री जे० के० भोंसले): (क) से (ग). ठीक ठीक आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। इन आंकड़ों को इकट्ठा करने तथा संकलित करने में लगने वाला समय एवं श्रम प्राप्त परिमाणों के सममात्रिक नहीं होगा ।

सरकारी आवास-स्थान का आगे किराये पर दिया जाना

९८०. **चौधरी मुहम्मद शफी** : क्या **निर्माण, आवास और संभरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली, कलकत्ता और बम्बई में केन्द्रीय सरकार के ऐसे कर्मचारियों की संख्या कितनी है जिन्हें यह ज्ञात होने पर कि उन्होंने अपना मकान अनधिकृत रूप से आगे किराये पर दे रखा है, सरकारी आवास-स्थान से वंचित कर दिया गया है;

(ख) क्या उनके द्वारा की गई इस अनियमितता के बाद भी उन्हें मकान किराया भत्ता दिया जाता है; और

(ग) यदि हां, तो किन कारणों से ?

निर्माण, आवास और संभरण मंत्री (सरदार स्वर्ण सिंह) : (क) ३१ जुलाई, १९५५ को समाप्त होने वाले बारह महीनों में, दिल्ली में २३ पदाधिकारी तथा कलकत्ता में एक पदाधिकारी अपने आवास-स्थानों को अनधिकृत रूप से आगे किराये पर देने के आधार पर सरकारी आवास-स्थान से वंचित किये गये। बम्बई में ऐसा कोई मामला ज्ञात नहीं हुआ ।

(ख) हां, श्रीमान् ।

(ग) इस कारण से कि मकान किराया भत्ता न देकर अब और सजा न दी जाये ।

मशीन द्वारा छपाई

९८१. **श्री जनार्दन रेड्डी**: क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सत्य है कि अहमदाबाद तथा बम्बई के हाथ से छपाई करने वालों ने योजना आयोग से मशीन द्वारा छपाई पर रोक लगाये जाने की मांग की है; और

(ख) यदि हां, तो उस सम्बन्ध में क्या निर्णय किया गया है ?

योजना उपमंत्री (श्री एस० एन० मिश्र): (क) अगस्त, १९५५ में अखिल भारतीय हाथ छपाई उद्योग फेडरेशन अहमदाबाद की ओर से योजना आयोग को एक अभ्यावेदन प्राप्त हुआ था और हाल ही में उनके एक संकल्प की प्रति, जो कि कारखानों में छपे कपड़े के विरुद्ध संरक्षण दिये जाने के बारे में है, भी प्राप्त हुई है ।

(ख) कपड़ा छपाई उद्योग में छोटे तथा बड़े क्षेत्रों के लिये एक समान उत्पादन कार्यक्रम बनाने का प्रश्न सरकार के विचाराधीन है। किन्तु यह बात देख ली जानी चाहिये कि इस समय कारखानों द्वारा छपे कपड़े का उत्पादन १९४९—५४ की अवधि के सर्वोतम वर्ष के उत्पादन तक सीमित

भाखड़ा नंगल परियोजना

९८२. **श्रीमती इला पालचौधरी** : क्या **सिंचाई और विद्युत** मंत्री २२ अप्रैल, १९५५ को दिये गये तारांकित प्रश्न संख्या २५०३

के उत्तर के सम्बन्ध में बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या भाखड़ा नंगल परियोजना के भृष्टाचार सम्बन्धी मामलों में अनुसन्धान कार्य पूरा हो गया है;

(ख) यदि हां, तो कितने व्यक्ति अपराधी पाये गये; और

(ग) सरकार ने उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की ?

सिंचाई और विद्युत उपमंत्री (श्री हाथी) : (क) से (ग). जानकारी एकत्रित की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

श्रीलंका में भारतीय

९८३. **श्री बी० एस० मूर्ति** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सत्य है कि सरकार उन भारतीयों को, जिन्हें श्रीलंका ने नागरिकता के अधिकार देने से इनकार कर दिया है अन्दमान में बसाने की प्रस्थापना करती है;

(ख) यदि हां, तो ऐसे परिवार कितने हैं;

(ग) किस तिथि को बसने वाले व्यक्तियों का प्रथम दल अन्दमान भेजा जायेगा; और

(घ) इस प्रयोजन के लिये कितनी धनराशि आवंटित की गयी है ?

प्रधान मंत्री तथा वैदेशिक कार्य मंत्री (श्री जवाहरलाल नेहरू) : (क) भारत सरकार के विचाराधीन ऐसी कोई प्रस्थापना नहीं है ।

(ख) से (घ). प्रश्न उत्पन्न नहीं होते ।

निष्क्राम्य सम्पत्तियां

९८४. **डा० सत्यवादी** : क्या **पुनर्वास मंत्री** इन बातों को दिखाने वाला एक विवरण सभा पटल पर रखने की कृपा करेंगे :

(क) १९४७ के उपरान्त दिल्ली के अभिरक्षक द्वारा कितनी रिहायशी सम्पत्तियां निष्क्राम्य सम्पत्ति के रूप में ले ली गयी थीं, और अब तक ऐसी कितनी सम्पत्तियां उनके स्वामियों को वापिस लौटा दी गयी हैं;

(ख) अभिरक्षक द्वारा इन सम्पत्तियों के लिये एकत्रित किये गये किराये की कुल राशि कितनी है; और

(ग) अभी तक किराये न मिलने के कितने मामले हैं और उनमें कितनी राशि अन्तर्ग्रस्त है ?

पुनर्वास उपमंत्री (श्री जे० के० भोंसले): (क) से (ग). इस जानकारी को एकत्रित करने में जितना समय और श्रम लगेगा वह प्राप्त होने वाले परिणामों के सममात्रिक नहीं होगा ।

विज्ञापन

९८५. **डा० सत्यवादी** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विभिन्न राज्यों में विज्ञापन के प्रयोजन के लिये सरकार की स्वीकृत सूची में कितने दैनिक तथा साप्ताहिक भाषा पत्र हैं;

(ख) १९५४–५५ में सरकारी नोटिसों और विज्ञापनों के लिये इन समाचार पत्रों को कुल कितनी धन राशि दी गयी; और

(ग) इस प्रयोजन के लिये पत्रों को स्वीकृति देने के लिये क्या शर्तें हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (डा० केसकर) : (क) पत्रों की इस प्रकार की कोई स्वीकृत सूची नहीं रखी जाती है । पत्रों का उपयोग तो प्रत्येक सूचना की आवश्यकता पर निर्भर करता है । १९५४–५५ में कुल ४३६ पत्रों का उपयोग किया गया था, जिन में से २९७ भारतीय भाषाओं के पत्र और पत्रिकायें थीं ।

(ख) १९५४–५५ में रेलवे विभाग के अतिरिक्त भारत सरकार के अन्य विभागों

की ओर से विज्ञापन शाखा द्वारा भारतीय भाषाओं के दैनिक तथा साप्ताहिक पत्रों को ३,८२,९७० रुपयों के नोटिस और विज्ञापन जारी किये गये थे ।

(ग) विभिन्न भाषाओं के विभिन्न समाचार पत्रों और पत्रिकाओं के साधनों का ब्यौरा विज्ञापन शाखा में अभिलिखित किया जाता है और उपलब्ध धन राशि के अन्दर जब भी आवश्यकता होती है तो भारत सरकार के विज्ञापनों को जारी करने के लिये उपयुक्त पत्रों के सम्बन्ध में उनके प्रभावकारी परिचालन, भाषा और कितने क्षेत्र में परिचालन करना अपेक्षित है—इन बातों के आधार पर विचार किया जाता है । अन्य बातें जिन पर विचार किया जाता है यह हैं—प्रकाशन में नियमितता, उसे किस श्रेणी के व्यक्ति पढ़ते हैं, मान्य पत्रकारिता सम्बन्धी नीति शास्त्र के प्रति अनुषक्ति, उत्पादन स्तर इत्यादि ।

वाणिज्यिक और उद्योग तथा पत्रिकायें

९८६. **ठाकुर युगल किशोर सिंह** : क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि १९५४-५५ में कौन कौन से वाणिज्यिक प्रकाशन तथा पत्रिकायें प्रकाशित हुई, उनके मूल्य क्या क्या हैं और उनका वार्षिक चन्दा क्या है ?

वाणिज्य और उद्योग तथा लोहा और इस्पात मंत्री (श्री टी० टी० कृष्णामाचारी): उपलब्ध जानकारी देने वाला एक विवरण यहां संलग्न है । **[देखिये परिशिष्ट ९, अनुबन्ध संख्या ६३]**

सरकारी आवास-स्थान

९८७. **श्री बी० के० दास** : क्या **निर्माण, आवास और संभरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) ऐसे मामलों की संख्या कितनी है जिनमें गवर्नमेंट ऑफ इंडिया प्रैस के कर्मचारियों को गत एक वर्ष में उनकी सेवा निवृत्ति के उपरान्त भी सामान्य समूह में सरकारी क्वाटरों में रहते रहने की अनुमति दी गयी थी ;

(ख) यह अनुमति किस आधार पर दी गई थी ; और

(ग) कितने व्यक्तियों को अनुमति देने से इनकार कर दिया गया था ?

निर्माण, आवास और सम्भरण मंत्री (सरदार स्वर्ण सिंह) : (क) गवर्नमेन्ट ऑफ इंडिया प्रैस, नई दिल्ली के एक कर्मचारी को प्रेस समूह में अपने क्वार्टर में निश्चित अवधि से अधिक काल के लिये रहने की अनुज्ञा दी गई थी ।

(ख) यह अनुज्ञा उसे उसके बच्चों की शिक्षा में असुविधाजनक अवसर पर आने वाली बाधाओं से बचाने और उसकी माता की बीमारी के कारण से दी गई थी ।

(ग) चार मामलों में नियमों के अन्तर्गत निश्चित अवधि से अधिक काल तक ठहरने के लिये मांगी गई अनुज्ञा को अस्वीकृत कर दिया गया था ।

पंचवर्षीय योजना

९८८. **श्री भक्त दर्शन:**
श्री विश्व नाथ राय :

क्या **योजना** मंत्री १६ अगस्त, १९५५ को दिये गये तारांकित प्रश्न संख्या ७६७ के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने द्वितीय पंचवर्षीय योजना में सम्मिलित करने के लिये इस्पात, रसायनिक खाद, और कागज आदि जैसे कुछ भारी उद्योगों की जोरदार सिफारिश की है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

योजना उपमंत्री (श्री एस० एन मिश्र): (क) भारी उद्योगों को कायम करने के लिये कुछ प्रस्ताव उत्तर प्रदेश की द्वितीय पंचवर्षीय योजना के मसविदा में शामिल किये गये थे ।

(ख) उन प्रस्तावों की रूप रेखा सदन की मेज पर रख दी गई है । **[देखिये परिशिष्ट ९, अनुबन्ध संख्या ६४]**

विज्ञापन

९८९. श्री वीरस्वामी : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि १९५२-५३, १९५३-५४ और १९५४-५५ में अंग्रेजी और तामिल भाषाओं के दैनिक समाचार पत्रों तथा पत्रिकाओं को विज्ञापन खर्चों के रूप में कितनी धन राशि दी गयी ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (डा० केसकर) : रेलवे मंत्रालय के अतिरिक्त भारत सरकार के अन्य सभी मंत्रालयों की ओर से प्रदर्शित किये जाने वाले विज्ञापन सूचना और प्रसारण मंत्रालय की विज्ञापन शाखा के द्वारा जारी किये जाते हैं । रेलवे मंत्रालय के अतिरिक्त भारत सरकार के अन्य सभी मंत्रालयों के वर्गीकृत विज्ञापनों के जारी करने का कार्य भी १ अगस्त, १९५४ से विज्ञापन शाखा में केन्द्रित कर दिया गया था ।

निम्न विवरण यह बताता है कि १९५२-५३, १९५३-५४ और १९५४-५५ में विज्ञापन शाखा द्वारा मद्रास राज्य में प्रकाशित होने वाले तामिल भाषा के दैनिक समाचार पत्रों तथा पत्रिकाओं और अंग्रेजी भाषा के दैनिक समाचार पत्रों तथा पत्रिकाओं में प्रकाशित कराये गये विज्ञापनों पर कितना खर्च आया था :

वर्ष	मद्रास राज्य में प्रकाशित होने वाले अंग्रेजी समाचार पत्र तथा पत्रिकायें	तामिल भाषा के दैनिक पत्र तथा पत्रिकायें
	रुपये	रुपये
१९५२-५३	४६,३२६	३५,४७१
१९५३-५४	५३,३१७	३४,२१४
१९५४-५५	११३,३१५	४१,६०७

१९५४-५५ के आंकड़ों में विज्ञापन शाखा द्वारा १ अगस्त, १९५४ से ३१ मार्च, १९५५ तक जारी किये गये वर्गीकृत विज्ञापन भी सम्मिलित हैं, जिनके सम्बन्ध में भारतीय भाषाओं के पत्रों के अधिकाधिक उपयोग के बारे में नीति अपनाई जा रही है ।

पारपत्र

९९०. सरदार इकबाल सिंह : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार पारपत्रों से सम्बन्ध रखने वाले नियमों और विनियमनों को संशोधित करने और पुनः बनाने की प्रस्थापना करती है ;

(ख) यदि हां, तो कब ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

प्रधान मंत्री तथा वैदेशिक कार्य मंत्री (श्री जवाहरलाल नेहरू) : (क) से (ग). सरकार भारतीय पारपत्र जारी करने से सम्बन्ध रखने वाले नियमों में कोई भारी परिवर्तन करने का विचार नहीं करती है, परन्तु पारपत्र प्रदान करने की प्रक्रिया को वित्तीय सुरक्षा और अन्य प्रकार की दृष्टियों से सरल बनाने के लिये कार्यवाही की जा रही है ।

अबाध व्यापार

९९१. **श्री के० के० दास** : क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन देशों के नाम क्या हैं जिनके साथ भारत अबाध व्यापार कर रहा है ;

(ख) उन देशों के साथ भारत ने किन किन वर्षों में निशुल्क व्यापार प्रारम्भ किया था ; और

(ग) भारत द्वारा उन देशों से कौन कौन सी वस्तुयें आयात की गई हैं और यहां से कौन कौन सी वस्तुयें निर्यात की गई हैं ?

भारत सरकार तथा राज्य सरकारें लाखों रुपया हरिजनों, अनुसूचित आदिम-जातियों तथा पिछड़े वर्गों के लिये छात्र-वृत्तियों पर व्यय करती हैं किन्तु खेद है कि उन की कोई सूची सरकारों के पास नहीं है।

मैं माननीय मंत्री के विचार करने के लिये कुछ ठोस सुझाव देना चाहूंगा। भारत सरकार को इस बात का ध्यान रखना चाहिये कि राज्यों में हरिजन विभाग ऐसे लोगों को सुपुर्द किये जायें जिन में सवर्ण तथा हरिजन लोगों को विश्वास हो। हरिजन कल्याण विभाग में इस के आंकड़े एकत्र करने चाहियें जिस से किये गये कार्य का पता लग सके। इन कार्यों के अध्ययन तथा सर्वेक्षण का भी प्रबन्ध होना चाहिये।

अस्पृश्यता-निरोधी कार्य के लिये प्रचार किया जाना चाहिये। किन्तु इस से भी आवश्यक कार्य है शिक्षा तथा आर्थिक उन्नति क्योंकि जब तक ऐसा नहीं होगा तब तक असपृश्यता-निरोधी कार्यों से कोई लाभ नहीं होगा।

आज लोगों को रोजगार देने की समस्या भी प्रमुख है। इस कारण बंजर भमि उन्हें

संबंधी आयुक्त के १९५३
और १९५४ के प्रतिवेदनों
के बारे में प्रस्ताव

श्री बी० एस० मूर्त्ति]

इन को कुछ ऋण भी दिया जा सकता जिस से वे कुटीर उद्योग खोल सकें ।

गन्दी बस्तियों को हटाने के लिये कुछ समय पहले प्रधान मंत्री ने घोषणा की थी कि गन्दी बस्तियों को हटा कर उन का सुधार किया जाना चाहिये । अतएव भारत सरकार तथा राज्य सरकारों को चाहिये कि वे सवर्ण हिन्दुओं के मुहल्लों में भी उन के रहने की व्यवस्था करें । सांस्कृतिक कार्य तथा सामुदायिक संगठन भी होने चाहियें और प्रत्येक स्थान में एक रचनात्मक कार्यकर्ता होना चाहिये जो इन से सम्पर्क स्थापित रखे ।

केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड से स्त्रियों के संगठन तथा बच्चों की शिक्षा का कार्य लिया जा सकता है । कुछ महिला कार्यकर्तायें होनी चाहियें जिन के द्वारा बोर्ड हरिजनों की सफ़ाई तथा सांस्कृतिक क्रियाकलापों की देखभाल कर सके । इन कार्यों को कार्यान्वित करने से अच्छे परिणाम निकल सकते हैं तथा उन की उन्नति हो सकती है ।

कुछ राज्य सरकारें, विशेषकर आंध्र सरकार केन्द्रीय सरकार द्वारा दिये गये अनुदानों से लाभ नहीं उठा सकी है । इस का कारण यह बताया गया है कि उनके पास निधि नहीं है । अतः केन्द्रीय सरकार को इस की पुनः जांच करनी चाहिये और यह देखना चाहिये कि दिये गये अनुदानों का हरिजनों की स्थिति सुधारने में उचित उपयोग किया गया है ।

श्री एच० एन० मुकर्जी (कलकत्ता–उत्तर पूर्व) : सदन अब आशा करता है कि नये गृह-कार्य मंत्री के आने से सरकार के अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिमजातियों के उद्धार के काम के लिये एक नया उत्साह पैदा होगा ।

सितम्बर के मध्य में हम पिछले वर्ष की रिपोर्ट की चर्चा कर रहे हैं । मेरे विचार में यह कोई वांछनीय बात नहीं है । मैं श्री जयपाल सिंह के इस सुझाव का समर्थन करता हूं कि इस रिपोर्ट पर चर्चा प्रत्येक आयव्ययक सत्र में की जाये ।

आयुक्त ने इस रिपोर्ट में अपनी यह वार्षिक शिकायत दुहराई है कि राज्य सरकारें उसे समय पर जानकारी नहीं भेजतीं । मैं यह भी अनुभव करता हूं कि उन के पास कर्मचारी कम हैं । माननीय मंत्री को यह देखना चाहिये कि उन्हें अपना कर्तव्य पूरा करने में कोई कठिनाई न हो ।

मुझे यह कहना पड़ेगा कि आयुक्त की रिपोर्ट और विशेषतया उन के दौरों का विवरण उत्साहजनक नहीं है । इन में शीघ्रता से काम करने की भावना नहीं दिखाई देती और न ही यह प्रकट होता है कि हमें इन पिछड़े हुए लोगों पर गर्व है ।

मिदनापुर जिले के सदस्य जानते हैं कि पिछले वर्षों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिमजातियों के लोगों ने राष्ट्रीय आन्दोलन में कितना भाग लिया है, किन्तु मुझे खेद है कि हम इन पर गर्व नहीं करते और यह अनुभव नहीं करते कि यह लोग भारत के रत्न हैं ।

भूतपूर्व गृह-कार्य मंत्री और गृह-कार्य उपमंत्री के भाषणों में आत्म-सन्तुष्टि की झलक दिखाई देती है । डा० काटजू ने कई बार कहा कि इन लोगों के लिये बहुत सा रुपया दिया गया है । किन्तु जैसा कि श्री बर्मन ने कहा था, यह इतना कम है कि न होने के ही बराबर है । पिछले वादविवाद के अवसर पर इन की स्थिति के बारे में श्री बी० एस० मूर्त्ति और श्री पी० एल० कुरील ने बहुत क्षोभ प्रकट किया था ।

आयुक्त और गृह-कार्य मंत्रालय ने कुछ नोट परिचालित किये हैं जिन में बताया गया है कि संसद् में की गई शिकायतों के बारे में क्या कार्यवाही की गई है । मैं इन में से कुछ का उल्लेख करता हूं ।

इस शिकायत के बारे में कि प्रगति असन्तोषजनक है, सरकार ने कहा है : "यह एक अस्पष्ट कथन है", जैसा कि सरकार वादविवाद में जीतने की कोशिश कर रही हो ।

भूमिहीन अनुसूचित जाति और अनुसूचित आदिम जाति के लोगों के बारे में कहा गया है कि राज्य सरकारें इन के पुनर्वास के लिये जो कुछ हो सकता है, कर रही हैं । यह एक हास्यास्पद बात है, क्योंकि पैप्सू की अनुसूचित जातियों के बारे में आयुक्त ने रिपोर्ट के पृष्ठ ३९ में कहा है "यदि इन्हें अपनी जमीनों या मकानों से बेदखल किया गया, क्योंकि यह निष्क्रान्त सम्पत्ति है, तो ये संकट में पड़ जायेंगे ।" आगे चल कर उन्हों- ने कहा है कि हरिजन किसानों और कृषि- श्रमिकों को, जो किसी नये विधान के कारण बेकार हो जायेंगे कृषि योग्य बनाई गई भूमि दी जानी चाहिये । इन बातों के होते हुए भी सरकार का कहना है कि वह सब कुछ कर रही है ।

मद संख्या ८ के बारे में, जिस में कहा गया है कि बिहार और उड़ीसा के अनुसूचित जाति और अनुसूचित आदिमजाति के लोगों पर वन विभाग के अधिकारियों ने अभियोग चलाया था और उन्हें जेल में डाल दिया था, उत्तर यह दिया गया है : "आवश्यक कार्यवाही के लिये सरकार का ध्यान इस मामले की ओर दिलाया गया है" । हम यह जानना चाहते हैं कि सरकार ने इस मामले में और मद संख्या १३ के मामले में, जोकि जनसंख्या के सम्बन्ध में है, क्या किया है ?

मद संख्या १८ में कहा गया है :

"आसाम के स्वायत्त जिलों को दी गई शक्तियों को रद्द करने का अधिक राज्यपाल को नहीं होना चाहिये" ।

इस का उत्तर यह है : "राज्यपाल चूंकि राज्य का अध्यक्ष है, इसलिये उन्हें ने केवल जिला परिषदों के सम्बन्ध में, बल्कि राज्य के सामान्य प्रशासन के सम्बन्ध में भी अधि- भावी प्राधिकार है ।" जहां तक संवैधानिक औचित्य का सम्बन्ध है, यह बहुत बेहूदा बात है, संवैधानिक वकीलों के अनुसार राज्य सरकार की ऐसी कोई 'अधिभावी शक्ति' नहीं है ।

पिछले वर्ष संसद में यह शिकायत की गई थी कि कल्याण कार्य के लिये दिया गया रुपया राजनीतिक प्रयोजनों के लिये खर्च किया जाता है । इस का उत्तर यह है कि यदि ऐसा किया गया तो अनुदान बन्द कर दिया जायेगा । किन्तु श्री जयपाल सिंह ने कल यही आरोप फिर लगाया है । मैं चाहता हूं कि सरकार केवल प्रतिवाद ही न करे, बल्कि ठोस काम कर के दिखाये ताकि लोगों में विश्वास पैदा हो ।

इस शिकायत के बारे में कि आंध्र में पहाड़ी आदिमजातियों का प्रशासन बहुत खराब है, फिर यही कहा गया है कि इस ओर ध्यान दिया गया है हम यह नहीं जानते कि सरकार ने क्या कार्यवाही की है ।

त्रावनकोर-कोचीन में हरिजनों के मन्दिरों में प्रवेश के बारे में जो विधि है, उसे लागू करवाने में गृह मंत्रालय ने स्पष्ट शब्दों में अपनी असमर्थता प्रकट की है । मैं नहीं समझ सका कि इस का क्या कारण है और सरकार ऐसा क्यों नहीं कर सकती ?

भूमि का प्रश्न बहुत गम्भीर है, किन्तु मैं देखता हूं कि अनुसूचित जातियों से भूमि ले कर राजनीतिक पीड़ितों को दे दी गई है । उत्तर पूर्वी सीमान्त एजेंसी में लोगों को सब से बड़ी शिकायत यह है कि उन्हें पीने का पानी नहीं मिलता और हम यहां बैठे

अनुसूचित जातियों १६ सितम्बर १९५५ तथा अनुसूचित आदिमजातियों ४०००
सम्बन्धी आयुक्त के १९५३ और
१९५४ के प्रतिवेदनों के बारे में प्रस्ताव

[श्री एच० एन० मुकर्जी]

समाज के निर्माण की बड़ी बड़ी योजनायें बना रहे हैं। आदिम जातियों में उदाहरणतया, टोडों में, कृषि के प्रचार के लिये, इसे लोकप्रिय बनाने के लिये क्या पग उठाये जा रहे हैं ? उन्हें बताया जाना चाहिये कि वे कृषि कैसे करें और उन्हें सब सुविधायें दी जानी चाहियें। मैं जानना चाहता हूं कि आसाम और उत्तर पूर्वी सीमान्त एजेंसी के उन क्षेत्रों में जिन में 'झूमिंग' प्रचलित है, कृषि शुरू करने के लिये क्या किया जा रहा है ? मैं जानना चाहता हूं कि वहां कितने चलते पुस्तकालय भेजे गये हैं और कितनी फिल्में दिखाई गई हैं ? मुझे मालूम हुआ है कि त्रिपुरा में अनुसूचित जातियों से भूमि छीन ली गई है और उन के स्कूल सरकार की सहायता के अभाव में बन्द हो गये हैं।

नौकरियों के सुरक्षण के मामले में सौराष्ट्र को छोड़ कर, किसी राज्य ने अपना कर्तव्य पूरा नहीं किया और अनुसूचित जाति के लोगों की नौकरी की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। हमारे विमान बल में एक भी कमीशन प्राप्त अधिकारी अनुसूचित जाति का नहीं है। गत वर्ष नौकरी दफ्तरों के रजिस्टरों में अनुसूचित जाति के उम्मेदवारों की संख्या १५८,२२४ थी और केवल २४,६१४ को नौकरी दी गई थी। अनुसूचित आदिमजातियों के १७,८०६ व्यक्तियों में से केवल ३,२७७ को नौकरी दी गई थी। मैं नहीं समझ सकता कि प्रगति इतनी कम क्यों है ? मैं अनुसूचित आदिमजाति के एक ऐसे विद्यार्थी के मामले को जानता हूं, जो पहले दर्जे की डिग्री प्राप्त करने के बाद नौकरी के लिए मारा मारा फिरता रहा और अन्त में उसे कालेज में अध्यापक बनना पड़ा। आप जानते हैं कि ऐसे अध्यापकों की क्या स्थिति होती है। यह सब कुछ सहानुभति की भावना के अभाव के करण हो रहा है।

जो लोग आदिमजातियों के सुधार का काम कर रहे हैं, उनके प्रधानकार्यालय आदिम जाति क्षेत्रों से कई कई सौ मील दूर है। इसके क्या कारण हैं ? आप जानते हैं कि इन क्षेत्रों में ऐसे लोग हैं जो इन आदिम जातियों को भारत की राज भक्ति से दूर करना चाहते हैं। इस सम्बन्ध में आप क्या कर रहे हैं। केवल बड़ी बड़ी बातें कह कर आप इन लोंगो की निष्टा प्राप्त नहीं कर सकते। आप आदिम जाति के लिए स्वायत्त शासन की एक प्रणाली क्यों नहीं बनाते और इन्हें स्वायत्त शासन के कुछ आधिकार क्यों नहीं देते ? दो वर्ष पूर्व स्वर्गीय डा० श्याम प्रसाद मुकर्जी ने यह सुझाव दिया था कि एक सर्व-दलीय आयोग दो मास तक इन सब क्षेत्रों का दौरा करे। इस सुझाव पर क्यों ध्यान नहीं दिया जाता ?

आयुक्त ने खेद प्रकट किया है कि जहां तक गैर-सरकारी लोगों का सम्बन्ध है, उन में कोई उत्साह नहीं है ? यह उत्साह कैसे हो सकता है जब कि संसद के सदस्यों की एक स्थायी समिति भी नहीं है और आदिम जाति क्षेत्रों के लिए कोई विषेश प्रणाली नहीं है। उन नवयुवकों को जो उनकी भाषाएं सीखते हैं और कहां जा कर रहते हैं, एक विशेष भत्ता क्यों नहीं दिया जाता और देश की विभिन्न आदिमजातियों के लिए एक विशेष विश्वविद्यालय क्यों नहीं खोला जाता, जैसा कि चीन में है ? इस के विपरीत हम देखते है कि गृह-कार्य मंत्रालय मनीपुर और त्रिपुरा के आंदोलनों का दमन करना चाहता है।

आयुक्त ने इस बात पर खेद प्रकट किया है कि इस समय हम में उत्साह का अभाव है। उत्साह कैसे हो सकता है ? उसके लिये आपको अपनी एक विशेष धारणा बनानी होगी। भारतीय समाज को कर्म के सिद्धान्त ने बहुत

प्रभावित किया है। हमारी संस्कृति में पुनर्जन्म पर भी विश्वास किया जाता है। इसी प्रकार अनेक शताब्दियों से हम ने समाज के एक वर्ग को नीच और अस्पृश्य समझा है। अब हम ने उन्हें 'हरिजन' नाम दिया है और इस तरह उन्हें नई जाति मान कर अब भी पृथक् कर रखा है। मैं तो चाहता हूं कि इन लोगों को औरों की भांति समान अधिकार और समान सुविधायें दी जायें।

मुझे आशा है कि गृह-मंत्रालय हरिजन कल्याण के लिये जागरूक रहेगा। तभी भारत का पुनर्निर्माण सार्थक कहा जा सकता है, अन्यथा हम लोग अपने लक्ष्य में असफल ही कहे जायेंगे।

श्री आई० ईयाचरण (पोन्नानी--रक्षित-अनुसूचित जातियां) : सब से पहले तो मैं अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम-जातियों के आयुक्त को बधाई देता हूं जिन्हों ने इन जातियों की स्थिति स्पष्ट रूप से प्रतिवेदित की है। उन्होंने यह भी कहा है कि राज्य सरकारें हरिजन कल्याण योजनायें लागू नहीं कर रही हैं।

शिक्षा सुविधायें देने के अतिरिक्त सरकार को हरिजनों के आर्थिक स्तर को ऊंचा करने का भी प्रयत्न करना चाहिये। यह ठीक है कि हरिजन स्वयं अपने हितों की रक्षा नहीं कर रहे हैं, किन्तु वे निर्धन हैं और उन्हें प्रोत्साहन दिया जाना चाहिये।

शिक्षित हरिजनों में बेकारी फैली हुई है। मलबार जिले में हरिजनों की जो दशा है, मैं उस से भलीभांति परिचित हूं। पिछले तीन वर्षों से एक भी हरिजन को सरकारी नौकरी में नहीं लिया गया है।

आयुक्त ने १९५१ के प्रतिवेदन में बताया है कि मलबार में ६०,००० हरिजन कृषि सम्बन्धी मजदूरी करते हैं और गुलामों का-सा जीवन व्यतीत करते हैं। सरकार ने उन्हें मकानों की सुविधा भी नहीं दी है।

मलबार किसान अधिनियम में भी कुछ सुधारों की जरूरत है। मलबार में हरिजन झोंपड़ियों में रहते हैं। यदि उस भूमि के मालिक चाहते हैं तो हरिजनों को वहां से निकाल देते हैं। इस अधिनियम में यह उपबन्ध किया जाना चाहिये कि इस प्रकार हरिजनों को अपने आश्रय से वंचित न किया जाय।

सामुदायिक परियोजना क्षेत्रों में मकान बनाने के लिये लोगों को ऋण दिये जाते हैं, किन्तु हरिजन बेचारे उस से भी वंचित रह जाते हैं। उनके लिये कोई भी व्यक्ति जमानत देने को तैयार नहीं होता। मुझे आशा है कि सरकार इस ओर ध्यान देगी।

सरकार को कृषि सम्बन्धी न्यूनतम मजूरी अधिनियम जल्दी से जल्दी पारित करना चाहिये। मलबार में हरिजन कृषि की मजदूरी करते हैं जिस के लिये उन्हें बहुत कम पैसे मिलते हैं।

आयुक्त ने यह भी कहा है कि हरिजन कल्याण के लिये उन्हें जमीनें दी जा रही हैं किन्तु मद्रास में हरिजनों को कोई जमीन नहीं मिल रही है। इसी प्रकार मद्रास सरकार हरिजनों के लिये निश्चित रकम को भी खर्च नहीं करती क्योंकि उस में आधा हिस्सा केन्द्रीय सरकार खर्च करती है। मेरे विचार से तो मद्रास सरकार को उस रकम का ७५ प्रतिशत अंश दिया जाना चाहिये ताकि मद्रास सरकार को यह रकम खर्च करने का अधिकार हो जाये।

दूसरी बात हमें यह मालूम हुई है कि पालघाट में २५ गांव ब्राह्मणों के हैं जहां से किसी हरिजन को गुजरने नहीं दिया जाता। इस की सूचना आयुक्त को दी गई

[श्री आई० ईयाचरण]

है । मैं जानना चाहता हूं कि इस विषय में क्या कायवाही की गई है ।

श्री पी० एन० राजभोज : यह बड़े सन्तोष का विषय है कि हमारे शेड्यूल्ड कास्ट कमिश्नर साहब ने काफ़ी कष्ट उठा कर सन् ५३ और ५४ की रिपोर्ट्स तैयार कीं और आज सदन में उन पर बहस चल रही है । मैं समझता हूं कि उन रिपोर्टों में कई उपयोगी सुझाव उन्हों ने सरकार को दिये हैं और मुझे कोई शक नहीं है कि अगर सरकार द्वारा यह मंजूर कर लिये जाते हैं तो हम अछूत भाइयों का इस देश में काफ़ी कल्याण हो जायेगा और हमारी गिरी हुई अवस्था सुधर जायेगी ।

मैं उम्मीद करता हूं कि हमारे दातार साहब और पन्त जी अछूतों के उद्धार के लिये आवश्यक आदेश जारी करेंगे और मैं मानता हूं कि उन के मंत्रालय ने इस विषय में राज्य सरकारों को आदेश भेजे भी हैं लेकिन कठिनाई यह है कि वे आदेश सिर्फ़ लिखा पढ़ी तक ही सीमित रह जाते हैं और उन पर अमल नहीं हो रहा है । मैं मंत्री महोदय का ध्यान इस ओर दिलाऊंगा और चाहूंगा कि वह ऐसी व्यवस्था करें ताकि जो वे आदेश यहां सेन्टर से जारी करें, उन पर विभिन्न राज्यों में अमल हो । इस के लिये मैं राज्य सरकारों या केन्द्र की सरकारों को क़सूरवार नहीं ठहराता क्योंकि उन का काम तो आदेश जारी करना होता है जोकि वे कर रही हैं लेकिन दोष अधिकारियों का है जिनके कि ऊपर इस काम की ज़िम्मेदारी होती है और वे अपने कर्तव्य का पालन नहीं करते ।

जहां तक सर्विसेज़ का ताल्लुक़ है मेरी सरकार से प्रार्थना है कि हरिजनों को ज्यादा से ज्यादा उन में भरना चाहिये और इस के लिये सर्विस सम्बन्धी नियमों में भी तबदीली करने की आवश्यकता है । केन्द्र और राज्य सरकारों को अपने अधिकारियों को इस के लिये हिदायत कर देनी चाहिये कि हरिजनों को नौकरियों में भरती करते समय जो भी भरती के नियम और पाबन्दियां हों उन को नर्म कर देना चाहिये ताकि वे अधिक से अधिक संख्या में नौकरियां पा सकें । हरिजनों के लिये उतने स्ट्रिक्ट क़ानून सर्विस के नहीं होने चाहियें जितने कि सवर्ण हिन्दुओं के लिये होते हैं । अब जहां तक एफ़िशियेंसी (कार्यपटुता) का सम्बन्ध है मैं इस की आवश्यकता महसूस करता हूं और मैं भी चाहता हूं कि हमारे सरकारी कार्यालयों में एफ़िशियेंसी रहे और काम योग्यतापूर्वक हो और मुझे पूरा भरोसा है कि मौक़ा मिलन पर हमारे हरिजन भाई वैसी ही योग्यता दिखायेंगे जैसी कि सवर्ण लोग दिखलाते हैं लेकिन उस के लिये हमारे दलित भाइयों को चान्स तो मिलना चाहिये । मेरा सुझाव है कि हरिजन उम्मीदवारों से मिनिमम क्वालिफ़िकेशन मांगी जाये । नौकरियों के विज्ञापनों में हम अक्सर देखते हैं कि इस के लिये ५ वर्ष, ६ वर्ष या दस वर्ष का तजुर्बा डिमांड किया जाता है, अब आप समझ सकते हैं कि हम दलित हरिजन भाई जो वर्षों से गिरी हुई अवस्था में रहते आये हैं, उन से आप कैसे उम्मीद कर सकते हैं कि उन के पास यह तजुर्बा होगा । हमारे जो नौजवान शिक्षित लोग हैं और बी० ए०, और एम० ए० पास कर चके हैं, उन को सरकार को जल्द से जल्द नौकरियां देनी चाहियें ।

फ़ारेन स्कालरशिप्स के बारे में मुझे यह कहना है कि इन को बन्द न किया जाये और हमारे भाइयों को उस में चान्स मिलना चाहिये । आप को यह बात ध्यान में रखनी चाहिये कि हमारी जातियों के लिये नया

नेतृत्व होना आवश्यक है और यह नेतृत्व आखिर हमारे नौजवानों में से ही तैयार होगा, इसलिये यह और भी ज़रूरी हो जाता है कि हमारे नौजवानों को चांस दिया जाये। हमारे नौजवानों को उत्तम शिक्षण और टेकनिकल ट्रेनिंग देने की सरकार को व्यवस्था करनी चाहिये और अगर आप यह सब करेंगे तो मुझे पूर्ण आशा और विश्वास है कि हमारे नौजवान आप को निराश नहीं करेंगे और योग्य साबित होंगे और देश और समाज का सिर ऊंचा करेंगे ।

इन के अलावा जो हमारे अनपढ़ और ग़रीब किसान मज़दूर लोग हैं उन के लिये सरकार को विशेष तौर पर सहायता देनी चाहिये । जो खेतीबाड़ी का काम करते हैं, उन को सरकार की तरफ़ से कुछ ज्यादा सहायता मिलने की आवश्यकता है। पहला सवाल ज़मीन का है । जो खेती करता है, ज़मीन उस की होनी चाहिये, यह सिद्धान्त आप ने मान लिया है । बहुत सारे हमारे ऐसे लोग हैं जिन के कि पास ज़मीन नहीं है, उन को ज़मीन देना चाहिये । हरिजनों का अगर आप उद्धार करना चाहते हैं तो ज़मीन का सवाल आप को पहले पहल हल करना होगा। हमारे भाई बहुत मेहनती और जफ़ाकश हैं और कष्ट उठाने में कोई उन की बराबरी नहीं कर सकता है । उन को ज़मीन मिल जायेगी तो वह ऐसी मेहनत से खेतीबाड़ी करेंगे कि आज की अपेक्षा दुगना उत्पादन होने लगेगा। यह सवाल सारे राष्ट्र का है, अकेले राज्यीय सवाल नहीं हैं, इस का राष्ट्रीय महत्व है तभी तो इस ओर महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, महात्मा घुले, कर्मवीर श्री शिन्दे, शाहू क्षत्रपति और महाराजा गायकवाड़ आदि लोगों ने हरिजनों के उद्धार के लिये प्रचार और प्रयत्न किया लेकिन वह काम अभी भी अधूरा है और पूरा नहीं हुआ है । अछूतोद्धार का प्रश्न किसी पार्टी विशेष का नहीं है बल्कि यह तो समस्त राष्ट्र का प्रश्न है। हम आये दिन भारतवर्ष की अनेक पार्टियों को अछूतों के सम्बन्ध में बात करते सुनते हैं लेकिन मेरा कहना यह है कि खाली बात करने से काम चलने वाला नहीं है बल्कि ज़रूरत है उस को अमली जामा पहनाने की और लोगों में घुम कर रचनात्मक कार्य करने की, राजनैतिक पार्टियों को वास्तविक कार्यक्षेत्र में उतर कर काम करना चाहिये। इस के अतिरिक्त हमारे सवर्ण भाइयों का कर्तव्य हो जाता है कि अछूत जोकि उन के भाई हैं और उन के धर्म के एक अंग हैं, उन को गिरी हुई अवस्था से ऊपर उठायें और इस लायक़ बनायें कि वे भी समर्थ हो कर अपने पैरों पर खड़े हो सकें और देश का काम कर सकें ।

हमारे कुछ भाइयों ने यह सुझाव दिया है कि हरिजनों को जो रिज़रवेशन मिल रहा है वह खत्म कर देना चाहिये, मैं उस से सहमत नहीं हूं क्योंकि जब तक अछूत गिरी हुई अवस्था में रहते हैं और उनका उद्धार नहीं हो जाता तब तक उनको रिज़रवेशन मिलना बहुत आवश्यक है। इसके अतिरिक्त यह जो हमारे अछूत भाइयों की तरफ़ से मांग की गई है कि अस्पृश्यों के लिये अलग बस्तियां होनी चाहियें, वह गलत मांग है और यह स्वयं हरिजनों के हक़ में अनिष्टकर होगी । धर्मान्तर और अलग बस्तियों की बात करना निराशावाद का द्योतक है । अछूत हिन्दू जाति के एक अंग हैं और हिन्दू जाति से अलग होना मैं उचित नहीं समझता । हमें हिन्दू समाज में ही रहना है । शहरों और गांवों में सवर्ण हिन्दुओं की सहानुभूति प्राप्त कर के हमें उन के बीच में रहना है । मैं ने अपने संशोधनों में एक में शेड्यूल्ड कास्ट वालों के लिये एक सेप्रेट मंत्रालय बनाने की मांग की है और दूसरे में यह

[श्री पी० एन० राजभोज]

मांग की है कि शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेडयूल्ड ट्राइब्स के लोगों को सेन्ट्रल और स्टेट गवर्नमेंट्स की नौकरियों में समुचित प्रतिनिधित्व दिया जाय । अपने ७ नवम्बर के अमेंडमेंट में मैं ने सर्विसेज़ में रिप्रेज़ेंटेशन के बारे में कहा है और ८ नम्बर के अमेंडमेंट में एक सेप्रेट मिनिस्ट्री के बनाने के लिये कहा है । मैं समझता हूं कि जिस तरह से सरकार ने रेफ्यूजीज़ की प्राब्लम हल करने के लिये एक सेप्रेट मिनिस्ट्री बनाई उसी तरह से यदि हरिजनों के वास्ते एक अलग मंत्रालय बनाया जायेगा तो यह मामला ठीक तरह से हल हो सकेगा ।

शेड्यूल्ड कास्ट्स के लिये सर्विसेज़ में रिज़रवेशन होना चाहिये और स्कालरशिप्स और अधिक उन को दिये जाने चाहियें । साथ ही गांवों में हमारे बच्चों को अनिवार्य और निःशुल्क शिक्षा प्रदान करनी चाहिये क्योंकि जब तक हमारे बीच से अविद्या का नाश नहीं होता तब तक हमारा उद्धार नहीं हो सकता है । देहातों में जो हमारे खेतिहार लोग हैं और जो खेतों में मज़दूरी करते हैं उन को धंधा रोज़गार देना चाहिये और इस का प्रबन्ध करना चाहिये कि वे बेकार न रहें । हमारें अछूत भाइयों को ज्यादा से ज्यादा ज़मीन देनी चाहिये । सरकार को इस ओर अपने सेकेण्ड फाइव ईयर प्लान में विशेष रूप से ध्यान देना चाहिये ।

एक बात हमें सदैव स्मरण रखनी है कि धर्मान्तर से हमारी समस्या हल होने वाली नहीं हैं । अभाग्यवश जो हमारे बहुत से भाई ईसाई बन गये या मुसलमान बन गये तो क्या उस से हमारा उद्धार हो गया ? मैं मानता हूं कि ईसाई लोगों ने हरिजनों को बहुत सहायता पहुंचाई है और हम उस के लिये उन के शुक्रगुज़ार हैं लेकिन यह जो हमारे लोगों को ईसाई बनाने की कोशिश हो रही है, वह निन्दनीय है और उस को बन्द करना चाहिये । उनके बारे में एक किताब "भारत में भयंकर ईसाई षड्यंत्र" भी छपी हुई है जिस में कहा गया है कि हरिजनों में से कितने ईसाई हो गये हैं । क्या क्या काम किया है और क्या क्या षड्यन्त्र हो रहा है, वह तो सब ठीक है लेकिन हमारे भाइयों को धर्म बदलने के लिये बहकाना ठीक काम नहीं है और सरकार को इस पर कोई अंकुश लगाना चाहिये । हमारे एक बड़े नेता जिन से आज मेरे विचार मेल नहीं खाते, वे बुद्ध मज़हब अंगीकार करना चाहते हैं और चाहते हैं कि हरिजन लोग बुद्ध मज़हब में आ जायें, मैं इस को मानता हूं कि बुद्ध मज़हब बहुत अच्छा मज़हब है और उस के सिद्धान्त बहुत अच्छे हैं, इसी तरह सिक्ख धर्म भी काफी अच्छा धर्म है लेकिन मैं नहीं समझता हूं कि हरिजनों के बुद्ध या सिक्ख मज़हब में दाखिल हो जाने से उन का उद्धार हो जायेगा । हमारा सवाल आर्थिक और सामाजिक है और मैं उन लोगों की धर्मान्तर की नीति से सहमत नहीं हूं और मैं उस को गलत नीति समझता हूं । हमारी कोशिश है कि अपने हिन्दू धर्म को आदर्श धर्म बनाने की कोशिश करें और सनातन धर्म में रहते हुए, हरिजनों में रचनात्मक कार्य करते हुए उनकी अवस्था में सुधार लायें । मैं हिन्दू समाज और दलित वर्ग के कार्यकर्ताओं से अपील करूंगा कि वह हरिजनों के लिये अलग से बस्तियां बनाने की बात न करें । इस तरह से जो हमारे प्रश्न हैं वह हल नहीं हो सकते, इस से तो कटुता ही बढ़ेगी । मैं आप को यकीन दिलाना चाहता हूं कि हम हिन्दू समाज से अलग होना नहीं चाहते, हम हिन्दू समाज में ही

रहना चाहते. हम हिन्दू समाज का एक अंग हैं और एक अंग रहेंगे । हम ने और आप ने दोनों ने ही मिल कर अछूतों का उद्धार करना है । इस काम में अछूत भाइयों को भी हाथ बटाना है और हिन्दू समाज को भी चाहिये कि वह हमें ऊंचा उठाने के लिये कार्य करे । धर्मान्तर और अलग बस्तियां बसाने की बात करना एक प्रकार से निराशा-वाद की बात करना है । धर्मान्तर से हमारा प्रश्न हल होने वाला नहीं है । हम हिन्दू समाज के एक घटक हैं और हिन्दू समाज में ही हम को रहना है । मैं कहना चाहता हूं कि हमारा प्रश्न एक राष्ट्रीय प्रश्न है । कई सालों की गुलामी के बाद हम को आज़ादी मिल गई है और यह आज़ादी तभी कायम रह सकती है अगर हम सब मिल जुल कर कार्य करें । इस के लिये हम सब को रचनात्मक कार्य करना है और अगर हम ने इस कार्य को तन, मन धन से किया तो देश का बहुत जल्दी उद्धार हो सकता है । बगैर रचनात्मक कार्य किये हमारे देश का उत्थान नहीं हो सकता है । मैं यह भी चाहता हूं कि रचनात्मक कार्य करने वाली जो संस्थायें हैं उन को बहुत कम सहायता मिल रही है । जो पंच वर्षीय योजनायें हमारे देश में बन रही हैं यदि हमें उन को सफल बनाना है तो हम सब को मिल कर काम करना चाहिये । मैं समझता हूं कि हम कोई काम गाली देने से, गन्दा बोलने या बुरी दृष्टि से देखने से नहीं कर सकते हैं । उद्धरें दात्मनात्मानम् । अगर हमें कोई काम करना है तो हम को चाहिये कि हम सब मिल जुल कर उस को करें, तभी हम कामयाब हो सकते हैं । हरिजनों को भी चाहिये कि वह अपने उत्थान के लिये हाथ बटायें और हिन्दुओं को भी उन से घृणा नहीं करनी चाहिये और उन को हिन्दू समाज से अलग नहीं समझना चाहिये । इसलिय मेरी प्रार्थना हैं कि जो सुमेंडमेंट मैं ने दिये हैं उन को मान लिया जाये।

सम्बन्धी आयुक्त के १९५३ और १९५४ के प्रतिवेदनों के बारे में प्रस्ताव

अन्त में मैं एक बात कह कर अपना भाषण समाप्त करता हूं । अब्राहम लिंकोलन ने कहा है :

"आप सभी व्यक्तियों को थोड़े समय के लिये धोखे में डाल सकते हैं और कुछ व्यक्तियों को सदा के लिये धोखे में रख सकते हैं परन्तु सभी व्यक्तियों को सदा के लिये धोखे में नहीं रख सकते ।"

इसलिये मैं प्रार्थना करना चाहता हूं कि हमें इन लोगों को हमेशा दबाते नहीं रहना चाहिये और इन को ऊपर उठाना चाहिये और हरिजनों को भी ऊपर उठना चाहिये अपनी कोशिश से । जो लोग हंसे हैं और हेयर हेयर जिन्हों ने कहा है, मेरे खयाल में वह इस बात को समझे नहीं हैं । मेरी शिकायत सरकार के विरुद्ध नहीं है लेकिन हमारे समाज को जो गलत रास्ता बताते हैं उन के विरुद्ध है ।

श्री एन० सी० चटर्जी : यह एक खेद का विषय है कि जो प्रतिवेदन १९५३ और १९५४ के बारे में है, उसे हम १९५५ में सभा में देख रहे हैं । मैं अपने हरिजन भाइयों को यह आश्वासन दिलाना चाहता हूं कि कार्य मंत्रणा समिति का इस में कोई दोष नहीं है बल्कि सरकार ही सभा की चर्चा का समय निश्चित करने में विलम्ब करती है और वह विषय पुराना हो जाता है ।

कुछ सदस्यों ने यह कहा है कि श्री श्रीकान्त का यह प्रतिवेदन प्रभावोत्पादक नहीं है किन्तु मैं ने इस का अध्ययन किया है और मैं तो यही कहूंगा कि यह अत्यन्त सुन्दर है । पिछले वर्ष श्री राजभोज ने कहा था कि एक हरिजन मंत्रालय बनाया जाना चाहिये । विचार तो अच्छा है किन्तु मुझे बंगाल की एक लोकोक्ति याद आ जाती है और उस का अर्थ यह है कि जो भी लंका में जाता है वह रावण हो जाता है । यही दशा हमारे मंत्रियों की है ।

सम्बन्धी आयुक्त के १९५३ और १९५४ के प्रतिवेदनों के बारे में प्रस्ताव

[श्री एन० सी० चटर्जी]

मैं अपने मित्र श्री बर्मन की एक बात से बड़ा प्रभावित हुआ । उन्हों ने बताया कि १९५४ और १९५५ में भारतीय प्रशासन सेवा के लिये १७१ हरिजनों ने परीक्षा दी किन्तु उन में से एक भी नहीं लिया गया । इसी प्रकार भारतीय पुलिस सेवा के लिय ८२ हरिजनों ने परीक्षा दी और सब के सब असफल रहे । यह एक गम्भीर विषय है । मुझे आशा है कि माननीय गृह मंत्री इस विषय में पूछताछ करेंगे । इतना ही नहीं उन्हें शिक्षा की भी उचित सुविधायें दी जानी चाहियें ।

पिछले वर्ष के प्रतिवेदन में आयुक्त ने कहा है कि राज्यों में अस्पृश्यता निवारण में विशेष उन्नति नहीं हुई है । मुझे तो यह बात अक्षरशः सत्य प्रतीत होती है । हम दिल्ली में ही देखते हैं कि अस्पृश्यता मौजूद है और पुलिस के आदमी स्वयं उसे प्रोत्साहित करते हैं ।

मैं एक ऐसे दल का सदस्य हूं जिस ने बहुत पहले ही अस्पृश्यता दूर करने की नीति अपना रखी है । पंडित मदन मोहन मालवीय और स्वामी श्रद्धानन्द इसी नीति के समर्थक थे । हिन्दुओं के कल्याण के लिये अस्पृश्यता निवारण आवश्यक है ।

दो महीने पहले लन्दन में बी० बी० सी० से बोलते समय जब मुझे से पूछा गया कि क्या भारत में अस्पृश्यता दूर कर दी जायगी ? तो मैं ने कहा कि हां ; मेरे मरने से पहले यह काम हो कर रहेगा और यदि न हुआ तो मैं ईश्वर से प्रार्थना करूंगा कि अगले जन्म में मैं एक हरिजन बनूं ताकि अस्पृश्यता निवारण का मुझे सदैव ध्यान रहे ।

मुझे आशा है कि माननीय गृह-मंत्री हरिजनों के उद्धार के लिये निरन्तर प्रयत्न-शील रहेंगे । जब तक सारा देश इस के लिये प्रयत्न न करे तब तक यह काम पूरा नहीं हो सकता । स्वर्गीय श्यामाप्रसाद मुकर्जी ने कहा था कि इस काम के लिये सब दलों को एक संयुक्त मोर्चा बनाना चाहिये ।

१९५४ में हम ने अस्पृश्यता (अपराध) विधेयक पारित किया था जिस के लिये हम ने राज्यों की २१ विधियों को निरसित किया । इस काम में पहले ही काफी विलम्ब हो चुका है ।

आयुक्त ने अपने प्रतिवेदन में कहा है कि संसद् द्वारा पारित अस्पृश्यता निवारण सम्बन्धी अधिनियम व्यवहार में नहीं लाये जा रहे हैं । मैं चाहता हूं कि अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिमजातियों को अपने अधिकारों की रक्षा के लिये निःशुल्क कानूनी सहायता दी जानी चाहिये । राज्य सरकारों को ऐसी शिक्षा संस्थाओं की सूची तैयार करनी चाहिये जहां अब भी अस्पृश्यता चल रही है । मैं चाहता हूं कि अस्पृश्यता निवारण हेतु सरकार की सहायता से एक महान आन्दोलन प्रारम्भ किया जाये ।

जब मैं यूरोप से लौटा तो मुझे बताया गया कि डाक्टर अम्बेडकर ने एक सुझाव दिया है । उसे सुन कर मुझे बड़ा दुःख हुआ । वे कहते हैं कि संविधान के अन्तर्गत अनुसूचित जातियों को जो रक्षण प्रदान किया गया है उसे हटा लिया जाना चाहिये । कहां तो वे हरिजनों के रक्षण के लिये सब से आगे बढ़ कर हाथ फैलाते थे और कहां अब वे उस का विरोध कर रहे हैं । मुझे आशा है कि ऐसी बात स्वीकार नहीं की जायेगी । हम लोग जातपांत के विरुद्ध सदैव आवाज़ उठाते रहे हैं और हमें अपने आदर्शों पर अडिग रहना चाहिये । हम समझते थे कि भारत के विभाजन से जातपांत की समस्या हल हो जायेगी किन्तु हल होने के बजाय

उस ने और भी भयंकर रूप धारण कर लिया है। मुझे आशा है कि हरिजन अपने आप को समाज से पृथक् नहीं समझेंगे। हमें कोई हरिजनिस्तान नहीं बानाना है। जहां तक नौकरियों में स्थान देने का प्रश्न है, सरकार को इस का ध्यान रखना चाहिये। श्री कामत ने तो एक दिन प्रश्न भी किया था कि सरकार ने अस्पृश्यता के अपराध में कितने लोगों को दण्ड दिया है क्योंकि अब तो हम ने अस्पृश्यता को हस्तक्षेप्य अपराध मान लिया है। क्या उसे व्यवहार में नहीं लाया जायेगा ?

रवीन्द्र ठाकुर ने एक स्थान पर कहा है कि अभागा भारत आज इतना पतित हो गया है कि देश के लाखों लोगों को पांवों तले कुचला जा रहा है। निःसन्देह हमें इस अभिशाप को सदा के लिये दूर कर देने की आवश्यकता है। तभी हमारा राष्ट्र सुचारु रूप से संगठित हो सकेगा।

श्री बी० आर० वर्मा (जिला हरदोई–उत्तर पश्चिम व जिला फर्रुखाबाद–पूर्व व जिला शाहजहांपुर–दक्षिण–रक्षित-अनुसूचित जातियां) : मैं शिड्यूल्ड कास्ट कमिश्नर, श्री एल० एम० श्रीकान्त को धन्यवाद दिये बगैर नहीं रह सकता, जिन्हों ने अथक परिश्रम कर के, और देश के कोने कोने का दौरा कर के शिड्यूल्ड कास्ट्स के सम्बन्ध में अपनी रिपोर्ट दी है। लेकिन मुझे अफसोस है कि हमारे श्रीकान्त साहब ने हरिजनों की एक सब से गिरी हुई जाति, एक सब से गिरे हुए समाज, की अवहेलना की है, जिसे हम धोबी कहते हैं। उन्हों ने इस समाज की अपेक्षा की है। हम यह समझते थे कि इस रिपोर्ट में इस गिरे हुए समाज की भी समस्याओं का जिक्र होगा, लेकिन जब हम यह मोटी रिपोर्ट देखते हैं तो उस में इस गिरे हुए धोबी समाज के बारे में कुछ नहीं पाते हैं। आप जानते हैं और समझते हैं कि हिन्दुस्तान में धोबियों की हालत दूसरे हरिजनों के मुकाबले में ज्यादा गिरी हुई है। वे इकानमिकली (आर्थिक दृष्टि से) निर्धन हैं, एजूकेशनली (शिक्षा की दृष्टि से) अपढ़ हैं और उन की सामाजिक हालत यह है कि वे अछूत और अनटचेबिल हैं। फिर भी उन की समस्याओं पर कोई प्रकाश नहीं डाला गया है। आज इस हिन्द की राजधानी दिल्ली में धोबियों की आबादी लगभग २५,००० के होगी, लेकिन गरीबी के कारण दिल्ली में पच्चीस भी धोबी ऐसे नहीं हैं जिन के अपने निजी मकान हों। ऐसा क्यों है। यह उन की गिरी हुई आर्थिक दशा के कारण है कि वे अपने रहने के लिये कच्चे पक्के, टूटे फूटे मकान भी नहीं बना सकते। न उन को इस दिशा में किसी तरह का प्रोत्साहन ही दिया जाता है। आज हम देखते हैं कि तमाम गरीब धोबी यमुना के किनारे झोंपड़ियां डाले, पाल डाले या टेंट डाले पड़े हुए हैं। उन का कोई पुरसां हाल नहीं है। बहुत से सड़कों के किनारे और धोबी घाटों पर पाल और टेंट डाले पड़े हैं। जाड़े की सर्दी में और गर्मी की लू में इन के बच्चे यहीं रहते हैं। आज तक उन के रहने का कोई प्रबन्ध नहीं किया गया है। एक ओर हम यह देखते हैं, दूसरी ओर हम सुनते हैं कि फलां जगह पर भंगियों की कालोनी बनी है। फलां जगह पर महार बस्ती बनी है। फलां जगह पर मोची कालोनी है, तो हम को अफसोस होता है कि हरिजनों में इतने गिरे हुए धोबी समाज के रहने के लिये कोई इन्तिजाम नहीं हो रहा है।

कुछ धोबी लोग सरकारी बंगलों के सरवेंट्स क्वार्टर्स में रहते हैं। उन की दशा बहुत गिरी हुई है। वहां रहते हुए भी उन को विश्वास नहीं होता कि वे वहां रहते हैं। क्योंकि जिस वक्त अफसर ने चाहा कान पकड़ कर निकाल दिया, उन का सामान फेंक दिया। इस के अलावा हर एक सरवेंट क्वार्टर में रहने वाले धोबी को बीस रुपये

[श्री बी० आर० वर्मा]

से ले कर ३० रुपये माहवार तक किराया देना पड़ता है और अधिकतर मालिकों के कपड़े भी मुफ्त में धोने पड़ते हैं । यहां के धोबियों ने बड़ा शोरगुल मचाया और शान्ति के साथ प्रदर्शन भी किया लेकिन नक्कारखाने में तूती की आवाज़ कौन सुनता है । यह है उन के रहन सहन की हालत । इसलिये मैं सरकार से निवेदन करूंगा कि आगामी पंचवर्षीय योजना में उन के रहने का समुचित प्रबन्ध किया जाये । जिस तरह से भंगी कालोनीज़ बनाई गई हैं, महार कालोनीज़ बनाई गई हैं, मोची कालोनीज़ बनाई गई हैं, उसी तरह से धोबियों के लिये भी धोबी कालोनी बनाई जाये और अगर ऐसा करना सम्भव न हो तो मेरा सरकार को दूसरा सुझाव यह है कि दिल्ली जैसे बड़े बड़े शहरों में जितनी भी कालोनीज़ बनी हैं उन में कम से कम ५ पर सेंट क्वार्टर हमारे धोबियों के लिये रिजर्व कर दिये जायें । अगर ऐसा नहीं होता है तो उन की हालत खानाबदोशों की तरह होती चली जायेगी ।

आप जानते हैं सभापति महोदय कि दिल्ली के अन्दर कम से कम ५० या ६० बड़ी बड़ी लांड्रीज़ या कपड़ा धोने के कन्सर्न गैर धोबियों ने खोल रखे हैं । इन लोगों ने जोकि पैसे वाले हैं, लाखों रुपये लगा कर ये कन्सर्न खोल रखे हैं जिस के कारण धोबियों का पेशा छिनता जाता है और बहुत कुछ छिन गया है । आज से कुछ साल पहले जब हमारे देश में अंग्रेज़ों की हुकूमत थी उस समय मिलिटरी और बड़े बड़े दफ्तरों में के धुलाई के तमाम ठेके केवल धोबियों को दिये जाते थे । आज हम देखते हैं कि ये तमाम ठेके गैर धोबियों को दिये जाते हैं । उन के यहां हमारे धोबी काम करते हैं लेकिन उस का फायदा बड़े आदमियों के घर में जाता है । इस तरह से गरीब धोबी और गरीब होते चले जाते हैं और बड़े आदमी और बढ़ते जाते हैं । आज हम हिन्द में समाजवादी व्यवस्था कायम करना चाहते हैं । क्या इसी प्रकार हम समाजवादी समाज ... रचना करेंगे । जिस में गरीब और पिसते जायें और मालदार और मालदार बनते जायें । सरकार भारत में हरिजनों के लिये करोड़ों रुपया खर्च करती है, लेकिन दूसरी ओर हरिजन और शिड्यूल्ड कास्ट कहे जाने वाले धोबियों का पेशा तक छीन लिया गया है और रोज छीना जाता है । जिस तरह से ब्रिटिश शासन काल में मिलिटरी और दफ्तरों में तमाम धुलाई के ठेके केवल धोबियों को दिये जाते थे, क्या हमारी लोकप्रिय सरकार के शासन काल में ये ठेके धोबियों को नहीं दिये जा सकते ? क्या इन ठेकों के लिये केवल धोबियों से ही टेंडर नहीं मांगे जा सकते । आज तो हम देखते हैं कि केवल मालदार गैर आदमी फायदा उठाते हैं और धोबी लोग उन के यहां गुलामों की तरह काम करते हैं । इसलिये मैं यह सुझाव देना चाहता हूं कि मिलिटरी के और सारे सरकारी दफ्तरों के धुलाई के ठेके केवल धोबियों को ही दिये जायें क्योंकि यह उन का जातीय पेशा है । पैतृक धन्धा है । और इसी पर उन की जीविका आधारित है ।

आज सरकार द्वारा हरिजनों के अप-लिफ्ट (उद्धार) के लिये तरह तरह के उद्योग धन्धे खोले जाते हैं, जैसे बढ़ई का रोजगार सिखाया जाता है, रंगाई का रोजगार सिखाया जाता है, छपाई का रोजगार सिखाया जाता है, चमड़ा बनाने का रोजगार सिखाया जाता है । क्या इसी तरह से धोबी का काम किस तरह से आधुनिक वैज्ञानिक ढंग से किया जाये इसके लिए शिक्षण शिविर नहीं खोले

जा सकते । शायद इनकी ओर इसलिये ध्यान नहीं दिया जाता कि ये लोग औरों की तरह सरकार को अधिक परेशान नहीं करते हैं । इसलिये मैं सरकार से अनुरोध करूंगा कि जिस तरह से अन्य पेशों को प्रोत्साहन दिया जाता है उसी तरह से धोबी के पेशे को भी प्रोत्साहन और संरक्षण दिया जाये और इस काम को वैज्ञानिक ढंग से करना सिखाने के लिये शिक्षण शिविर खोले जायें ताकि धोबी लोग 'इस पेशे को अच्छी तरह आधुनिक और वैज्ञानिक ढंग से कर सकें । उसके अतिरिक्त जिस तरह से सरकार ने हाथकरघा उद्योग को जीवित रखने के लिए मिलों पर प्रतिबन्ध लगाया है कि मिलें केवल एक अमुक संख्या में धोतियां और साड़ियां बनावेंगी बाकी हाथकरघा से बनेंगी, इसी तरह से मैं सरकार के आगे यह सुझाव रखना चाहता हूं कि देहली तथा अन्य बड़े बड़े शहरों में एक या दो से ज्यादा बड़ी बड़ी लांड्रीज़ या कम्पनियां गैर धोबियों को न खोलने दी जायं । इस तरह से हमारे धोबियों का पेशा बचा रहेगा और वे अपना पैतृक धंधा करके अपने बच्चों को पाल सकेंगे ।

मैं एक प्वाइंट और सभा के सामने रखना चाहता हूं । और वह यह है कि धोबी इतने गरीब होने पर भी, इतनी माली हालत उनकी खराब होने पर भी, म्यूनिसपैल्टियों द्वारा उनके ऊपर भट्टी टैक्स, लाइसेंस फीस और दूसरे तरह तरह के टैक्स लगाये जाते हैं । मैं पूछना चाहता हूं कि क्या और भी किसी दूसरे पेशे वालों पर भी इस तरह के टैक्स म्युनिसपैल्टियों द्वारा या सरकारों द्वारा लगाये गये हैं ? हम जानते हैं कि सन् ४८ के पहले किसी तरह का टैक्स धोबियों के ऊपर नहीं लगाया जाता था लेकिन आज हमारी लोकप्रिय सरकार के राज्य में लाइसेंस फीस और भट्टी टैक्स लिया जाता है, वाटर टैक्स लिया जाता है,मीटर टैक्स फीस ली जाती है, सफाई टैक्स लिया जाता है और टोल टैक्स लिया जाता है । इतने सारे टैक्स देकर भी धोबी कौम जिन्दा है, यह बड़े आश्चर्य की बात है । मैं सरकार से दृढ़ता के साथ कहूंगा कि इस तरह के पेशा करने वालों पर यह सारे टैक्स लगाना अनुचित है । उनपर भट्टी टैक्स लगाना, लाइसेंस फीस लेना ठीक नहीं है । अतः मैं सरकार से अनुरोध करूंगा कि वह म्यूनिसपैल्टियों को इस तरह के टैक्स धोबियों से न लेने के लिये बाध्य करें ।

मैंने आन्ध्र में दौरा किया तो देखा कि वहां पर धोबियों की हालत और भी अधिक शोचनीय है । वहां पर उनको कपड़ा धोने के लिये टैंक नहीं दिये जाते और कई गांवों के धोबियों के लिए केवल एक तालाब दे दिया जाता है जहां कि सारे धोबी कपड़ा धोते हैं और जो कि बिलकुल नाकाफी होता है । मेरा सरकार से अनुरोध है कि आंध्र प्रदेश में धोबियों की इस कठिनाई को हल करने का प्रयत्न किया जाये और ऐसा प्रबन्ध किया जाये ताकि हर एक गांव में धोबियों के लिए अलग अलग तालाब हों। शहरों में भी धोबियों की आवश्यकता अनुसार दो दो तीन तीन तालाब एलाट किये जाने चाहियें, साथ ही साथ तालाबों के चारों तरफ कपड़े सुखाने के लिए ज़मीन एलाट की जानी चाहिये । जितने तालाब धोबियों को अलाट हों उनकी मछलियां भी उन्हीं को दी जायें। आज हमारे पास वहां से दरख्वास्तें आती हैं कि हमारे पास तालाब नहीं हैं और हमको ज़मीन कपड़े सुखाने के लिए नहीं दी जाती है, जिसकी वजह से हमको बड़ी परेशानी अनुभव होती है । इसी तरह से पश्चिमी बंगाल में हम देखते हैं कि वहां पर भी धोबियों से लाइसेंस फ़ीस ली जाती है और लाइसेंस का पैसा ले कर उन को यह धोबी का पेशा करने दिया जाता है । मैं पूछता हूं कि क्या यह अन्याय नहीं है । हम कोई रोज़गार तो कर नहीं रहे हैं, हम

[श्री बी० आर० वर्मा]

तो अपना जो एक पैतृक धंधा है उस को करते हैं और उस के ऊपर यह लाइसेंस लगाना, मेरी राय में हमारे धोबियों के साथ अन्याय करना है । मैं अपने शेड्यूल्ड कास्ट कमिश्नर साहब से दरख्वास्त करूंगा कि जब अगली मर्तबा वह अपनी सालाना रिपोर्ट पेश करें तो धोबियों की भी समस्याओं पर सरकार का विशेष तौर पर ध्यान खींचें । जहां तक धोबियों के बच्चों की शिक्षा, दीक्षा आदि का ताल्लुक़ है, हमारा धोबी समाज इतना अपढ़ है कि मैं समझता हूं कि हमारे में शायद एक फ़ीसदी आदमी भी पढ़े लिखे आप को नहीं मिलेंगे और जब हमारे बीच में इतनी अशिक्षा है तो सरकारी नौकरियों में हमारा प्रतिनिधित्व हो ही क्या सकता है । इसलिये मेरा सरकार से अनुरोध है कि समस्त धोबी जाति के लड़कों को निःशुल्क शिक्षा दी जाये और अनिवार्य रूप से दी जाये । उन को आगे पढ़ने के लिये अनिवार्य रूप से छात्रवृत्तियां भी दी जायें ।

मैं सरकार से यह भी अनुरोध करूंगा कि यह धोबी समाज एक पंचायती समाज है और इसलिये हर शहर में उन को अपने पंचायतघर बनाने के लिये थोड़ी सी ज़मीन और कुछ आर्थिक सहायता भी दी जाये, जहां वे अपना पंचायतघर बना कर अपने सामाजिक तथा पंचायती कार्य कर सकें । मुझे आशा है कि भारत सरकार प्रत्येक राज्य को इस सम्बन्ध में यथोचित आज्ञा यथाशीघ्र जारी करने की कृपा करेगी ।

जब तक धोबियों के मकानों का कोई इन्तज़ाम न हो सके उन की कोई कालोनी न बने, मैं होम मिनिस्टर साहब और दातार साहब से यह निवेदन करूंगा कि तब तक के लिये उन के वास्ते कोई दूसरा इन्तज़ाम करें । मैं ने सुना है कि दिल्ली की जेल यहां से दूर जगह पर जा रही है, इसलिये मेरा सुझाव है कि तब तक के लिये दिल्ली जेल धोबियों के लिये एलाट कर दी जाये और क्योंकि वहां पर इतनी जगह है कि मैं समझता हूं कि क़रीब ५०० परिवार भली प्रकार वहां रह सकेंगे । बस इतना कह कर मैं अपनी स्पीच को खत्म करता हूं ।

डा० सत्यवादी :

अहले दिल का नहीं इस दौर में पुरसां कोई,
लिये फिरता है मताये गमे पिन्हां कोई ।

मैं बहुत थोड़े समय में सिर्फ़ दो, चार बातें अर्ज़ करना चाहता हूं । रिपोर्ट के बारे में बहुत कुछ कहा गया है और यह भी अक्सर शिकायत की गई है कि देर से इस पर बहस हो रही है । इस विषय में मैं एक बात सुझाव के तौर पर अर्ज़ करूंगा । इस देर की वजह से यह खयाल पैदा हो गया है कि जो हरिजनों की समस्या है उस को उतना महत्व नहीं दिया जा रहा है जितना कि उसे मिलना चाहिये । हरिजनों की समस्या इस से कोई दोस्त इन्कार नहीं करेगा कि एक नेशनल प्राब्लम है और उसे एक नेशनल प्राब्लम की तौर पर ही लिया जाना चाहिये । आप को मालूम है कि पिछले दिनों मुल्क में अनाज की कमी हुई । हम ने उस को टौप प्राएरटी दी और उस को हल करने के लिये अपने तमाम ज़राये और अपनी तमाम तवज्जह लगा दी और उस को आखिरकार हम ने हल कर लिया । इसी तरह से अगर इस समस्या को भी एक नेशनल प्राब्लम के तौर पर ले कर हम चलें और टौप प्राएरटी के साथ उस के लिये हर बात पर ज़ोर दें, उस को महत्व दें तो कोई कारण नहीं है कि इतना ज़ोर लगाने पर भी हम अपने मक़सद में कामयाब न हों । मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि इस के लिये यही काफ़ी नहीं है कि

शेड्यूल्ड कास्ट कमिश्नर की रिपोर्ट साल में एक बार पेश हो जाये और उस के ऊपर हम दो, चार घंटे यह बहस कर लें। हम देखते हैं कि इस समस्या के हल होने में बहुत बड़ी सुस्ती सरकारी कर्मचारियों की तरफ़ से होती है और जब सरकारी कर्मचारी यह जानते हैं कि आप साल में दो, चार घन्टे पार्लियामेंट में एक बार खड़े हो कर नुक्ता-चीनी कर देंगे और फिर तो साल भर हमें मिलता है इस बात के लिये कि हम उस नुक्ताचीनी के जवाब में इन हरिजनों को सजा देते रहें, तो वह बात बनती नहीं। इस-लिये अगर इस चीज़ को आप हल किया चाहते हैं और आप पूरी तरह से इस को अहमियत देते हैं तो जिस तरह हर इजलास में हम विदेशी मामलात, आर्थिक स्थिति आदि कुछ चीज़ों पर बहस करने के लिये वक्त रखते हैं उसी तरह इस सवाल के लिये भी अगर आप हर इजलास में समय दें तो फिर यह गाड़ी कुछ जरा तेज़ रफ़्तारी के साथ चल सकेगी।

यह छुआछूत की बीमारी हमारे समाज के अन्दर घर कर गई है और इस की जड़ काफ़ी गहरी चली गई है। यह बहुत पुरानी बीमारी है और दिलों के बदलने में देर लगती है। यह सारी बातें हैं लेकिन आप जा कर देहात में देखें और उन पिछड़े हुए इलाक़ों में देखें कि जहां अभी तक आप की आवाज़ नहीं पहुंच सकी है, जनता को तो छोड़ दीजिये, मैं अपना तजुर्बा बतलाता हूं कि अभी चार रोज़ हुए मैं अपनी कांस्टी-टुएंसी में अम्बाला जिले के नंगल पुलिस स्टेशन पर गया और वहां जा कर मुझे यह जान कर बड़ी हैरत हुई कि उस इलाक़े में जो पुलिस के दारोग़ा लगे हैं उन्हें सोमवार की सुबह तक इस चीज़ का इल्म नहीं था कि हमारी पार्लियामेंट एक क़ानून पास कर चुकी है जिस की रू से छुआछूत बर्तने वाले मामले में पुलिस को दस्त अंदाज़ी का हक़ भी दिया गया है और इस का ज़िक्र तब आया जब मैं गांव में कुएं में पानी भरने के एक मामले में उन के पास गया था। उन्हों ने सन् ४८ के एक सूबाई क़ानून का हवाला दिया और कहा कि हम उस में कोई दखल नहीं दे सकते। जब मैं ने उन को यह बात बताई तो वह कहने लगे कि भाई हमें तो इस क़ानून का पता ही नहीं है। तो मेरे कहने का मतलब यह है कि उस क़ानून के मुताल्लिक़ जानकारी आम पब्लिक जो कि अनपढ़ है, उस की बात छोड़ दीजिये, अभी तो हमारे सरकारी अफ़सरान को जिन का कि इस से ताल्लुक़ है उन्हें भी यह पता नहीं कि हमारी सेन्टर की हुकूमत क्या कर रही है; और क्या कर चुकी है।

एक बात छुआछूत के बारे में मुझे आप के सामने रखनी है और वह यह है कि पहले यह एक सामाजिक और धार्मिक चीज़ थी, कुछ धार्मिक रूप इस को दे दिया गया था लेकिन पिछले कुछ सालों से इस सवाल ने एक इक्तसादी और सियासी रूप अख्तियार कर लिया है। अब देहातों में जो छुआछूत होती है वह उस किस्म की छुआछूत नहीं है। अब सब जानते हैं कि छुआछूत के क्या माने हैं। अब सवाल यह पैदा हो गया है कि आज तक गांवों में जो ज़मींदार बग़ैर किसी के अपोज़ किये हकूमत कर रहे थे, रुल कर रहे थे आज वह देखते हैं कि एक नई ताक़त उन के मुकाबले में उभर रही है। अब ज़मीन की बात नहीं कहते हैं। अब वह एक नये खौफ़ को तबीयत में ले कर उस छुआछूत के मामले को ज्यादा सख्त किये जा रहे हैं। इसलिये अगर आप यह कहते हैं कि यह दिलों को बदलने की बात है, दिमागों को बदलने की बात है और यह दिल और दिमाग़ आहिस्ता

[डा० सत्यवादी]

आहिस्ता बदलेंगे यह गलत बात है । मैं कहता हूं कि दिल और दिमाग तो बदल चुके हैं और लोग इस चीज़ को समझ चुके हैं । अब जो बात है वह यह है कि एक नया संघर्ष पैदा हो गया है । इसलिये जब तक आप उन की मदद नहीं करते हैं, क़ानून को सख्ती से इस्तेमाल नहीं करते हैं उस वक्त तक यह मसले इसी तरह से लटकते चले जायेंगे । ताज्जुब की बात तो यह है कि हमारे पंजाब के मुताल्लिक एक जगह यह बताया गया है कि छुआछूत को दूर करने के लिये क्या कदम उठाये जायें, किस तरह से प्रापेगेंडा किया जाये इस पर पंजाब सरकार गौर कर रही है, इस पर वह सोच विचार कर रही है । यह सवाल अभी तक अंडर कंसिड्रेशन है और अभी तक इस बात में कोई फैसला नहीं हो पाया है । मुझे हैरानी होती है कि जब हम ने कई साल पहले अपने विधान में यह बात मान ली है और इस को बुनियादी तौर पर तसलीम कर लिया गया है कि छुआछूत एक जुर्म है तो आठ साल मे इस पर सोच विचार ही चल रही है । यह भी पता नहीं है कि कितनी देर तक इस पर सोच विचार होता रहेगा और कब इस चीज़ का फ़ैसला होगा । यही एक बात नहीं है और भी बहुत सी बातें हैं । शेड्यूल्ड कास्ट कमिश्नर साहब ने हमें यह भी इत्तिला दी है कि यह बात भी ज़ेरे ग़ौर है और वह बात भी ज़ेरे ग़ौर है और फलां फलां बातों के लिये सर्क्यूलर जारी किये जा चुके हैं । इस रिपोर्ट को पढ़ने के बाद एक बात का अन्देशा लगता है और वह यह कि कुछ कागज़ी घोड़े दौड़ रहे हैं और वह भी हवा में ज़मीन पर नहीं । कुछ सरक्यूलर जारी हो रहे हैं, कुछ हिदायतें भेजी जा रही हैं और काफ़ी कागज़ खराब हो रहा है लेकिन कुछ कनक्रीट हमारे सामने नहीं आ रहा है और अगर कुछ ठोस काम होता है तो मैं इस सदन में यह बात साफ तौर पर कहूंगा कि जितनी इत्तिलायें इस में स्टेट गवर्नमेंट्स की तरफ से आई हैं उन में से ५० फीसदी झूठी हैं, और गुमराहकुन हैं । यह बात मैं ऐसे ही नहीं कह रहा हूं इस का मेरे पास सबूत मौजूद है ।

दो साल की बात है पंजाब में शामलात देह ज़मीनों में हरिजनों को बराबर के हकूक देने का कानून बना था । जब वह कानून पास हुआ तो उसे सेन्टर में भेजा गया मंजूरी के लिये । यहां से मंजूरी देने में आठ दस महीने लगा दिये गये । इस दौरान में क्या हुआ । मैं रोहतक गया वहां पर एक जेल के अफसर से जोकि मेरे दोस्त थे मैं मिलने के लिये चला गया । मैं ने उन से पूछा कि अभी मैं पिछले दिनों आया था आप उस वक्त कहां थे । उन्हों ने कहा आप को नहीं मालूम, पंजाब गवर्नमेंट ने एक कानून पास किया है जिस में शामलात आराज़ी में हरिजनों को बराबर का हक देने की बात कही गई है और उस में उन को भी मिल्कियत का हक दिया गया है । तो मैं एक महीने की छुट्टी ले कर गांव गया था और वहां पर मैं ने ज़मींदारों को बताया कि भाई जब तक उस पर अमल शुरू हो इस ज़मीन को बांट लो । अब मैं ने देखा है कि कानून पर अमल होने से पहले सारी की सारी ज़मीन उन्हों ने आपस में बांट ली है । अब हुआ क्या । छुआछूत के मुताल्लिक पहले सिर्फ इतनी बात थी कि किसी के घर नहीं जा सकते थे, बर्तन को नहीं छू सकते थे, चौके चूल्हे पर नहीं जा सकते थे और अब मामला और हो गया है । अब बात इस से आगे बढ़ गई है । हम ज़मींदारों के खेत में नहीं जा सकते हैं, शामलात ज़मीन में जा कर अपने

पशुओं को घास नहीं खिला सकते । वहां से घास नहीं काट सकते और तरह तरह की दूसरी बंदिशें हम पर लगा दी गई हैं । अब छुआछूत चौके से निकल कर खेत में आ गई है अभी जब मैं दौरे पर गया था तीन चार दिन हुए तो पैप्सू के एक सज्जन मेरे पास आये और उन्हों ने मुझे बताया कि इस्तमाल आराज़ी जो हुआ, जो कांसालिडेशन आफ होल्डिंग हुआ उस से हरिजनों को सब से ज्यादा नुकसान हुआ है । अब देखा जा रहा है कि पहले तो उन को मुर्दा जलाने के लिये जगह तो मिल जाती थी लेकिन अब मुर्दा जलाने के लिये उन के पास कोई जगह नहीं है । मुझे बताया गया कि उन के यहां एक बच्चा मर गया और वह लोग बच्चे को दफनाने के लिये जगह जगह फिरते रहे लेकिन उनको कोई जगह न मिली । बड़ी मेहरबानी से एक जमींदार ने उन को आफर की कि भाई मेरे खेत के इस कोने में दबा दो और उसने यह वायदा किया कि एक साल तक इस पोर्शन पर मैं हल नहीं चलाऊंगा । यही नहीं मैं पंजाब में कांसालिडेशन आपरेशन के सिलसिले में गया और मैं ने उन को कई बार उसके बारे में लिखा भी है कि फलां गांव में मरघट में मुर्दा जलाने नहीं दिया जाता है और कुछ किया जाये । वे लोग इन मुर्दों को ले कर कहां जायें । ऐसे कई वाकयात मुझे मालूम हैं । फरीदकोट के करीब एक गांव की बात है कि वहां एक मौत हो गई । मौत होने के बाद जब वे लोग मुर्दे को जलाने के लिये ले गये तो उन को कोई नजदीक जगह नहीं मिली और दो मील जाकर सड़क के किनारे उन्हों ने मुर्दे को जलाया ।

क्योंकि टाइम खत्म हो गया है मैं दो एक बातें सजेशन के तौर पर आप के सामने रखना चाहता हूं और जो मोशन मैं ने दिये हैं मैं आशा करता हूं सरकार उस पर भी विचार करेगी । पहली बात जो मैं कहना चाहता हूं वह यह है कि हरिजनों की हालत में थोड़ी सी तबदीली की आवश्यकता है । मैं चाहता हूं कि कुछ हिदायतें इस किस्म की जारी कर दी जायें कि हमारे जिले में अफसर, हमारे पुलिस के अफसर और हमारे मंत्री लोग जब दौरे पर जायें वे कम से कम एक दिन के लिये हरिजन बस्तियों में जरूर ठहरें । इस तरह से उन की हालत में एक बहुत बड़ी तबदीली आ सकती है । आप के वहां जा कर ठहरने से जमींदार लोग वहां पर आयेंगे, थानेदार वहां पर आयेंगे, तहसीलदार वहां पर आयेंगे और जिले के अधिकारी वहां पर आयेंगे । मेरा तजुर्बा तो यह है कि इस से बहुत ज्यादा फायदा होता है । मैं आप को अपना एक तजुर्बा बताता हूं । मैं जब भी कभी दौरे पर जाता हूं तो मैं वहीं पर जा कर ठहरता हूं और मुझे ठहरना भी वहां चाहिये । जब आप वहां जा कर ठहरेंगे तो जब दूसरे लोगों को पता लगेगा तो वह सोचेंगे कि न जाने कौन कौन सी शिकायतें उन के खिलाफ की जायें तो वे भी वहां पर आयेंगे और जो ज्यादतियां उन्हों ने की होंगी उन को ठीक करने की कोशिश करेंगे या आगे से वह ज्यादतियां नहीं करेंगे । मैं आप को एक बात बतलाना चाहता हूं । एक साल हुआ, लोढ़ी के मौके पर मैं अपनी कांस्टिट्युएंसी टस्करमीराजी में गया । वहां पर सरदार लोग हरिजनों की चार बकरियां उठा कर ले गये थे और उन्हों ने मार कर खा पी लीं और मौज उड़ा ली लेकिन उन बकरियों की कोई कीमत उन हरिजनों को नहीं दी गई । जब मैं वहां पर जा कर ठहरा तो वहां पर थानेदार साहब भी आये और और लोग भी मेरे पास आये । जब उन सरदारों को पता लगा कि एक पार्लियामेंट का मेम्बर

[डा० सत्यवादी]

वहां पर आ कर ठहरा है और कहीं कोई आफत खड़ी न कर दे और थानेदार भी वहीं है तो वे उन हरिजनों के पास आये और कहने लगे कि भाई लोढ़ी के मौके पर जो हम चार बकरियां ले गये थे उन की कीमत तुम ने नहीं ली, उन की कीमत तो ले लो और वह ८० रुपये दे गये । हरिजनों ने कहा कि यह कम है लेकिन उन्हों ने कहा यह तो ले लो बाकी फिर देखा जायेगा । तो इतना असर पड़ता है अगर हम लोग वहां पर जा ठहरते हैं । इसलिये मेरा सुझाव है कि हमारे मिनिस्टर साहिबान अगर वहां पर एक रात के लिये जा कर ठहर जायें तो लोकल अफसर भी उन को मिलने के लिये वहीं आयेंगे और थानेदार भी वहीं आयेगा, तहसीलदार भी वहीं आयेगा और इस से और लोगों पर भी अच्छा असर पड़ेगा । आजकल क्या होता है । हमारे आफिसर साहिबान बड़े बड़े ज़मींदारों के यहां जा कर ठहरते हैं, बढ़िया रोटी खाते हैं, उन की हां में हां मिलाते हैं ।

मैं आप को एक और बात बताता हूं । एक शख्स को इस बिना पर कि उस ने ज्यादा मजदूरी मांगी एक ज़मींदार से उस को, चोरी के अल्जाम में फांस लिया । वह कई रोज़ तक फिरता रहा । यह किस्सा मैं हाल ही का बता रहा हूं । कोई बहुत पुराना नहीं है । जब मैं वहां गया तो उस आदमी को हवालात में बन्द कर दिया गया । मैं ने जब पता लगाया तो मुझे पता लगा कि क्योंकि एक पार्लियामेंट के मेम्बर आ रहे हैं इसलिये यही बेहतर समझा गया कि उस को हवालात में बन्द कर दिया जाय । अब उस पर केस चल रहा है तो इस किस्म की बातें हो रही हैं ।

अब मैं आप के सामने एक दो बातें रख कर अपना भाषण समाप्त करता हूं । इक्तसादी मामलों के बारे में मैं यह कहना चाहता हूं कि हम ने बहुत सा रुपया लगा कर रिहैबिलिटेशन फाइनेंस एडमिनिस्ट्रेशन बनाई है । हम ने इंडस्ट्रीज़ के लिये एक कारपोरेशन बनाया है । मेरे खयाल में हरिजनों की सब से बड़ी मुसीबत पैसा है । उस को ज़मींदार से पैसा लेना पड़ता है । अगर एक हरिजन फाइनेंस कारपोरेशन बना दी जाये तो इस से उन की बहुत सी समस्यायें हल हो सकती हैं । उस को अगर यहां से पैसा मिल जाये तो वह ज़मींदार की बहुत सी पाबन्दियों से मुक्त हो जायेगा । जो आज वह ज़मींदार पर डिपेंड करता है तो वह उस पर डिपेंड नहीं करेगा ।

हम ने छूतछात निषेध कानून पास किया है, जिस में ऐसे केसेज़ में पुलिस को दस्त-अन्दाज़ी का अख्तियार दिया गया है । मुझे मालूम है कि हर एक थाने से इस किस्म की एक रिपोर्ट मांगी जाती है कि १०९ के कितने चालान किये गये हैं और दूसरे कितने चालान किये गये हैं, वगैरह । मैं समझता हूं कि अगर एक रिपोर्ट यह भी मंगवाई जाये कि छुआछूत के मामले में कितने चालान हुए हैं और कितना काम किया गया है, तो इस का भी काफ़ी फ़ायदा हो सकता है । १०९ में तो वे लोग काफ़ी झूठे चालान कर लेते हैं । इस किस्म की रिपोर्ट से काफ़ी फ़र्क पड़ेगा ।

इतनी बात कह कर मैं अपना स्थान लेता हूं । मामलात बहुत ज्यादा हैं, क्या क्या कहें ?

एक चाक हो सी लूं अपना गरीबां यारब,
ज़ालिम ने फाड़ डाला है तार तार कर के ।

बातें तो बहुत हैं । कोई पहलू नहीं है, जिस पर कुछ कहा न जा सके । इसी

सिलसिले में मुझे एक बात याद आई है । मेरे एक भाई बता भी रहे थे । हरिजनों का मामला तो लगभग हर एक मिनिस्ट्री से ताल्लुक रखता है---हाउसिंग, होम, हैल्थ और लेबर, सब से उस का कुछ न कुछ ताल्लुक है । अगर ये हजरात यहां पर तशरीफ़ रखें और अपने अपने महकमे की तरफ से हम को बतला दिया करें कि इस बारे में क्या काम किया गया है, तो वह भी बहुत मुफ़ीद हो सकता है ।

श्री जी० एच० देशपांडे (नासिक-मध्य) : हमें स्वतंत्रता प्राप्त किये आठ वर्ष हो गये हैं किन्तु अभी तक हरिजनों और आदिवासियों की उन्नति सन्तोषप्रद रूप में नहीं हो पाई है । प्रत्येक वर्ष योजनायें बनती हैं किन्तु उन्हें भली भांति कार्यान्वित नहीं किया जाता । हरिजन कल्याण के लिये रुपया दिया जाता है किन्तु उसे खर्च नहीं किया जाता । इस विषय में मैं यह सुझाव रखना चाहता हूं कि ऐसी योजनाओं को कार्यान्वित करने की देखभाल किसी विशेष सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा कराई जानी चाहिये । इन योजनाओं को चलाने के लिये पृथक् व्यक्तियों को नियुक्त किया जाना चाहिये ।

प्रत्येक वर्ष के प्रारम्भ में हम से कहा जाता है कि हरिजनों को अनेक सुविधायें दी जायेंगी किन्तु वर्ष के अन्त में हम देखते हैं कि कुछ नहीं होने पाता ।

अभी एक साम्यवादी दल के सदस्य ने कहा था कि हरिजनों का प्रश्न आर्थिक प्रश्न नहीं । किन्तु उन का यह कहना असत्य है । हरिजनों और आदिवासियों की दशा बहुत गिरी हुई है । गांवों में तो उन की दशा बहुत ही दयनीय है । हरिजनों और आदिवासियों के गांवों की ओर शीघ्र ही ध्यान दिया जाना चाहिये और उन का पुनर्गठन किया जाना चाहिये । गांवों में अस्पृश्यता अभी यथावत् बनी हुई है । बेचारे हरिजन संकोच के मारे स्वयं ही सार्वजनिक कुओं से पानी नहीं भरते । उन का सारा जीवन अन्य लोगों की कृपादृष्टि पर निर्भर है ।

हम ने अस्पृश्यता निवारण की जो विधि पारित की है उस के बारे में कोई नहीं जानता । हम दिल्ली में ही हरिजनों की दशा जा कर देख सकते हैं फिर अन्य स्थानों की तो बात ही क्या है ।

हम देखते हैं कि पुलिस वाले और सरकारी कर्मचारी स्वयं ही हरिजनों से घृणा करते हैं और अपने आप को उन से पृथक् रखते हैं । यह ठीक है कि कुछ अपवाद भी हैं किन्तु जो कर्मचारी रूढ़िवादी हैं उन के हाथों हरिजन-कल्याण नहीं हो सकता ।

कई राज्यों में अब भी सार्वजनिक पाठशालाओं में अस्पृश्यता का व्यवहार किया जाता है और कई राज्यों में ऐसे स्थान भी हैं जहां कोई हरिजन स्त्री नई साड़ी नहीं पहन सकती है---ये परिस्थितियां असह्य हैं इसलिये इस अधिनियम को क्रियान्वित किया जाये । यदि कोई ग्राम्य पदाधिकारी किसी हरिजन की शिकायत पर ध्यान न दे तो उस के विरुद्ध कार्यवाही की जानी चाहिये ।

मुझे अब और सुझाव भी देना है । हमें चाहिये कि नगरपालिकाओं के लिये यह अनिवार्य कर दें कि वे एक निश्चित अवधि में हरिजनों के लिये मकानों का प्रबन्ध करें---इसी प्रकार से ग्राम पंचायतों का भी यही कर्तव्य होना चाहिये---यदि कोई नगरपालिका अथवा ग्राम्य पंचायत ऐसा न करे तो उसे समाप्त कर दिया जाये । प्रत्येक पदाधिकारी के लिये भी यह आवश्यक

[श्री जी० एच० देशपांडे]

कर दिया जाये कि वह ग्रामों का दौरा करते समय हरिजन बस्ती में जायें और अपनी दैनिकी में इस के सम्बन्ध में लिखे कि उन्होंने यह बातें मुझे बताईं--इत्यादि। प्रत्येक सामाजिक कार्यकर्ता तथा सरकारी कर्मचारी ऐसा अवश्य करें। सहभोजों में हरिजनों को बुलाया जाये और उन्हें कुओं से पानी लेने की आज्ञा दी जाये--यदि ऐसा वर्ष में कई बार किया जाये तो यह शताब्दियों पुरानी बीमारी पांच या छै वर्ष में ही समाप्त हो सकती है। महात्मा जी के काम ने इस की जड़ें तो हिला ही दी हैं--इसलिये मैं माननीय गृह-मंत्री से प्रार्थना करता हूं कि वह समस्त भारतवर्ष में इस सम्बन्ध में एक आंदोलन आरम्भ करें।

बहुत सा काम तो पहले से ही किया जा चुका है किन्तु आज हमारे पास इस कार्य का प्रभारी एक ऐसा व्यक्ति है जिस की प्रतिष्ठा देश में बहुत है--इसलिये यदि समस्त भारत में एक आंदोलन आरम्भ किया जाये तो मुझे कोई सन्देह नहीं कि पांच या दस वर्ष में यह प्रथा बिल्कुल समाप्त हो जायेगी।

गृह-कार्य मंत्री (पंडित जी० बी० पन्त) : जो व्याख्यान इस रिपोर्ट की विवेचना के सम्बन्ध में दिये गये हैं उन्हें सुन कर मुझे सन्तोष हुआ। यह जान कर कि इस सदन के सभी वर्गों और सभी विचारों के माननीय सदस्य हरिजनों और गिरिजनों के कष्टों को दूर करना चाहते हैं, मुझे यह भरोसा हुआ कि इस सदन में हरिजनों और गिरिजनों के लिये जो भी योजना बनाई जायें उस की हर तरह से ....

श्री वीरस्वामी (मयूरम--रक्षित--अनुसूचित जातियां) : क्या हम माननीय गृह-कार्य मंत्री से प्रार्थना कर सकते हैं कि वह अंग्रेजी में बोलें ताकि हम भी समझ सकें।

पंडित जी० बी० पन्त : इस वाद-विवाद में अधिकांश भाषण हिन्दी में हुए हैं इसलिये मैं ने भी हिन्दी में ही बोलना उचित समझा था।

एक माननीय सदस्य : हमारे साथ भी थोड़ी रियायत कीजिये।

पंडित जी० बी० पन्त : मैं सभा के सदस्यों के साथ हूं।

श्री लक्ष्मय्या (अनन्तपुर) : आप अपने भाषण के बाद पांच मिनट में अंग्रेजी में उस का संक्षेप दे सकते हैं ताकि हम लोग भी आज ही उसे समझ लें।

पंडित जी० बी० पन्त : जब मैं ने माननीय सदस्यों के पिछले दो दिनों के वाद-विवाद के भाषण सुने तो मुझे किसी सीमा तक अधिक सन्तोष हुआ। हरिजनों की अवस्था केवल इसी देश के प्रत्येक निवासी की सहानुभूति की मांग नहीं करती है किन्तु उन समस्त लोगों की सहानुभूति भी उस के साथ होनी चाहिये जो "मानव" की गरिमा को बनाये रखना चाहते हैं। इन परिस्थितियों में यह आश्चर्य की बात नहीं है कि इस सभा के समस्त सदस्यों की, चाहे वे किसी भी राजनैतिक दृष्टिकोण एवं दल के हों, जहां तक कि हरिजनों, गिरिजनों, तथा पिछड़े वर्गों की समस्या का सम्बन्ध है एक ही राय है। इन वर्गों से सम्बन्धित मामलों पर हमें केवल इसीलिये ध्यान नहीं देना है कि हमें उन की सेवा करने का विशेषाधिकार प्राप्त है क्योंकि हम उन लोगों से बहुत समय से सेवा लेते रहे हैं किन्तु हमें यह काम अपने राष्ट्र के संगठन तथा इसे एक शक्तिशाली संघ बनाने के

लिये करना है, क्योंकि यह अत्यन्त आवश्यक है कि हमारे राष्ट्र की श्रृंखला में कोई कमजोर कड़ी न रह जाये इसलिये इस प्रश्न पर हमें एक व्यापक दृष्टिकोण से विचार करना है । हम सब को इस प्रश्न पर एक ऐसे दृष्टिकोण से विचार करना है जो कभी हार न माने और जो हमेशा बाधाओं तथा रुकावटों के होते हुए भी आगे ही बढ़ता जाये ।

आयुक्त के प्रतिवेदन पर कुछ आलोचनायें की गई हैं । मुझे खेद है कि वह आलोचनायें किंचित अनुदार थीं । जिन परिस्थितियों में आज हम सब हैं उन में उन्होंने अधिक से अधिक कार्य करने का प्रयत्न किया है, और मैं तो यहाँ तक कहने का साहस करता हूं कि वह कुछ परिणाम प्राप्त करने में सफल भी हुए हैं । जो ध्यान उन्हों ने उन विभिन्न तथा अधिक पहलुओं वाली समस्याओं पर दिया है उस से वर्ष प्रति वर्ष उसी कार्य की प्रगति जारी रही है जोकि उस दिन आरंभ हुआ था जबकि गांधी जी ने इस समस्या को अपनाया था । हमें अपने राष्ट्र के हित में यह देखना है कि भारत का एक भी नागरिक नैतिक, आध्यात्मिक, आर्थिक अथवा सामाजिक दृष्टि से कमजोर न रहे । इस के अतिरिक्त, अब हम ने अपने समाज के विकास को समाजवादी ढांचे के आधार पर करने का निर्णय किया है । उस से यह और भी आवश्यक हो जाता है कि हमारे भारत के दो विभागों के मध्य कोई अन्तर न रहे । इस के लिये यह आवश्यक है कि इस ऊंच नीच, नीचों को इस प्रकार ठीक किया जाये कि हम सभी न केवल एक ठोस स्थान पर ही खड़े हों बल्कि एक समान स्थान पर खड़े हों । मैं सभा के समस्त माननीय सदस्यों से यह प्रार्थना करता हूं कि वह इस प्रश्न पर ईमानदारी एवं

सम्बन्धी आयुक्त के १९५३ और १९५४ के प्रतिवेदनों के बारे में प्रस्ताव

तत्परता से विचार करें तथा इसे यथासंभव शीघ्र हल करने का निश्चय करें ।

हम में से कुछ अभी तक इस बात पर दुख का अनुभव करते हैं कि अब तक भी मतभेद चले आते हैं, और हरिजनों को सताया जाता है तथा अत्याचारों के कुछ अवशेष अब तक कुछेक गांवों में अब भी हैं । किन्तु इस से हमें अपना साहस नहीं छोड़ना चाहिये । हम आगे बढ़ेंगे और यह दिखा देंगे कि यह सब बातें भूत काल की बातें हो चुकी हैं और अब हम सब इस महान प्राचीन भारतवर्ष के जोकि अब एक गणराज्य है एक बराबर के सदस्य हैं । कोई गणराज्य किसी एक विभाग के प्रति किये जा रहे दुर्व्यवहार की दशा में विकास नहीं कर सकता है। इस में समस्त नागरिक समान होने चाहियें—केवल विधि की दृष्टि में ही नहीं बल्कि अन्य सब बातों में, जहां तक कि परिस्थितियां आज्ञा दें ।

हरिजनों के प्रश्न पर केवल केन्द्र ने ही नहीं, बल्कि राज्यों ने भी ध्यान दिया है । वास्तव में प्रत्यक्षतः तथा आरम्भिक रूप में समस्त कार्यवाहियां राज्यों द्वारा ही की जाती हैं। हम उन की सहायता कर सकते हैं और उन्हें उत्साह दे सकते हैं किन्तु अधिकतर बोझ उन्हीं पर ही है । कहीं कहीं कुछ राज्यों ने नैतिक मामलों पर कार्यवाही करने में कुछ ढिलाई की है । इस प्रतिवेदन के बारे में भी मुझे कई राज्यों से आवश्यक जानकारी तथा आंकड़े देने के लिये प्रार्थना करनी पड़ी है । किन्तु इस से किसी भी प्रकार यह बात प्रकट नहीं होती है कि राज्यों में इस समस्या के प्रति वह उत्साह नहीं है जिसे हम सब चाहते हैं । हरिजनों के कल्याण तथा सुधार के लिये कार्य करने की उन की इच्छा उतनी ही प्रबल है जितनी कि हमारी है। मैं एक राज्य से आया हूं और मैं जानता

[पंडित जी० बी० पन्त]

हूं कि वहां विधान सभा के सभी सदस्य हरिजनों की सेवा करने के बारे में एक दूसरे से प्रतियोगिता करते थे । इसलिये हमें किसी राज्य के बारे में कोई अभियोग नहीं लगाना चाहिये । दूसरी बातों के अतिरिक्त इससे उस उद्देश्य को भी कोई लाभ नहीं पहुंचता है जिसे हम सब प्राप्त करना चाहते हैं । हमें लाभ तभी हो सकता है जब कि हमारे साथ वह सहयोग करें तथा उत्साह-पूर्ण एवं दृढ़तापूर्ण तरीके से हमारी सहायत करें ।

प्रतिवेदन के उपस्थापन में विलम्ब हो जाने के कारण भी शिकायत की गई है । मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि जहां तक १९५४ के प्रतिवेदन का सम्बन्ध है इसे तो सभा-पटल पर यथासंभव शीघ्र रख दिया गया था । १९५४ के समाप्त होने के बाद जानकारी एकत्रित करने में निश्चय ही कुछ समय लगा । फरवरी में प्रतिवेदन को प्रैस भेजा गया था और मई में यह प्रैस में आया और मई में ही इसे सभा-पटल पर रखा गया । मेरे विचार में इस बात से माननीय सदस्य संतुष्ट हो जायेंगे कि जहां तक संभव हो सका है वहां तक इस कार्य को शीघ्रातिशीघ्र करने का प्रयत्न किया गया है । यदि इस सम्बन्ध में अग्रेतर प्रयत्न करने सम्भव हुए तो वह किये जायेंगे ।किन्तु मुझे विश्वास नहीं कि हम वांछित उदेश्य को पूरा कर सकेंगे ।

हरिजनों के प्रश्न पर बहुत से पहलुओं से विचार किया जाता है । मैं इस प्रश्न पर सामाजिक अथवा आध्यात्मिक पहलू से विचार करता हूं । हरिजनों को खाद्य की आवश्यकता है ; उन्हें कपड़े चाहियें, मकान चाहिए, भूमि चाहिये ; चिकित्सा सेवा सम्बन्धी सुविधायें उन्हें चाहिये ; शिक्षा चाहिए, रोजगार चाहिये और इसी प्रकार से ये अन्य सब चीजें चाहियें । हमें इन सबका उपबन्ध करना चाहिये और इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिये मार्ग बनाना चाहिए । किन्तु इन सब बातों से ऊपर, मैं चाहता हूं कि हरिजन इस देश के एक महान गरिमा-युक्त नागरिक की भांति अपनी टांगों पर खड़ा हो, जो अपनी सहायता के लिए दूसरों की ओर न ताके, किन्तु जो एक ऐसे महान नागरिक की भांति आगे आये जोकि आत्म-निर्भर हो और जोकि न केवल अपनी प्रारंभिक आवश्यकताओं को पूरा करने का ही निश्चय रखता हो किन्तु समस्त समाज के कल्याण के लिये कुछ अंशदान कर सकने योग्य हो । मैं चाहता हूं कि वह स्वात्म-भिमानी नागरिक हो, उत्तमोत्तम कार्य करने का निश्चय रखता हो, और जो यह विश्वास करता हो कि यदि वह ठीक मार्ग पर चलेगा तो वह अपने उद्देश्य की पूर्ति कर लेगा । यदि वह ठीक तरीकों का अनुसरण करेगा वह पीछे नहीं रहेगा । चाहे हरिजनों को अच्छा खाना मिले, और अच्छे कपड़े मिलें, किन्तु यदि उन्हें उन अधिकारों से वंचित रखा गया जोकि भारत के एक नागरिक को प्राप्त होने चाहियें, तो मुझे सन्तोष नहीं होगा । मैं तो उस दिन की प्राप्ति के लिये काम करना चाहता हूं जब कि कोई हरिजन भारत का राष्ट्रपति बने । वह दिन हमारे राष्ट्र के लिये एक महान दिवस होगा । हम संसार की नजरों में सम्मानित हो जायेंगे, और संसार यह कहेगा कि जहां कि अमेरिका अपने हब्शियों की समस्या हल करने में असफल रहा है वहां भारत-वासियों ने स्वतंत्रता प्राप्ति के शीघ्र बाद ही अपने महान महात्मा के नेतृत्व एवं मार्ग दर्शन में, जोकि हमारे सामने भौतिक रूप

में न हो कर भी आत्मिक रूप में हैं, इस समस्या को, इस शताब्दियों पुराने धब्बे को मिटा डाला है। यही उद्देश्य है जिस की ओर हम सब को अपनी शक्तियां लगानी हैं। इसे प्राप्त करने के लिए यह आवश्यक है कि ठीक वातावरण हो और हरिजनों को देश की ओर इस दृष्टि से देखना चाहिए जैसेकि उन्हें अपनी सारी शक्तियां इसके कल्याण के लिये लगानी हैं—न कि अपने लिये, बल्कि दूसरों के लिये। यह उनकी परम्परा रही है और अब उन्हें उस परम्परा से परे नहीं हटना चाहिये।

हमें दूसरी ओर अपनी मुक्ति के लिए काम करना है। हमें यह देखना है हम उस पवित्र कर्तव्य में जो कि उन के प्रति हमारा है, असफल तो नहीं रहते हैं। यह राजनीति का मामला नहीं है और न ही यह राष्ट्रीयता का कोई मामला है यह तो इन सबसे ऊंची कोई दूसरी ही बात है। उस मानव की आत्मा से जोकि इस कार्य की पूर्ति तथा वास्तविक समानता और वास्तविक मानवता की स्थापना के लिये प्रयत्नशील है। इस कार्य के पूरा किये जाने के लिये एक अवाध्य मांग उठ रही है। इसी का हम सुनिश्चय करना चाहते हैं और इसी उद्देश्य की प्राप्ति के लिये हमें सभी उपयुक्त तरीकों का प्रयोग करना चाहिये।

एक नये मंत्रालय की स्थापना के बारे में भी निर्देश किया गया था। यदि उस से हरिजनों के उद्देश्य की पूर्ति होती है तो मुझे इस में कोई आपत्ति नहीं है किन्तु मैं समझता हूं कि उस उद्देश्य की प्राप्ति के लिये यह तरीका नहीं है। इस के लिए भी कभी मौका आ सकता है और जैसे ही आवश्यक होगा हम इसके लिये एक मंत्रालय बना सकते हैं—किन्तु चाहे पृथक मंत्रालय हो अथवा मिश्रित मंत्रालय हो, आवश्यकता तो इस बात की है कि हमें इस कार्यक्रम की पूर्ति के लिये अर्थात् हरिजनों तथा अनुसूचित आदिम-जातियों के सदस्यों के कल्याण एवं सुधार के लिये, एकत्रित एवं संगठित हो जाना चाहिए।

सभापति महोदय : अब २-३० मध्याह्न पश्चात् है। हमें गैर-सरकारी सदस्यों का कार्य आरम्भ करना है।

गैर-सरकारी विधेयकों तथा संकल्पों सम्बन्धी समिति

श्री रघुनाथ सिंह : (जिला बनारस मध्य) मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि यह सभा गैर-सरकारी विधेयकों तथा संकल्पों सम्बन्धी समिति के सैंतीसवें प्रतिवेदन से जो १४ सितम्बर, १९५५ को सभा के समक्ष रखा गया था, सहमत है।"

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

"कि यह सभा गैर-सरकारी विधेयकों तथा संकल्पों सम्बन्धी समिति के सैंतीसवें प्रतिवेदन से, जो १४ सितम्बर, १९५५ को सभा के समक्ष रखा गया था, सहमत है।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

मोटर गाड़ी (संशोधन) विधेयक

श्री टी० बी० विट्ठल राव (खम्मम्) : मैं प्रस्ताव करता हूं कि मोटर गाड़ी अधिनियम, १९३९ में अग्रेतर संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित की जाने की अनुमति दी जाये।

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

"कि मोटर गाड़ी अधिनियम, १९३९ में अग्रेतर संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित किये जाने की अनुमति दी जाये।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

श्री टी० बी० विट्ठल राव : मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं ।

भारतीय पंजीयन (संशोधन) विधेयक

श्री एस० सी० सामन्त (तामलुक) : मैं प्रस्ताव करता हूं कि भारतीय रजिस्ट्रेशन एक्ट (पंजीयन अधिनियम), १९०८ में आगे संशोधन करने वाले बिल (अधिनियम) को पेश (पुरःस्थापित) करने की अनुमति दी जाये ।

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

"कि भारतीय पंजीयन अधिनियम, १९०८ में अग्रेतर संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

श्री एस० सी० सामन्त : मैं बिल (विधेयक) को पेश (पुरःस्थापित) करता हूं ।

सभा का कार्य

सभापति महोदय : शेष कार्य, जैसाकि अध्यक्ष महोदय ने कहा था, अगले गैर-सरकारी दिवस को लिया जायेगा । आज सभा की इच्छा के अनुसार माननीय अध्यक्ष ने इस बात को स्वीकार कर लिया है किन्तु भविष्य के लिये यह उदाहरण नहीं बनेगा । अब सभा पिछले कार्य को प्रारम्भ करेगी ।

श्री राघवाचारी (पेनुकोंडा) : क्या मैं यह समझ लूं कि आज जो समय छोड़ा जा रहा है वह इस स्थगन के साथ जारी रहेगा ?

सभापति महोदय : सभा ने प्रस्ताव को स्वीकार किया है ।

अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिमजातियों सम्बन्धी आयुक्त के १९५३ तथा १९५४ के प्रतिवेदनों के बारे में प्रस्ताव--जारी

पंडित जी० बी० पन्त : माननीय सदस्यों को याद होगा कि कुछ ही सप्ताह पूर्व इस सभा के समक्ष एक पृथक मंत्रालय की नियुक्ति का सुझाव देने वाला एक संकल्प रखा गया था । किन्तु, इस का यह अर्थ नहीं है कि यदि परिस्थितियों ने एक पृथक मंत्रालय स्थापित किये जाने की मांग की तो वैसा नहीं किया जायगा । किन्तु विद्यमान परिस्थितियों में सभा की ऐसी इच्छा प्रतीत नहीं होती है । यहां कुछ ऐसे सुझाव भी दिये गये हैं कि एक केन्द्रीय हरिजन बोर्ड बनाया जाये । मैं चाहता हूं कि इस सभा के हरिजन सदस्यों के निकट सहयोग तथा मंत्रणा का लाभ मुझे मिले । मैं उन से समय समय पर अनौपचारिक रूप से मिलता रहा हूं । किन्तु मैं इस प्रश्न पर विचार करूंगा, और यदि हो सकता है कि हम यहां ऐसा एक बोर्ड बनायें जोकि हमारे साथ हरिजनों की सेवा करने का श्रेय प्राप्त करे । मैं इस मामले पर ध्यान दूंगा ।

कई राज्यों में तो हरिजन कल्याण बोर्ड हैं । यदि कुछ राज्यों में ऐसे बोर्ड नहीं हैं तो हम ये सुझाव उन्हें दे देंगे । इसी प्रकार से मैं आदिमजातियों तथा आदिम क्षेत्रों के प्रतिनिधियों से भी अनौपचारिक रूप से मिलता रहा हूं । किन्तु यदि यह वांछनीय समझा गया तो हम गृह मंत्रालय को आदिमजाति क्षेत्रों के प्रशासन में सहायता देने के लिये एक बोर्ड के बनाये जाने की आवश्यकता पर भी विचार कर सकते हैं ।

संबंधी आयुक्त के १९५३ तथा १९५४ के प्रतिवेदनों के बारे म प्रस्ताव

अस्पृश्यता निवारण पर बहुत जोर दिया गया है और ऐसा करना ठीक ही है क्योंकि जब तक एक व्यक्ति भी अस्पृश्यता का शिकार है हमारे देश और जनता के लिये वह कलंक का विषय है। खेद का विषय है कि यद्यपि हमने इतने विधान पास किये हैं और यद्यपि संविधान के प्रवर्त्तन के दिन से स्पष्ट शब्दों में अस्पृश्यता को अपराध घोषित कर दिया गया है फिर भी कुछ स्थान हैं जहां यह बुराई अभी तक कायम है। मैं आशा करता हूं कि माननीय सदस्य अपने अपने निर्वाचन क्षेत्रों से इसे दूर करने का भरसक प्रयत्न करेंगे। अब हमारे पास एक केन्द्रीय अधिनियम है जिस के अनुसार अस्पृश्यता हस्तक्षेप्य अपराध घोषित कर दिया गया है। कुछ उपाय हम ने किये हैं परन्तु ऐसा जान पड़ता है कि उन से कोई लाभ नहीं हुआ है। इसलिये अब हम इस बात पर विचार करेंगे कि और कौन से उपाय किये जा सकते हैं और इस सम्बन्ध में जो सुझाव यहां पर दिये गये हैं उन पर यथोचित विचार किया जायेगा।

हरिजनों को लोक सेवाओं में भर्ती होने में जिन कठिनाइयों का सामना करना होता है उन को दूर करने के लिये स्थानों का संरक्षण कर दिया गया है। जो नौकरियां प्रतियोगीय परिक्षाओं के द्वारा मिलती हैं उस में उनके लिये १२ १/२ प्रतिशत नोकरियां और अन्य नौकरियों में उन के लिये १६ प्रतिशत नौकरियां सुरक्षित कर दी गई हैं। आयु के संबंध में भी जहां तक अखिल भारतीय नौकरियों का संबंध है उन के लिये तीन वर्ष की रियायत की गई है और जहां तक अन्य नौकरियों का संबंध है उन को पांच वर्ष की रियायत दी जाती है। हम विचार कर रहे हैं कि अखिल भारतीय सेवाओं में भी उन को पांच वर्ष की रियायत दी जाये। जहां तक शुल्क इत्यादि का सम्बन्ध है हरिजनों से विहित शुल्क का केवल एक चौथाई लिया जाता है।

भर्ती करने वाले प्राधिकारियों से हम ने फिर यह कहा है कि हरिजनों को विशेष रियायतें दी जानी चाहियें। पूर्ण अनुपात में उन को भर्ती कर लेने पर भी सरकारी नौकरियों में उन को पर्याप्त स्थान दिलाने में वर्षों का समय लगेगा। इसलिये हम ने गृह-कार्य मंत्रालय से यह आदेश जारी किये हैं कि जब कभी कोई ऐसा हरिजन उम्मेदवार मिले जो काम चला सकने की क्षमता रखता हो तो, उसका स्थान चाहे जितना नीचा क्यों न हो, उस को अवश्य भर्ती कर लिया जाये जिससे उन का रक्षित कोटा पूरा हो सके। यदि कोई ऐसे मामले हों जिन में ऐसी परिस्थिति हो कि वे तुरन्त अपना उत्तरदायित्व संभालने के उपयुक्त न हों तो उन को विशेष प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की जाये।

हरिजनों से सम्बन्धित भर्ती और पदोन्नति विषयक मामलों को निपटाने के लिये हम ने गृह-कार्य मंत्रालय में एक विशेष सैक्शन भी स्थापित किया है। हम ने एक तालिका बना ली है और जब भी कोई ऐसा स्थान रिक्त होता है जिस की पूर्ति हरिजन द्वारा की जानी होती है तो उस की पूर्ति हरिजन द्वारा ही की जाती है। परन्तु यदि योग्य उम्मेदवार उपलब्ध नहीं होते हैं या भर्ती किये हुए व्यक्तियों की संख्या अपेक्षित अभ्यंश तक नहीं होती है तो गृह-कार्य मंत्रालय के पास एक प्रतिवेदन भेजना पड़ता है। जब कभी हमें पता चलता है कि पूरी संख्या की भर्ती नहीं की गई है तो हम मंत्रालय से जवाब मांगते हैं कि वह निश्चित संख्या भर्ती करने में क्यों असमर्थ रहा है। मैं समझता हूं कि इन उपायों का कुछ न कुछ प्रभाव अवश्य पड़ेगा। परन्तु यदि और

[पंडित जी० बी० पन्त]

कुछ किया जा सकता है और उस का सुझाव दिया जाये तो मैं उस पर भी विचार करने को तैयार हूं ।

केन्द्रीय सचिवालय सेवा में १०० असिस्टेण्टों के स्थान भरने के लिये अभी हाल में एक परीक्षा हुई थी जिस में केवल हरिजनों को ही बैठने का अवसर दिया गया था । १०० रिक्त स्थान और ऐसे हैं जिन की पूर्ति करनी है उन में भी पच्चीस प्रतिशत स्थान हरिजनों के लिये रक्षित किये गये हैं । हम आशा करते हैं कि आगामी चार वर्षों में उच्च श्रेणियों के २० स्थानों की पूर्ति की जायेगी, उन म भी कम से कम पांच स्थान हरिजनों के लिये रक्षित किये गये हैं । हरिजनों और आदिमजातियों के व्यक्तियों के लिये जो स्थान रक्षित किये गये हैं वे हरिजनों और आदिमजाति के व्यक्तियों द्वारा ही भरे जायें इस के लिये हम प्रत्येक संभव कार्यवाही करने का प्रयत्न कर रहे हैं और जो भी प्रयत्न हो सकते हैं कर रहे हैं ।

मुझे इस बात का बड़ा खेद है कि हरिजनों का स्तर इतना नीचा है कि १९५४ में प्रथम श्रेणियों के ४५ स्थानों में से हरिजन केवल एक ही स्थान प्राप्त कर सके । द्वितीय श्रेणी के सैंतालीस स्थानों में से चार स्थान हरिजनों ने प्राप्त किये । तृतीय श्रेणी के ५९७ स्थानों में से ७६ स्थान हरिजनों को दिये गये थे । चतुर्थ श्रेणी के १२८ स्थानों में से छब्बीस हरिजनों द्वारा भरे गये ।

इस के अतिरिक्त मैं ने मंत्रालय से कहा है कि यदि वे पर्याप्त संख्या में हरिजनों को नियुक्त करने में असमर्थ रहे हैं तो हमें बतावें कि ऐसा करना क्यों संभव नहीं हो सका है ।

मैं समझता हूं कि जो कुछ मैं ने बताया है उस से माननीय सदस्यों को विश्वास हो जायेगा कि हरिजनों को नौकरियों में उन का उचित स्थान दिलाने के लिये हम भी उतने ही उत्सुक हैं जितना कि कोई अन्य व्यक्ति हो सकता है ।

केन्द्रीय सेवाओं में हरिजनों की संख्या बहुत कम है । मुझे प्रसन्नता है कि अब संघ लोक सेवा आयोग का एक सदस्य हरिजन होगा । इस का यह अर्थ नहीं है कि लोक सेवा आयोग का कोई सदस्य संकुचित दृष्टि-कोण से विचार करेगा । सभी सदस्य निष्पक्षता के साथ और असाम्प्रदायिक दृष्टि से विचार करेंगे । परन्तु यदि कोई ऐसा पहलू है जिस पर विचार नहीं किया जाता है या जो छूट जाता है तो उस के लिये जो भी उपाय हमारे सामने हैं उन को काम में लाया जाये ताकि कहीं भी ऐसी भावना शेष न रहे ।

मैं समझता हूं कि हरिजनों को उच्च श्रेणी की या अखिल भारतीय सेवाओं में भर्ती करने के लिये यह आवश्यक है कि उन की शिक्षा सम्बन्धी सुविधाओं की उचित व्यवस्था की जाये । इस के लिये केन्द्रीय सरकार और शिक्षा मंत्रालय जो भी हो सकता है प्रयत्न करते रहे हैं । मैं समझता हूं कि हरिजनों को न केवल प्रायमरी स्कूलों में वरन्, माध्यमिक कक्षाओं में, कालिजों और विश्वविद्यालयों में, उद्योग सम्बन्धी तथा व्यवसायी संस्थाओं में भी शिक्षा निःशुल्क दी जाये । ऊंची नौकरी मिलने से किसी व्यक्ति के मान और प्रतिष्ठा में जो अभि-वृद्धि होती है वह किसी अन्य प्रकार से नहीं हो सकती है । इसलिये हरिजनों के प्रति आदर और भ्रातृत्व की वही भावना उत्पन्न करने के लिये यह वांछनीय है कि उच्च वर्गीय सेवाओं में हरिजन भारी संख्या में रखे जायें । इस के लिय आवश्यक है कि उनको उच्चतम प्रकार की शिक्षा दी जाये ।

मुझे यह सुझाव बहुत पसन्द आया कि सार्वजनिक स्कूलों में हरिजनों की एक बड़ी संख्या भर्ती की जाये और जो वास्तव में इस के पात्र हैं उन को विदेशों में जा कर शिक्षा प्राप्त करने के लिये और जिस विषय में उन्होंने विशेष योग्यता का परिचय दिया है उस विषय का अग्रेतर अध्ययन करने के लिये छात्र वृत्तियां दी जायें, जिस से कि वे ऊंचे से ऊंचा स्थान प्राप्त कर सकें द्वितीय पंच वर्षीय योजना के लिये हमें विशेषज्ञों की और पूर्णतः अर्ह व्यक्तियों की भारी संख्या में आवश्यकता होगी । मैं आशा करता हूं कि हरिजन इस अवसर से पूरा लाभ उठावेंगे, इस के लिय उन्हें ऐसी प्रत्येक सहायता दी जायेगी जिस के कि वे पात्र हैं ।

शिक्षा और नौकरियों के अतिरिक्त एक प्रश्न आर्थिक उन्नति का है । मैं आशा करता हूं कि आगामी पांच वर्षों में सारे देश में राष्ट्रीय विस्तार खण्ड फैल जायेंगे । इस प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक निवासी को उन सेवाओं से, जो कि यह खण्ड कर सकते हैं, लाभ उठाने का अवसर मिलेगा । परन्तु इस के अतिरिक्त इन खण्डों के हरिजनों की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिये विशेष प्रयत्न किये जायेंगे ।

आवास की समस्या एक भारी समस्या है फिर भी हरिजनों के लिये, मनुष्यों के रहने योग्य मकानों की व्यवस्था की जायेगी । मुझे यह देख कर बड़ा दुख होता है कि नगर-पालिकायें भंगियों से सेवा तो ऐसी कराती हैं जो सब से अधिक घृणास्पद और कठोर है परन्तु जहां तक उन के आवास तथा उन की अन्य सुविधाओं का सम्बन्ध है उन के साथ बहुत ही निर्दयता का व्यवहार करती हैं, उन के लिये न रोशनी का, न पानी का और न अच्छे मकानों का प्रबन्ध करती हैं । उन को पाखाने की बाल्टियां सर पर रख कर ले जाते हुए देख कर मुझे बहुत ही दुख

आयुक्त के १९५३ तथा १९५४ के
प्रतिवेदनों के स्ताव

होता है । मैं सोचता हूं कि पाखाना ले जाने का कोई और तरीका होना चाहिये और यह तरीका कानून के द्वारा बन्द कर दिया जाना चाहिये । मैं आशा करता हूं कि नगर-पालिकायें इस सम्बन्ध में भंगियों को सुविधायें देने के लिये उचित कार्यवाही करेंगी ।

मैं आशा करता हूं कि आगामी पंच-वर्षीय योजना में हरिजनों के लिये मकान बनाने के लिये भी कोई उपबन्ध किया जायेगा । मैं चाहता हूं कि चाहे खेती के लिये भूमि उपलब्ध न हो तो भी हरिजनों को कम से कम अपने अपने गांवों में मकान बनाने के लिये भूमि अवश्य दी जाये जिस से कि थोड़े से अनुदान से वे अपने लिये मकान बना सकें ।

आदिमजाति के लोगों की ओर बहुत कम ध्यान दिया गया है । हमें उन के साथ रहना चाहिये और उन के साथ ऐसा व्यवहार करना चाहिये जिस से कि उन में और भारत की शेष जनता में भ्रातृत्व का भाव उत्पन्न हो । उन की संस्कृति बहुत ही उच्च कोटि की है । हमें चाहिये कि उन की संस्कृति तथा उन की अन्य सराहनीय अच्छाइयों की रक्षा करें । परन्तु बहुत सी बातों में वे पिछड़े हुए भी हैं । उन में से अधिकांश के पास खेती करने के लिये भूमि नहीं है । वे बंजारों की तरह एक स्थान से दूसरे स्थान में घूमा करते हैं, उन में शिक्षा का अभाव है, कहीं कहीं वे संक्रामक रोगों से पीड़ित हैं, और उन का स्वास्थ्य भी सामान्यतः साधारण स्तर से बहुत नीचा है । मैं आशा करता हूं कि वह माननीय सदस्य, जो आदिम जाति क्षेत्रों के पड़ोस में निवास करते हैं, उन के कल्याण के कार्यों में विशेष दिलचस्पी लेंगे और उन को शिक्षा की दृष्टि से तथा सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से ऊंचा उठाने के लिये जो कुछ भी हो सकता है करेंगे ।

[पंडित जी० बी० पन्त]

अनुसूचित जातियों तथा आदिमजातीय जनता के लिये हमें अन्य उपायों की भी व्यवस्था करनी है । उन की आर्थिक दशा में सुधार करने के लिये हमें ऐसे पाठ्यक्रम आरम्भ करने चाहियें जिन से उन को, जो कई पीढ़ियों से एक व्यवसाय में लगे हुए हैं, कार्य के नये क़ायदों को विकसित करने और अधिक उत्तम औज़ारों का प्रयोग करने के अवसर दिया जाये । इस प्रकार वे अच्छी मजूरी प्राप्त कर सकेंगे और उन के समुदाय को प्रोत्साहन भी मिलेगा ।

इस के अतिरिक्त, इन का आर्थिक उत्थान करने के लिये, हमें और भी उपाय करने चाहियें । क्योंकि अन्ततोगत्वः शिक्षा कितनी ही ऊंची क्यों न हो कोई लाभ नहीं पहुंचाती है जबकि उस से पेट न भरे । इसलिये उन की आर्थिक प्रगति के लिये हमें और भी उपाय करने होंगे । एक प्रकार की भ्रातृत्व की भावना उत्पन्न करनी चाहिये जिस से जातिगत भेदभाव के लिये कोई स्थान न रहे, क्योंकि जातिगत भेदभाव हमारे देश के लिये सब से अधिक घातक है ।

यह भी मांग की गई है कि अनुसूचित जाति के तथा आदिमजाति के प्रतिनिधियों की संख्या बढ़ाई जाये तथा अनुसूची में कुछ और जातियों तथा समूहों के नाम बढ़ाये जायें । इन मांगों पर अभी विचार किया जा रहा है और मैं आशा करता हूं कि आगामी सामान्य निर्वाचन के बाद अनुसूचित जाति तथा आदिमजाति के प्रतिनिधियों की संख्या में बहुत वृद्धि हो जायेगी ।

मैं समझता हूं कि जहां तक सिखों का सम्बन्ध है उन को भी आवश्यक सुविधायें दी जायेंगी जिस से कि वे उन्नति कर सकें और किसी प्रकार की निर्योग्यता का शिकार न हों ।

कुछ बातें श्री एन्थोनी ने कही हैं । मैं उन के सम्बन्ध में विस्तार से नहीं कहना चाहता हूं । शिक्षा सम्बन्धी अनुदानों तथा रेलवे की नौकरियों की भर्ती सम्बन्धी प्रश्नों पर मैं उन से व्यक्तिगत रूप से बातचीत करना चाहता हूं । आवश्यकता हुई तो मैं शिक्षा तथा रेलवे विभागों के सचिवों या मंत्रियों से भी उपस्थित रहने के लिये कह दूंगा जिस से कि सभी प्रमुख समस्याओं का सन्तोषपूर्वक समाधान किया जा सके । मैं यह चाहता हूं कि संविधान में जो प्रत्याभूतियां दी गई हैं उन से कोई भी वंचित न हो । हम अब भी उन के पूरा करने का वचन देते हैं और एक बार वचन दे चुकने के बाद उसे पूरा करना हम अपना धर्म समझते हैं । क्योंकि आखिरकार एक राष्ट्र का वचन कुछ हज़ार या लाख रुपये से कहीं ज्यादा मूल्यवान है । हमारा देश महान इसीलिये था कि उस ने कुछ सिद्धान्तों का पालन किया था । हमें ध्यान रखना है कि हम उन सिद्धान्तों से विमुख न हों जिन्होंने हमें पहले शक्ति दी है और जिन से हम भविष्य में शक्ति प्राप्त करने की आशा करते हैं । इसलिये हम इस देश के सभी समुदायों तथा नागरिकों में फिर से समानता, भ्रातृत्व तथा मित्रता स्थापित करने का प्रयत्न कर रहे हैं । हमारा यही उद्देश्य है और मैं आशा करता हूं कि यदि हम इस देश के सभी नागरिकों के प्रति अपने कर्तव्य का कुशलता के साथ पालन कर सके तो हम अपने पदोचित धर्म को पूरा कर सकेंगे ।

श्री बी० एस० मूर्ति : कुछ राज्य सरकारें योजनाओं की अभिपूर्ति करने से इसलिये पैर पीछे हटा रही हैं क्योंकि उन को इन योजनाओं को सफल बनाने में अपने हिस्से का रुपया भी खर्च करना पड़ेगा । क्या इस का भी कोई इलाज है ?

पंडित जी० बी० पन्त : हां। मैं हार कभी नहीं मानता हूं इसलिये कोई न कोई उपाय तो निकाला ही जायेगा।

श्री अजीत सिंह : माननीय मंत्री ने अभी अभी कहा है कि नगरपालिका क्षेत्रों में निवास करने वाले अनुसूचित जातीय लोगों के लिये मकानों की सुविधायें दी जायेंगी। क्या वह उन के सम्बन्ध में भी कुछ बतायेंगे जो नगरपालिका क्षेत्रों के बाहर रहते हैं।

पंडित० जी० बी० पन्त : न तो मैं ने ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में कोई विभेद किया है और न नगरपालिका क्षेत्रों के सम्बन्ध में किसी प्रकार का वचन दिया है। मैं ने तो केवल इतना कहा है कि नगरपालिकाओं का कर्तव्य है कि वह भंगियों तथा अन्य व्यक्तियों के लिये आवास की समुचित व्यवस्था करें। मैं आशा करता हूं हरिजनों के लिये आवास की व्यवस्था करने के लिये केन्द्र से कुछ अनुदान मिलेगा। यदि मैं अपने प्रयत्नों में सफल हुआ तो मैं एक योजना बनाऊंगा और हम इस पर विचार करेंगे कि इस धन का किस प्रकार सदुपयोग किया जाये।

श्री रामचन्द्र रेड्डी : माननीय गृह मंत्री ने आज अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिमजातियों के उत्थान के बारे में जो विचार अभिव्यक्त किये हैं उनके लिये हम सब उनके प्रति आभारी हैं। उन्होंने और कई माननीय सदस्यों ने अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिमजातियों के आयुक्त के प्रति कृतज्ञता प्रकट की है और बड़ी प्रशंसा की है और मैं भी आयुक्त महोदय की प्रशंसा करता हूं। उन्होंने अनेकों राज्यों में इन जातियों के उत्थान के लिये सुझाव देने वाला एक बहुत ही सुन्दर और व्यापक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है। परन्तु फिर भी उस में कई एक ऐसी त्रुटियां रह गई हैं जिन पर प्रकाश डालना मैं आवश्यक समझता हूं। इन जातियों के उत्थान के लिये केन्द्रीय शासन तथा राज्य सरकारों में जिस समन्वय की आवश्यकता है, इसके सम्बन्ध में इस प्रतिवेदन में कुछ भी नहीं बताया गया है। उदाहरणार्थ आन्ध्र राज्य में यह घोषित किया गया है कि कृषि-योग्य बंजर भूमि अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिमजातियों को दे दी जाये ताकि वह उस पर कृषि कार्य कर के अपना जीवन निर्वाह कर सकें। परन्तु हाल ही में केन्द्र की ओर से एक निदेश भेजा गया है जिस में आन्ध्र सरकार से कहा गया है कि इस भूमि को निःशल्क न दिया जाये अपितु नीलामी के द्वारा इसे बेचा जाये। तो इस प्रकार से केन्द्र और राज्य सरकारों में इस सम्बन्ध में कोई समन्वय नहीं है। केन्द्र द्वारा इस भूमि को निशुल्क न दिये जाने पर बल देने का वास्तविक कारण यह बताया गया है कि वह वहां पर बड़ी बड़ी परियोजनायें चलाई जाने को हैं और तब यह भूमि बहुत क़ीमती हो जायेगी। यह एक बड़ा विचित्र सा तर्क है। परियोजनायें तो पन्द्रह वर्षों से पूर्व प्रारम्भ नहीं की जा सकेंगी तब तक इस भूमि को व्यर्थ में इसी स्थिति में रखने से क्या लाभ है? मैं जानता हूं कि वहां पर इतनी अधिक भूमि है कि यदि कुछ भूमि इन लोगों को दे दी जाये तो कोई हानि नहीं होगी। अतः मेरा यह निवेदन है कि केन्द्रीय सरकार राज्य सरकार को इस बात की अनुमति दे कि वह अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को यह भूमि दे सके ताकि वे उस को विकसित कर के अपना जीवन निर्वाह कर सकें।

दूसरी बात जिस का इस सभा में उल्लेख किया गया है और आयुक्त ने भी अपने प्रतिवेदन में जिस का उल्लेख किया है, वह

[श्री रामचन्द्र रेड्डी]

है मकान बनाने के लिये स्थान दिये जाने का । प्रत्येक राज्य सरकार हरिजनों को मकान बनाने के लिये स्थान देने का प्रयत्न तो कर रही है, परन्तु विभिन्न दल बन्दियों के पारस्परिक झगड़ों के कारण इस कार्य में बाधा पड़ रही है तो ऐसी स्थिति में हरिजन सेवक समितियों अथवा संगमों द्वारा यह कार्य सुचारू रूप से किया जा सकता है।

मैं ने ऐसा सुना है कि नगरपालिकाओं ने यह सुझाव दिया है कि क्योंकि नगरपालिकाओं की सीमाओं के अन्दर की भूमियां अत्यधिक मूल्यवान हैं, इसलिये यह भूमि हरिजनों को निशुल्क नहीं दी जानी चाहिये । इस सम्बन्ध में मेरा यह सुझाव है कि नगरपालिकायें अनिवार्य भूमि अधिग्रहण अधिनियम के अधीन सस्ते मूल्य पर भूमि प्राप्त करें और उसे हरिजनों को निशुल्क अथवा सस्ते मूल्य पर दें । यही केवल एक उपाय है जिस से उन के जीवन स्तर को उठाया जा सकता है ।

कुछ एक कार्यालयों में ऐसी भावना फैली हुई है कि सभी अस्पृश्य योग्य नहीं होते हैं । कोई अस्पृश्य व्यक्ति चाहे कितना भी योग्य क्यों न हो वे तो उसे अयोग्य ही समझते हैं, और उसे उच्च पदों पर नियुक्ति का कोई अवसर नहीं दिया जाता है ।

हमें यह अनुभव है कि मद्रास तथा आन्ध्र राज्यों में जब भी कभी किसी नीच जाति अथवा अनुसूचित जाति के व्यक्ति को शिक्षा दी गई है और अवसर दिया गया है, उस ने अपने आप को योग्य सिद्ध किया है । अतः उन की योग्यता का अनुमान लगाया जाना चाहिये और उन के प्रति कहीं भी ऐसी धारणा नहीं होनी चाहिये । इस के अतिरिक्त देश में संकीर्ण साम्प्रदायिकता भी बहुत फैली हुई है । अभी कोई दो वर्ष हुए दक्षिण भारत के डाकघरों में लगभग ५००-६०० स्थान खाली थे । डाक विभाग ने यह सुझाव दिया था कि ये स्थान अनुसूचित जातियों और पिछड़ी हुई जातियों के लिये रक्षित किये जायें । परन्तु ऐसा सुना गया है कि केन्द्रीय सरकार के गृह विभाग ने इस सुझाव का विरोध किया और डाक विभाग को ऐसा करने से मना कर दिया । मैं चाहता हूं कि इस अपवाद की सत्यता के बारे में पूरी पूरी खोज की जाये ।

प्रतिवेदन के पृष्ठ ४३ पर यह लिखा है कि एक व्यक्ति विशेष ने एक बस्ती बसाई है जिस पर लगभग ४२,००० रुपया खर्च किया गया है । इस के बारे में कई प्रकार के अपवाद फैले हुए हैं । अतः इस के बारे में वहां के जिलाधीश के द्वारा पूरी जांच की जानी चाहिये । मैं आयुक्त महोदय को सचेत कर देना चाहता हूं कि वह भारत के सभी क्षेत्रों में रहने वाले व्यक्तियों से परामर्श करते समय ज़रा सावधानी से काम लें, क्योंकि बहुत से व्यक्ति ऐसे होते हैं जो कि अपने आपको समाज का सेवक कहते हैं और ऊट पटांग जानकारी दे देते हैं । इसलिये आयुक्त महोदय को इस संबंध में अधिक सावधानी से काम लेना चाहिये । उनके संबंध में स्थानीय अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की जाये, अन्यथा काफ़ी गड़ बड़ी फैल जायेगी ।

श्री देवगम (चैंबरसा-रक्षित-अनुसूचित आदिमजातियां) : अपने मूल भाषण को आरम्भ करने से पहले मैं मंत्री महोदय से कुछ क्लैरिफ़िकेशन मांगता हूं । मैं ने मंत्री महोदय का व्याख्यान बहुत मनोयोग के साथ सुना है । शुरू में उन्होंने हरिजनों के बारे में ज्यादा कहा और पिछले भाग में ट्राइबल्ज़ के विषय में । मुझे मालूम होता है कि कहीं कहीं ट्राइबल्ज़ छूट गए हैं । मैं डिप्टी मिनिस्टर साहब का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं ।

संबंधी आयुक्त के १९५३ तथा १९५४ के प्रतिवेदनों के बारे में प्रस्ताव

ट्राइबल कान्फ्रेन्सों के भाषणों और लेखों से इस सदन में समय समय पर जो भाषण आदिवासी या गैर-आदिवासी, कांग्रेस पक्ष या विरोधी पक्ष के सदस्यों द्वारा दिए गए हैं, उनका सार यही निकलता है कि आदिवासी अंचलों में स्वतंत्रता का सूर्योदय अभी तक नहीं हुआ है। उनसे मालूम होता है कि

आजाद हुआ है देश, किन्तु आजादी की
हलकी सी किरण यहां तक पहुंच न पायी है।
बढ़ गयी निराशा की सीमा दुख व्याधि बहुत,
पर सुख की गोरी सुबह न अब तक आई है।

और वह कैसे ? स्वतन्त्रता के इन आठ वर्षों के भीतर भी आदिवासी इस लायक नहीं बन पाए हैं कि शासन-कार्य में हाथ बटा सकें, अपने जंगलों से फायदा गठा सकें, अपने आदिवासी अंचल के तालाबों में मत्स्य पालन कर सकें, अपने क्षेत्रों के स्कूलों के निरीक्षक अर्थात् स्कूल इंस्पैक्टर बन सकें या सैकन्डरी स्कूलों में शिक्षक बन पायें।

मैं ने बजट सेशन में "गृह मंत्रालय" पर बोलते हुए कहा था कि पंच-वर्षीय योजना के अध्याय ३७ में आदिवासियों की भलाई के लिये अनेक योजनायें हैं, पर एक भी कार्य रूप में परिणत नहीं की गई है। क्या मैं सरकार से पूछ सकता हूं कि क्या उनका यह मोटो है कि

"धीमी और अविराम गति वाला
व्यक्ति दौड़ में जीतता है।"

जिस गति से हम लोगों की प्रगति हो रही है वह बहुत ही धीमी है। मैं तो इस मोटो को पसन्द नहीं करता हूं। इस के बदले दूसरा मोटो रखना चाहिए और वह यह है कि

"तीव्रगामी और निश्चयपूर्ण व्यक्ति दौड़
जीतता है।"

अब मैं अध्याय ३७ पर आता हूं। मैं ने आज ही सुबह प्लानिंग के कार्य के बारे में सवाल किया था। मुझे जवाब मिला कि इस में बहुत कामयाबी हो रही है। लेकिन इस रिपोर्ट में पेज २७७ पर लिखा हुआ है कि कुछ अपवादों के अतिरिक्त सिंचाई के छोटे छोटे कार्य संतोषजनक नहीं दिखाई देते। प्रायः ऐसे ऊंचे स्थान पर बांध बनाया जाता है जहां पानी एकत्र होना संभव नहीं। बांध बनाने के लिये स्थान ढूंढने में गांव वालों का मत लेना चाहिये।

इस रिपोर्ट से मैं सहमत हूं, क्योंकि मैं ने हर एक जगह जा कर—जंगलों में भी जा कर—इन लघु योजनाओं को देखा है और यह बहुत खुशी की बात है कि आप की सेन्ट्रल गवर्नमेंट के एक आफिसर भी मेरे साथ थे और वह भी इस बात के साक्षी हैं कि लघु योजनायें ठीक तरीके से नहीं बनाई गई हैं और इसी के फलस्वरूप दो वर्षों से सिंहभूम में अकाल पड़ा हुआ है। इन स्कीम्ज पर कितना खर्च पड़ा, इस बारें में "इंडियन नेशन" (९-३-५३) में लिखा हुआ है कि सिंहभूम में स्थानीय विकास कार्यों के अन्तर्गत २·५ लाख रुपये की ५९२ योजनायें पूरी की गई हैं। ढाई लाख से ऊपर खर्च होने पर भी दो वर्षों से मेरे यहां दुर्भिक्ष पड़ा हुआ है और अन्न के अभाव के कारण लोग कालियरीज, चाय बागान और पता नहीं कहां कहां जा रहे हैं।

पंच-वर्षीय योजना के अध्याय ३७, पैरा १८ में लिखा हुआ है कि ऐसे वन स्कूल खोलने चाहियें जिन में आदिमजातियों के युवकों में वन वृद्धि के लिये ठीक प्रकार से कार्य करने और वन का ध्यान रखने के हेतु भाव पैदा किये जायें, जिस के फलस्वरूप उन के जीवन का उद्धार हो।

[श्री देवगम]

इस बारे में जब मैं ने सदन में क्वेश्चन पूछा कि वे स्कूल कहां हैं तो वह क्वेश्चन यह कह कर डिस-एलाऊ कर दिया गया कि यह स्टेट मैटर है । इसलिये मैं ने स्टेट के अफ़सरान से भी पूछा । उन का जवाब है कि—मैं समयाभाव के कारण ज्यादा डीटेल में नहीं जाता हूं—१९४९ से १९५५ तक बिहार के फारेस्ट ट्रेनिंग स्कूल में २१ ट्राइबल विद्यार्थियों को शिक्षा दी गई, जबकि कुल विद्यार्थियों की संख्या १६० थी । चीफ कान्ज़रवेटर आफ़ फ़ारेस्ट्स लिखते हैं कि यह स्कूल वस्तुतः स्कूल नहीं हैं । यह तो नियुक्त किये गये फारेस्टरों को प्रशिक्षण देने वाली संस्था है । यह स्कूल उस प्रकार का स्कूल नहीं है जिस का उल्लेख पंच-वर्षीय योजना में है । मेरे कहने का तात्पर्य यह है कि इस प्लान में जिन स्कूलों के बारे में लिखा है वैसे स्कूल न तो स्टेट्स में हैं और न इन का इन्तिजाम केन्द्रीय सरकार की ओर से हो रहा है । तो मैं दो चीज़ें चाहता हूं, इरिगेशन और एजूकेशन । इन दोनों के द्वारा हमारे किसानों का भला होगा । अगर सरकार इन दोनों चीजों का ध्यान रखेगी तो हमारे किसान भाइयों की उन्नति हो सकती है । मेरा कहना यह है कि अभी तक हम लोग अधिक आगे नहीं बढ़े हैं । मुझे यह बहुत शोक के साथ बतलाना पड़ता है कि सन् १९२०-१९२१ में जब यहां ब्रिटिश राज्य था उस समय हमारे सिंह-भूम जिले में आठ सब-इंस्पैक्टर रहते थे उन में से चार आदिवासी सब-इंस्पैक्टर रहते थे पर अब स्वराज्य होने का फल यह हुआ है कि उन चार आदिवासी सब-इंस्पैक्टरों के स्थान पर एक ही रह गया है । तो इस प्रकार हम आगे नहीं बढ़ रहे हैं बल्कि पीछे हट रहे हैं। इसलिये मैं कहता हूं कि देश म स्वराज्य होने पर भी अभी हमारे यहां स्वराज्य की किरण नहीं पहुंची है ।

मुझे एक बात और कहनी है । "वन्य जाति" के जुलाई के अंक में आदिवासियों के लिये कुछ सिफारिशें की गई हैं । उन में से एक यह है कि आदिवासी अंचल में जो वर्कर्स हों वे आदिवासी ही होने चाहियें । वह सिफारिश इस प्रकार है : कि यदि श्रमिक आदिवासी हों तो उसे अधिक लाभ हो सकता है परन्तु क्योंकि इस काम में दक्ष आदिमजाति के लोगों की कमी है इसलिये अभी तक वह स्तर नहीं लाया जा सका । परन्तु यथाशीघ्र उन लोगों में से श्रमिक पैदा करने चाहियें । चेष्टा करने से आदिवासी लोग भी ट्रेनिंग पा सकते हैं । सरकार खास तौर से इन लोगों को स्कालरशिप दे तो ये ट्रेनिंग ले सकते हैं । इस प्रकार की ट्रेनिंग देने के लिये चार स्कूल हैं, उन में से दो के नाम मुझे मालूम हैं । एक तो है दिल्ली स्कूल आफ सोशल वर्कर्स, और दूसरा है टाटा इंस्टीट्यूट आफ सोशल साइंसेज़ । यदि सेन्टर से काफी सहायता मिले तो आदिवासी यहां ट्रेनिंग ले सकते हैं ।

इस के अलावा एक और रिकमेन्डेशन है । वह इस प्रकार है कि राज्य सरकारों को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण केन्द्र खोलने चाहियें और केन्द्रीय सरकार को यह शर्त लगानी चाहिये कि जब तक आदिमजाति कल्याण के कार्यकर्ता जो राज्यों या भारतीय आदिमजाति संघ के मान्य स्कूलों में प्रशिक्षित हों उन्हें विहित समय के अन्दर आदिम-जाति के क्षेत्रों में न लगाया जाये, उन्हें अनुदान नहीं दिया जायेगा ।

श्रीमती गंगा देवी (जिला लखनऊ व जिला बाराबंकी—रक्षित-अनुसूचित जातियां): आज हाउस में कई दिनों से कमिश्नर महोदय

की रिपोर्ट पर प्रकाश डाला जा रहा है पेश्तर इस के कि मैं अपने विचार प्रकट करूं मैं कमिश्नर महोदय को तथा उन के असिस्टेंट श्री विमल चन्द्र जी को धन्यवाद देती हूं कि उन्होंने बड़े परिश्रम से इस रिपोर्ट को तैयार किया जिस पर आज हम को अपने अपने प्रान्तों के सिलसिले में बोलने का मौका मिल रहा है। मुझे कहना तो बहुत कुछ था किन्तु समय बहुत कम है इसलिये मैं अपने विचारों को संक्षेप में सदन के सामने रखने का प्रयत्न करूंगी ।

एक विशेष बात मुझे कहनी है । वह यह कि जहां हमारे कमिश्नर साहब ने बहुत सी बातों पर विचार किया वहां उन्हों ने एक चीज़ को बिल्कुल ही छोड़ दिया । जहां भी वह गये वहां के स्त्री समाज के बारे में उन्हों ने कुछ नहीं कहा । उन की रिपोर्ट को पढ़ कर ऐसा लगता है कि जहां कहीं वे गये या तो वहां स्त्रियां हैं नहीं या उन्हों ने उन के विषय में सोचना ही व्यर्थ समझा और अपनी रिपोर्ट में उन की बात को लाना जरूरी नहीं समझा । इसलिये मैं उन से निवेदन करूंगी कि सन् '५५ की जो उन की रिपोर्ट आवे उस में वे स्त्रियों के सम्बन्ध में अपने सुझाव अवश्य दें । वह अपनी रिपोर्ट में बतलावें कि कहां कहां पर स्त्रियों की कैसी कैसी अवस्था है, उन की शिक्षा दिक्षा का क्या हाल है, और समाज में उन की क्या स्थिति है । इस के जानने की हमें बहुत ज़रूरत है । आप की रिपोर्ट में यदि ये बातें होंगी तो उस के पढ़ने से हमें पता चलेगा कि कहां कहां स्त्रियां उन्नति कर रही हैं और कहां कहां अभी तक पिछड़ी हुई अवस्था में हैं ।

उन्होंने जहां सामाजिक सुधार, आर्थिक सुधार और और बहुत सी बातों पर प्रकाश डाला है वहां एक चीज़ को बिल्कुल ही छोड़ दिया है । मैंने दस साल देहातों में घूम घूम कर एक चीज़ को देखा है और उस पर मनन किया है । वह यह है कि देहातों में आज तक हरिजनों पर वहां के जमींदार या दूसरे शक्तिशाली लोग बहुत ही अत्याचार करते हैं । मैं अपने डिवीज़न की कुछ बात कहना चाहती हूं । वहां पर रोजाना ये किस्से होते रहते हैं कि आज जाटों ने चमारों को मार दिया, उन के घर जला दिये, उन की जमीनें छीन लीं । ये मुकदमे अदालतों में और पंचायतों में जाते हैं पर कोई फैसला नहीं होता । इस तरह से देहातों में हरिजनों को नाना प्रकार से सताया जाता है और उन पर अत्याचार किये जाते हैं । रिपोर्ट में इस चीज़ को कहीं पर भी नहीं दिया गया है कि किस तरह से देहातों में हरिजनों के ऊपर अत्याचार किये जाते हैं । इन सब चीजों से मैं ने यही निष्कर्ष निकाला है कि जब तक हरिजनों में दरोगा, डी० एस० पी०, एस० एस० पी० आदि नहीं बनाये जायेंगे तब तक हरिजनों के साथ न्याय नहीं हो सकता । इसलिये मैं होम मिनिस्ट्री से इस बात के लिये प्रार्थना करूंगी और आशा करूंगी कि आगे से हमारे योग्य और वैल-क्वालीफाइड (अर्हत) लड़कों को ऐसी जगहों के लिये प्रिफरेंस दिया जाये । इस प्रकार के अत्याचारों से बचने की एक राह मिले ताकि इन के केसों की रिपोर्ट हो सके । वैसे तो पन्त जी ने अपनी स्पीच में जो कुछ कहा है हमें उसे सुन कर बड़ी खुशी हुई और तसल्ली हुई और उन्होंने अपनी स्पीच में जो आश्वासन दिये हैं उन के लिये हम बहुत ही शुक्रगुज़ार हैं। उन्होंने सरकारी नौकरियों के बारे में जो आश्वासन दिये हैं उन से हम को बहुत तसल्ली हुई है, और हम आशा करते हैं कि इस काम में उन के द्वारा पूर्ण न्याय होगा ।

[श्रीमती गंगा देवी]

मुझे सोशल वैलफेयर बोर्ड के बारे में भी कुछ कहना है । मैं देखती हूं कि हमारे यहां जो सोशल वेलफेयर बोर्ड बना है उस में कोई भी हरिजन मेम्बर नहीं है । और इन बोर्डों के द्वारा जहां जहां भी काम होता है वह देहातों में नहीं होता है । जहां काम की जरूरत है वहां पर कोई जाता भी नहीं है । हमारे यहां यू० पी० में सोशल वेलफेयर बोर्ड का कार्य चल रहा है । मैं ने देखा है कि वे लोग देहातों की अन्दरूनी हालत को देखने की कोशिश नहीं करते । ऐसे लोगों को कनवीनर बनाया जाता है जो वहां तक पहुंचने में दिक्कत और तकलीफ अनुभव करते हैं । इस कार्य में जो त्रुटियां हैं अगर आगे से इन को दूर करने का प्रयत्न किया जाये तो बहुत अच्छा हो । और फिर जनता की वास्तव में कुछ सेवा इस बोर्ड के द्वारा हो सकती है ।

दूसरी चीज़ जो मुझे कहनी है, वह ऐजूकेशन के बारे में है । अभी पन्त जी ने हमारी एजूकेशन के सिलसिले में बहुत कुछ कहा लेकिन फिर भी मुझे यह कहना है कि हमारे यहां ऐजूकेशन की बहुत सख्त जरूरत है और यह पिछड़ी जातियां शिक्षा में इतनी पीछे हैं और उन में शिक्षा की इतनी कमी है कि वह जल्दी से पूरी नहीं हो सकती । सरकार द्वारा पिछड़ी जातियों के विद्यार्थियों को पढ़ने के लिये कई वजीफे मिल रहे हैं, इस के लिये मैं सरकार का बहुत धन्यवाद करती हूं लेकिन जो वजीफे लड़कों को दिये जाते हैं, वे इतने नहीं होते कि लड़के सम्मानपूर्वक और गौरव के साथ शिक्षा पा सकें । इसलिये मैं इस के लिये अधिक जोर दूंगी कि लड़कों को जो वजीफे दिये जाते हैं उस धनराशि को और बढ़ाया जाये ताकि हमारे लड़के बिल्कुल स्वतंत्रता से और सम्मानपूर्वक शिक्षा ग्रहण कर सकें और दूसरों को ओर उन को मुंह न ताकना पड़े ।

लड़कियों के बारे में मुझे यह कहना है कि बहुत कम हरिजन लड़कियां ऐसी हैं जो शिक्षा पा रही हैं, इसलिये उन लड़कियों को जो धनराशि स्कालरशिप्स की सूरत में दी जाती है वह लड़कों से ज्यादा होनी चाहिये क्योंकि लड़कियों का लड़कों की अपेक्षा खर्च भी ज्यादा होता है और लड़कियों को उन के माता पिता उसी अवस्था में पढ़ायेंगे जबकि उन को पढ़ाने के लिये पर्याप्त धन सरकार से प्राप्त हो सके । इसलिये मैं इस बात के लिये प्रार्थना करूंगी कि जितनी भी लड़कियां शिक्षा पा रही हैं उन को अधिक स्कालरशिप्स दिये जायें ।

पब्लिक स्कूलों के बारे में मुझे यह कहना है कि उन में शेड्यूल्ड कास्ट के बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने का चान्स तक नहीं दिया जाता । सरकार ने एक मेरिट स्कालरशिप की स्कीम निकाली है लेकिन मैं देखती हूं कि उस से शेड्यूल्ड कास्ट वालों को कोई फ़ायदा नहीं हो रहा । अभी पिछले साल यू० पी० में केवल एक हरिजन बच्चे को इस मेरिट स्टेट में पास होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ । मुझे पता नहीं कि यह एक लड़का कैसे उस में आ गया, मैं समझती हूं कि अन्नोइंगली (अनजाने) आ गया होगा और मैं तो ऐसा समझती हूं कि शायद उन को मेरिट स्कालरशिप देते वक्त यह पता नहीं रहा होगा कि यह एक शेड्यूल्ड कास्ट का बच्चा है लेकिन जब वह पब्लिक स्कूल में पहुंच जाता है तो उस को वज़ीफ़ा देने से मना कर दिया जाता है । जहां पर इस तरह का बर्ताव होता हो, वहां हम कैसे आशा कर सकते हैं कि हमारे साथ न्याय हो रहा है और मेरा तो यह सुझाव

है कि इस स्कीम में रिजर्वड कोटे को परिगणित जाति के लड़कों से ही पूरा किया जाये और जब कभी भी जो जगह खाली हो तो उस को किसी स्वर्ण हिन्दू विद्यार्थी से पूरा न किया जाये ।

ऐक्स क्रिमिनल ट्राइब्स के लोगों के बारे में मुझे खास तौर से कहना है और इस बारे में मैं अपने कमिश्नर साहब से यह कहना चाहती हूं कि जहां उन्हों ने अपनी रिपोर्ट में और बहुत सी शेड्यूल्ड कास्ट की दिक्कतों और परेशानियों पर प्रकाश डाला है वहां उन्हों ने ऐक्स क्रिमिनल ट्राइब्स के बारे में और उन को सहूलियतें दिये जाने के बारे में कुछ नहीं कहा । यह हिन्दुस्तान की एक ऐसी जाति मानी जाती है जो चोरी करने वालों के नाम से पुकारे जाते हैं लेकिन आज तक सरकार ने यह नहीं बताया और यह सोचने की कोशिश नहीं की कि आखिर यह लोग चोरी क्यों करते हैं और इस की क्या वजह है । मुझे बहुत सी जगहों से इस प्रकार की सूचनायें मिलती रहती हैं कि पुलिस इन लोगों के ऊपर झूठे चालान दफा १०९ और ११० में करती रहती है और उन को चोरी में इन्वाल्व करने की कोशिश करती है । जहां पर यह क्रिमिनल ट्राइब्स ऐक्ट खत्म हो गया है वहां पर उन्हों ने यह कोशिश नहीं की कि उन का किस प्रकार सुधार हो सकता है ? अभी भी उन को चोरी से रोकने का प्रबन्ध तो किया लेकिन रोजगार में लाने का कोई प्रयास सरकार ने नहीं किया । पुलिस उन से घूंस मांगती है और उन को विवश हो कर चोरी कर के पुलिस का पेट भरना पड़ता है । इसलिये मैं सरकार से यह प्रार्थना करूंगी कि इन लोगों के बीच में यह कोशिश की जाये कि जहां इन लोगों पर से पाबन्दी तोड़ी गई है वहां उन को चोरी करने से रोका जाय और उन को अच्छे कारोबार और उद्योग धंधों में लगाया जाये ताकि वह कोई अच्छा काम धंधा कर के सम्मानपूर्वक अपनी जिन्दगी बिताने का अवसर प्राप्त कर सकें ।

मुझे देहली के बारे में खास तौर से अर्ज करना है । मुझे विमुक्त जाति संघ के बारे में बहुत कुछ कहना है । मैं यह बताना चाहती हूं कि यह संघ इन लोगों की बेहतरी के लिये बना था लेकिन मुझे दुःख के साथ यह स्वीकार करना पड़ता है कि यह संघ हमारे भाइयों का विश्वास प्राप्त नहीं कर सका और आज भी ८० फीसदी लोग ऐसे हैं जो विमुक्त जाति संघ में बिलकुल विश्वास नहीं करते हैं । इस का मुख्य कारण यह है कि उन का कोई चुना हुआ मेम्बर उस संघ में नहीं है और न ही उस संघ का आज तक कोई ऐसा विधान बना जिसे कि लोगों ने स्वीकार किया हो और न ही यह संघ आज तक रजिस्टर हुआ । इस संघ में पेड वर्कर्स हैं और तमाम लोग सवर्ण जाति के ही हैं और उन की तनख्वाह १७५) रुपये से ले कर २५०) रुपये तक है और मैं यह कहे बगैर नहीं रह सकती कि शायद जो इतना लम्बा वेतन उस संघ में पा रहे हैं, उन में इतनी योग्यता नहीं है कि अगर यह संघ विमुक्त जाति के लोगों की अनुमति से बना होता तो शायद इतनी ज्यादा तनख्वाह पाने वाले लोग इस संघ में न आये होते । इन चन्द लोगों ने काफी तनख्वाह ले कर इस जाति के लोगों में फूट और मुकद्दमेबाजी पैदा करने की कोशिश की है और यह कहते हुए मुझे बहुत दुःख होता है कि जितना रुपया सालाना इस पर खर्च होता है वह हरिजन और आदिमजातियों के सुधार कार्य में काम नहीं आता और उस का दुरुपयोग हो रहा है ....

सभापति महोदय : यदि माननीय सदस्य इस लम्बे प्रलेख को पढ़ती रहीं तो बहुत

[सभापति महोदय]

समय लगेगा । उन्हों ने पहले ही पन्द्रह मिनट ले लिये हैं ।

श्रीमती गंगा देवी : मुझे केवल एक मिनट और चाहिये । इस के अलावा मेरा कहने का मतलब यह है कि सन् ५३ की रिपोर्ट में यह आया है कि प्रभुदयाल एक अच्छा सोशल वर्कर है और उस ने इस काम को अच्छी तरह से किया

श्री दातार : मेरी माननीय सदस्या से प्रार्थना है कि वे संघ के बारे में वक्तव्य न दें क्योंकि उस में बहुत से दल हैं । विमुक्त जाति संघ बहुत अच्छा कार्य करता रहा है क्योंकि इस विशेष संस्था का सम्बन्ध भारत सेवक संस्था से है ।

श्रीमती गंगा देवी : सन् १९५४ की रिपोर्ट में यह दिया हुआ है कि इस विमुक्त जाति सेवक संघ द्वारा जो कल्याण कार्य किया जा रहा है और जिस के लिये कि उन्हें भारत सरकार से आर्थिक सहायता मिलती है, उनका काम बिल्कुल सैटिस-फैक्टरी नहीं हो रहा है फिर भी सरकार द्वारा इस विषय में कोई उचित कार्य-वाही नहीं हो रही है । जो सरकारी सहायता बन्द हो जानी चाहिये थी वह अभी मिल रही है ।

श्री भटकर (बुलडाना-अकोला—रक्षित—अनुसूचित जातियां) : हरिजनों की बहुत सी दिक्कतें हैं । उन में से पहली तो यह है कि यदि आप देहातों में जायें तो आप देखेंगे कि उन के पास रहने के लिये जगह नहीं है । घरों की बात तो जाने दीजिये उन की जो घास की झोंपड़ियां हैं वह भी ठीक तरह से बनी हुई नहीं हैं । कई जगह पर तो उन के पास जमीन नहीं है जहां पर वह अपनी झोंपड़ियां बना सकें । इसलिये सब से पहली बात तो यह है कि उन को अपने लिये छोटा मोटा मकान बनाने के लिये ज़मीन दी जाये ।

दूसरी बात यह है कि घर बनाने के लिये उन के पास पैसा नहीं है । पैसा भी उन को दिया जाना चाहिये । हम यह नहीं चाहते कि उन के बहुत अच्छे मकान हों । हम तो यह चाहते हैं कि जिस झोंपड़ी में वह रहता है वह झोंपड़ी अच्छी हो और उस को अच्छा बनाने के लिये ही हम आप से पैसा मांगते हैं ।

तीसरी चीज़ उन की शिक्षा के बारे में है । होम मिनिस्टर साहब ने आश्वासन दिया है कि उन की शिक्षा का प्रबन्ध किया जायेगा और मुझे यह सुन कर बड़ी खुशी भी हुई है । उन्हों ने कहा है कि प्राईमरी शिक्षा उन को फ्री दी जायगी । मैं यह सुझाव देना चाहता हूं कि जहां उन से कोई फीस न ली जाये वहां उन की किताबों, कापियों इत्यादि का प्रबन्ध भी सरकार को करना चाहिये । हरिजनों की आर्थिक हालत इतनी खराब है कि वह अपने पास से अपने बच्चों को पढ़ाने के लिये किताबें इत्यादि भी नहीं खरीद सकते । मैं यह भी चाहता हूं कि जहां उन के लिये फ्री प्राइमरी ऐजूकेशन का प्रबंध किया जाये वहां उन के लिये ऐजूकेशन प्राइमरी तक कम्पलसरी भी कर दी जाये ताकि हरिजनों में थोड़े बहुत पढ़े लिखे लोगों की तादाद ज्यादा हो । जिस तरह सेन्ट्रल गवर्नमेंट जो हरिजन कालेजों में पढ़ते हैं उन को स्कालरशिप देती है उसी तरह से मेरा यह सुझाव है कि जो हरिजन हाई स्कूल में पढ़ने के लिये जाते हैं उन को भी स्कालर-शिप दिये जायें । यह स्टेट गवर्नमेंट्स का काम है और कमिश्नर साहब की रिपोर्ट में यह बताया गया है कि स्टेट गवर्नमेंट्स आप की मदद नहीं करती हैं । जिस तरह

से बम्बई में जो हरिजन हाई स्कूल में पढ़ते हैं उन को स्कालरशिप दिये जाते हैं उसी तरह से हर एक स्टेट में इन को स्कालरशिप मिलने चाहियें ।

नौकरियों के बारे में कहा गया है कि सेन्टर में साढ़े बारह परसेंट इन के लिये रिजर्व है और कई स्टेटों में तो साढ़े सौलह परसेंट ही इन के लिये रिजर्व की गई हैं । इस के बारे में मुझे यह कहना है कि इन को जो जगहें इन के लिये रिजर्व हैं उन जगहों में उन को लिया नहीं जाता है । दूसरे आदमियों को रख लिया जाता है । मिनिस्टर्ज़ को पता भी नहीं लगता और यह जगहें भर ली जाती हैं । उन के जो सेक्रेटरी हैं वे ही आदमी रख लेते हैं । कहीं कहीं आफिस में एक जात के नौकर मिलेंगे, जो सिपाही से ले कर ऊपर वही होते हैं । मैं समझता हूं कि डिप्टी मिनिस्टर साहब मराठी अच्छी तरह से जानते होंगे और मैं उन को एक मराठी में जो कहावत है वह सुनाना चाहता हूं । वह कहावत इस प्रकार है :

"धूर्त चिटमिसा पुढ कलक्टर काय करिले बापुड़े" ।

यह ऐसे ही होता है कि जहां पर क्लेक्टर होता है वहां पर जो उस का सुप्रिंटेंडेंट होता है वह ही जब कभी जगह निकलती है उस को भर लेता है और क्लेक्टर साहब को पता भी नहीं चलता । इसी तरह से जब कभी किसी और जगह पर कोई वेकेंसी खाली होती है उस वक्त जो भी वहां का सेक्रेटरी होता है वह उसको भर लेता है और मिनिस्टर साहबान को पता तक नहीं चलता । इस वास्ते मेरा सुझाव है कि मिनिस्टर साहबान इस में दिलचस्पी लें और एक रजिस्टर भी रखा जाय जिस में यह सारी बातें लिखी जायें कि कौन सी जगह खाली हुई और किस को रखा गया ।

श्री कामत : क्या यह मध्य प्रदेश में हो रहा है, या और कहीं ?

श्री भटकर : मध्य प्रदेश में भी वही हालत है और मैं समझता हूं आप यह अच्छी तरह से जानते हैं । हर एक स्टेट में यही हालत है ।

मैं चाहता हूं कि गवर्नमेंट की जो मशीनरी है वह दुरुस्त होनी चाहिये और जब तक वह मशीनरी दुरुस्त नहीं होती तब तक हरिजनों का उद्धार नहीं हो सकता है ।

अनटचैबिलिटी जो है उस के बारे में मैं कहना चाहता हूं कि जेलों में भी अभी तक यह चली आ रही है । जब मैं जेल में गया चालीस साल पहले उस वक्त भी मैं ने देखा और आज भी देखता हूं कि अनटचैबिलिटी वहां पर बरती जाती है । जो लोग जेल में जाते हैं उन से पूछा जाता है कि तुम कौन जाति के हो । जब वे कहते हैं कि शेड्यूल्ड कास्ट का हूं, भंगी हूं तो उस को भंगी का ही काम दे दिया जाता है जो टचेबल्ज़ हैं उन को भंगी का काम नहीं दिया जाता है । यह चीज़ खत्म होनी चाहिये । मैं ने कई बार डी० सी० साहब को कहा भी है कि यह क्या बात है कि जो भंगी जेल में जाता है उस को भंगी का काम दे दिया जाता है और दूसरों को नहीं दिया जाता है । उन्होंने जवाब दिया कि यह कानून सेन्टर से गवर्नमेंट को बनाना चाहिये । सेन्टर से तो कानून बना दिया जाता है लेकिन उस पर सही तरह अमल नहीं होता है । मैं चाहता हूँ कि इस चीज को भी दुरुस्त किया जाए ।

खेती के बारे में मुझे यह कहना है कि जो हरिजन लोग हैं उन को लोन खेती करने के लिये नहीं दिया जाता है । जितना भी पैसा भेजा जाता है उसमें से उन लोगों को बहुत कम मिलता है या तो पटवारी

[श्री भटकर]

वहां से ले जाते हैं या दूसरे लोग ले जाते हैं या जो पटवारी के अपने लोग हैं वह ले जाते हैं। 'ग्रो मोर फूड' के सिलसिले में जो जमीनें दी गई थीं बरार में वह भी उन से वापस ली जा रही हैं। पहले तो हरिजनों को जमीन ही नहीं दी गई और जो थोड़ी बहुत दी भी गई हैं वह भी अब वापस ली जा रही है। उन के बारे में पटवारी यह रिपोर्ट कर देता है कि इन के पास बैल नहीं है और इन के पास और दूसरी चीजें नहीं हैं। यह भी एक बहुत बड़ा अन्याय हो रहा है। इस के साथ ही साथ जमीनों को ए क्लास, सी क्लास, एफ़ क्लास वगैरह हिस्सों में बांट दिया गया है और उन को इन में से या कोई भी जमीन नहीं दी जाती है और अगर कहीं दी भी जाती है तो वह भी वापस ली जाती है। इसलिये मेरी प्रार्थना है कि यह जमीनें जो उन को दी गई हैं वह उन से वापस नहीं ली जानी चाहियें और आगे से और जमीन उन लोगों को दे दी जाये।

शेडयूल्ड कास्ट के कमिश्नर साहब बरार में आये दिखाई नहीं देते। तो एक बात और मैं कमिश्नर साहब के नोटिस में लाना चाहता हूँ और वह यह है कि गांव में या तो पटेल होता है या चौकीदार होता है विल्लेजमैन होता है या जो यसकर होता है उस को पाटील पटवारी बुलाता है और इन से तरह तरह की बेगार करवाता है। कोई गवर्नमेंट का आफिसर आये, वह सिपाही हो, कांस्टेबल हो, सब-इंस्पैक्टर हो, एस० डी० ओ० हो, तहसीलदार हो या नायब-तहसीलदार हो, वह बिचारा सब का नौकर है। वह सब की सेवा करता है।

एक माननीय सदस्य : बैल है।

श्री भटकर : बैल को तो फिर हरी घास खाने को मिल जाती है, उस को तो पेट भर खाने को भी नहीं मिलता है---हां, डांट सब की सहनी पड़ती है। कोई भी आये और किसी भी समय आये---चाहे रात को आए---, वह उस को कह सकता है कि चलो, हमारा बेगार ले चलो तो उस को ले जाना ही पड़ता है। इस प्रकार उस बेचारे से सब लोग बेगार करवाते हैं। हमने देखा है कि मध्य प्रदेश गवर्नमेंट ने एक सर्कुलर निकाला है कि किसी से बेगार न ली जाये। लेकिन आप जानते हैं कि कानून तो किताब में रहता है---सर्कुलर तो दफ्तर में रहता है, उन की तामील कौन करता है ? मैं कहना चाहता हूँ कि उन की तामील कराना सरकार का काम है। मैं आप को सबूत देता हूँ कि किस तरह उन बेचारों पर अन्याय होता है।

एक बार मैं अपने खेत में काम कर रहा था। मैं ने देखा कि कामदार महार बबूल का झाड़ लिये जा रहा था। मैं ने उसको बुलाया और पूछा कि "इस को कहां ले जा रहे हो ?" उस ने मुझे बताया कि "मुझे पुलिस स्टेशन पर बुलाया था और यह बबूल का पेड़ लाने के लिये कहा था, वह मैं ले जा रहा हूँ। मुझे इस काम के लिये घर से बुलाया है।" आप देखिये कि वह छः मील दूर रहता था और उस को बबूल की डालियां लाने के लिय बुलाया गया था। मैं ने उस को कहा कि "यह डालियां यहां पर---मेरे पास--- रख दो और जाओ। अगर कोई पूछे, तो कह देना कि डालियों को भटकर साहब ने रख लिया है।" वह पुलीस स्टेशन चला गया। उस को पुलिस स्टेशन वालों ने पूछा कि "तुम को हम ने झाड़ लाने के लिये कहा था।" उस ने कह

दिया कि "मैं तो लाया था, मगर भटकर साहब ने रख लिया।" तब उन्हों ने उस को कुछ नहीं कहा।

अब दूसरी बात भी सुनिये। मैं आप को सुना रहा हूँ कि बरार में किस तरह अन्याय हो रहा है।

मेरे पास एक बार चार पांच कामदार महार आये। उन्हों न मुझे कहा कि "हम को हथकड़ी साफ़ करने के लिये कहा गया है और दूसरा प्राईवेट काम भी दिया गया है। हम तो वहां पर किताब ले कर गये थे।" वे लोग हर आठ दिन के बाद पुलिस स्टेशन पर रपोर्ट ले कर जाते हैं। वहां के सर्कल इन्सपैक्टर को इस बात का पता चल गया कि वे लोग मेरे पास आये थे और शिकायत करते थे। शाम के वक्त वह मेरे पास आया और कहने लगा कि "कैसे चल रहा है? इन लोगों को क्या तक्लीफ है?" मैं ने उस को बताया कि "कामदार महार आए थे और ये ये बातें कह रहे थे।" वह कहने लगा कि "आप फिक्र न करें। मैं अभी जा कर हुक्म निकालता हूँ कि इन लोगों से इस प्रकार का काम न लिया जाये।" इस प्रकार की हालत वहां पर है।

सरकार की ओर से हम को आश्वासन तो बहुत दिए जाते ह, लेकिन उनके अनुसार कार्य नहीं किया जाता है। मराठी में कहते हैं, "बोला चाच भात, बोल चीच कढ़ी, जउन तृप्त कोण झाला, सांगा वरे?" मुंह जबानी "यह रोटी खाओ, यह चावल लो", इन बातों से आदमी का पेट तो नहीं भरता है। जब तक रोटी और चावल पेट में नहीं जायेंगी, तब तक आदमी का पेट नहीं भर सकता है। इसी प्रकार आश्वासनों से ही काम नहीं चलेगा, उन को पूरा भी किया जाना चाहिये। जब तक ऐसा नहीं होगा, तब तक शिड्यूल्ड कास्ट वालों का उद्धार नहीं होगा।

श्री राघवाचारी (पेनुकोंडा) : यह एक अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्य है जिस का उत्तरदायित्व सारे राष्ट्र पर है। संविधान में यह उपबन्ध है कि इस कार्य के लिये राष्ट्रपति द्वारा एक आयुक्त नियुक्त किया जाये और उस का प्रतिवेदन संसद् के सम्मुख प्रस्तुत किया जाये।

मैं ने गृह-कार्य मंत्री का भाषण सुना। उन्हों ने केवल १९५४ के प्रतिवेदन का ही निर्देश किया है; उन्हों ने १९५३ के प्रतिवेदन का उल्लेख तक नहीं किया है। आयुक्त तो सदैव अपना प्रतिवेदन फरवरी के मास में ही भेजता रहा है, ताकि उसे संसद् के आय-व्ययक सत्र में प्रस्तुत किया जा सके और उस के सम्बन्ध में आय व्ययक में कोई उपबन्ध रखे जा सकें। परन्तु उस प्रतिवदन पर विचार करने के लिये तो संसद् के पास समय ही नहीं होता और इसीलिये इतनी देरी कर दी जाती है। इस देरी को कभी भी क्षमा नहीं किया जा सकता है।

इस के अतिरिक्त आयुक्त महोदय की कटु आलोचना की गई है। यद्यपि मैं स्वयं हरिजन नहीं हूं, तथापि मेरी सहानुभूति उन के प्रति अवश्य है। मैं उन लोगों में से हूं जिन्हों ने हरिजनों के उत्थान के लिये बहुत कुछ किया है। मैं आप से यही कहना चाहता हूं कि किसी भी व्यक्ति की आलोचना करने से उद्देश्य की प्राप्ति नहीं होती है, आवश्यकता तो है परस्पर सहयोग पूवक कार्य करने की भावना की। बिना सहयोग के कुछ भी कार्य नहीं हो सकेगा।

एक सज्जन ने तो यहां तक कह दिया है कि स देश में जाति पांति की जड़ें इतनी गहरी हैं कि उन का उन्मूलन करना असंभव

[श्री राघवाचारी]

है । नीच जाति के लोगों का इतिहास और मनोवृत्तियां ऐसी हैं कि हमारे साथ मेल नहीं खाती हैं । मैं उन्हें बता देना चाहता हूं कि अनेकों महापुरूषों ने इस अस्पृश्यता को दूर करने का प्रयत्न किया था और उन्हें इस कार्य में पर्याप्त सफलता भी मिली थी । परन्तु वह अस्पृश्यता आज फिर फैल गई है ।

इस का वास्तविक कारण यह है कि किसी भी कार्य के लिये जब तक कि सारा समाज प्रयत्न न करे, तब तक कुछ भी नहीं हो सकता है । विधान बने बनाये धरे रह जाते हैं, कोई भी उन का अनुसरण नहीं करता है । लोग यही समझते हैं कि अस्पृश्यता को, वास्तव में, सँविधान में से दूर की गई है ।

परन्तु अब प्रश्न यह है कि अस्पृश्यता को दूर किया कैसे जाये । आन्ध्र में इस कार्य के लिये प्रति मास एक अस्पृश्यता निवारण दिवस मनाया जाता है और उस दिन बड़े बड़े पदाधिकारी अस्पृश्य व्यक्तियों से स्वतंत्रता पूर्वक मिलते जुलते हैं । अस्पृश्यता दूर करने का यह एक व्यवहारिक प्रयत्न है ।

इस के अतिरिक्त हरिजनों के मन्दिर-प्रवेश पर बल दिया गया है । परन्तु मैं समझता हूँ कि केवल मन्दिरों में प्रवेश करन मात्र से ही उन का उत्थान नहीं हो सकेगा । इस के लिये तो न के आर्थिक और भौतिक विकास की आवश्यकता है । उन्हें नौकरी के हर प्रकार के अवसर दान कीजिये । उन्हें हर प्रकार का विश्वास और प्रोत्साहन दीजिये, उन की अजन शक्ति को बढ़ाइय, उन्हें सुसंस्कृत और शिक्षित बनाइय और यह समस्या स्वयं हल हो जायेगी ।

केवल कुछ एक प्रतिशत नौकरियों को रक्षित कर देन से ही यह कार्य नहीं हो सकेगा । इस के लिये तो उन्हें आथक दृष्टिकोण से पर्याप्त उन्नत करना होगा । आथक उत्थान ही इस समस्या के हल का एक मात्र साधन है ।

इस के सम्बन्ध में सरकार को कुछ एक सुझाव देना चाहता हूं । जहां तक इन जातियों के व्यक्तियों को नौकरी के अवसर कि इस कार्य में कोई कठिनाई नहीं होगी । प्रशिक्षण दिये जाने पर वे भी उतने ही योग्य और निपुण बन जायेंगे जितने कि अन्य जातियों के व्यक्ति हैं । उन को सेना में भी लिया जा सकता था, अतः यह कहने से कोई लाभ नहीं है कि योग्य व्यक्ति उपलब्ध नहीं हैं ।

जहां तक उन को अधिक अर्जन करने के योग्य बनाने के प्रश्न का सम्बन्ध है, उन्हें विभिन्न सामुदायिक परियोजनाओं, राष्ट्रीय विकास सेवा योजनाओं आदि में सेवायुक्त किया जा सकता है । इन जातियों का विकास करने के लिये पिछड़े हुए क्षेत्रों में सामुदायिक परियोजनायें और विकास योजनायें तीव्र गति से फैलाई जायें । सरकार इन जातियों के विकास के लिये और अधिक धनराशि निर्धारित करे और वह राशि इन के आर्थिक विकास पर व्यय की जाये ।

इस के अतिरिक्त मेरा सुझाव यह है कि अस्पृश्य जातियों के लिये अलग छात्रावास, अलग स्कूल तथा अलग सँस्थायें नहीं होनी चाहियें । उन्हें अन्य जातियों के साथ मिल जुल कर रहने और अपने मकान बनाने दिये जायें । सभी जाति वाले मिल जुल कर रहें । अस्पृश्यता निवारण का यही एक मात्र साधन है ।

हम अपने क्षेत्र में सेवा मन्दिर नाम की एक सँस्था चला रहे हैं जिस में लगभग ९० लड़कों का पालन पोषण हो रहा है, उन में से २५ हरिजन हैं । वे सभी इकट्ठे ही पढ़ते लिखते हैं और साथ बैठ कर ही

खाते पीते हैं। इस प्रकार से उन का पारस्परिक प्रेम बढ़ रहा है। इस समस्या को हल करने का यही तरीका है।

इस के अतिरिक्त लड़कियों के लिये भी छात्रावास होने चाहियें जिन में अस्पृश्य कन्यायें अन्य कन्याओं के साथ रह कर शिक्षा प्राप्त करें। होता यह है कि पढ़ने लिखने के उपरान्त कोई भी अछूत लड़का अपनी जाति की अशिक्षित लड़की से विवाह नहीं करना चाहता है अपितु वह ईसाई बन कर ईसाईयों में विवाह कर लेता है। इसलिये अछूत कन्याओं को भी शिक्षा दी जानी चाहिये।

मेरा एक यह सुझाव भी है कि इन व्यक्तियों के लिये व्यावसायिक सँस्थायें भी होनी चाहियें जहां पर वे कुछ एक व्यवसायों में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें। और उस के द्वारा अपना जीवन निर्वाह भी कर सकें और अपनी जाति की सेवा भी कर सकें।

जहां तक उन्हें मकान देने के प्रश्न का सम्बन्ध है, मेरा सुझाव यह है कि उन्हें सहायता देने का सब से अच्छा उपाय यह है कि उन्हें मकान बनाने का सामान अर्थात् ईंटें आदि दी जायें। ईंटें उन्हें 'न लाभ न हानि' के आधार पर दी जायें और इन ईंटों के द्वारा वे बड़ी सुगमतापूर्वक अपने मकान बना सकेंगे।

उन्हें मकान बनाने के लिये स्थान किसी अलग अलग क्षेत्र में नहीं दिये जाने चाहियें, उन्हें ये स्थान ऐसे क्षेत्रों में दिये जायें जहां पर अन्य जातियों के व्यक्ति भी रहते हों जिस से कि वे सब मिल जुल कर रह सकें। यह ही मेरे कुछ एक सुझाव हैं जिन के द्वारा इस समस्या को हल किया जा सकता है।

श्री खर्डेकर (कोल्हापुर व सतारा) : यद्यपि मैं स्वयं तथा कथित पिछड़ी हुई जातियों से सम्बन्धित नहीं हूं, तथापि मेरी उनके प्रति पूर्ण सहानुभूति है।

मैं अपने भाषण को केवल १९५४ के प्रतिवेदन तक ही सीमित रखूंगा। आयुक्त के प्रतिवेदन की भूमिका में ही लिखा है कि राज्य सरकारों ने उन को कोई सहयोग नहीं दिया है। क्या माननीय सदस्यों ने इस टिप्पणी को पढ़ा है? संभवतः माननीय सदस्यों ने तो प्रतिवेदन को विशालकाय देख कर ही त्याग दिया होगा। मैं तो, वास्तव में, आयुक्त महोदय की भूरि भूरि प्रशंसा करता हूं कि उन्होंने सारे देश का भ्रमण करते हुए गांव गांव में जाकर वहां का निरीक्षण किया और एक व्यापक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है। इस भारी परिश्रम करने पर मैं उन्हें बधाई देता हूं।

कुछ समय पूर्व गृह-कार्य उपमंत्री ने अस्पृश्यता के विरुद्ध एक युद्ध छेड़ देने की घोषणा की थी। परन्तु क्योंकि यह युद्ध अहिंसात्मक है, अतः यह बहुत धीरे धीरे चल रहा है और इसका कोई विशेष प्रभाव दिखाई नहीं देता है।

अस्पृश्य जातियों को नौकरियों में उचित प्रतिनिधित्व न दिए जाने का कारण यह बताया जाता ह कि उनमें योग्यता की कमी है। परन्तु उनके पास योग्यता आए कैसे जबकि देश की शिक्षा प्रणाली ही ऐसी है जो कि इन जातियों के बौद्धिक विकास की ओर कोई विशेष ध्यान नहीं देती है। शिक्षा मंत्रालय उच्च शिक्षा के लिए तो छात्रवृत्तियां दे रहा है परन्तु बिना नींव के इमारत कैसे बन सकती है। प्राईमरी शिक्षा के सम्बन्ध में उस ने कुछ भी नहीं किया है। इसलिए मेरा यह निवेदन है कि इन की प्राईमरी शिक्षा की ओर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए।

[श्री खर्डेकर]

यदि मेरा यह सुझाव मान लिया जाय तो मुझे पूर्ण आशा है कि दस वर्षों में इन जातियों में ऐसे अनेक व्यक्ति प्रकट होंगे जो उतने ही योग्य होंगे जितने कि अन्य जातियों के व्यक्ति हैं। भगवान ने उन्हें बुद्धि तो दी हुई है, परन्तु आवश्यकता है उसके विकसित किए जाने की। अतः उनकी प्राईमरी शिक्षा की ओर विशेष ध्यान दिया जाए, उन्हें निशुल्क शिक्षा दी जाए और उन्हें हर प्रकार की सुविधायें दी जायें, उनके लिए छात्रावास बनाये जायें, उन्हें माध्यमिक और कालिज शिक्षा भी दी जाए, उनके मनों में आत्म विश्वास उत्पन्न किया जाए। यही एकमात्र उपाय है जिससे उनका बौद्धिक विकास हो सकता है। सामाजिक वातावरण में एक भारी परिवर्तन लाने की आवश्यकता है। मुझे यह अनुभव हुआ है कि काका साहिब को रसोइया की जानकारी अनुसूचित जाति के किसी भी स्नातक से अच्छी है।

श्री कामत : कौन काका हैं ?

श्री खर्डेकर : गाडगिल। कारण यह है कि यह अभागे गांवों से शहरों में मैट्रिकुलेशन परीक्षा देने जाते हैं। जब वह कालिज में पहुंचते हैं तो उन्होंने समाचार पत्र की सूरत तक नहीं देखी हुई होती है। वह बिना सोचे विचारे कुछ बातों को घोट लेते हैं और परिणाम यह होता है कि स्नातक हो जाने के पश्चात् वह एक आवेदन-पत्र तक नहीं लिख सकते हैं। ऐसी असंस्कृत तथा विषम स्थिति में होने के कारण लोक-सेवा आयोग द्वारा उनका चुनाव नहीं किया जाता है। इस में दोष किसी का भी नहीं होता है, न विद्यार्थियों का और न आयोग के सदस्यों का। सरकार ने समस्या को ठीक तरह से समझा ही नहीं है। वह तो सिर्फ यह कह देती है, "हम ने इतना रुपया छात्रवृत्तियों पर व्यय किया"। पर इन छात्रवृत्तियों का होता क्या है ? कभी कभी गरीब बच्चों को अपने माता पिता की उस राशि में से सहायता करनी होती है जिसके परिणाम-स्वरूप वह पुस्तकें आदि नहीं खरीद पाते हैं। मेरा निवेदन यह है कि सर्वांगीण विकास के लिए सभी सुविधायें दी जायें। मेरा यह कहना नहीं है कि प्राईमरी शिक्षा निःशुल्क दी जाए क्योंकि ऐसा करना प्रायः असम्भव है।

प्रो० वाडिया ने राज्य सभा में भाषण देते हुए कहा था कि आदिमजातियों के व्यक्ति प्रसन्न रहते हैं। उनकी अपनी एक संस्कृति है, नाच और गाने की स्वतंत्र प्रणालियां हैं और मद्यपान उन की संस्कृति का एक भाग है। यदि आप उन को मद्यपान करने से रोकने की चेष्टा करते हैं तो इस का परिणाम यह होगा कि वह पूर्ण रूप से पृथक हो जायेंगे। मद्यपान उन के धर्म और रीति रिवाजों का एक भाग है। सभ्य जगत द्वारा चार प्रकार की मूलभूत स्वतंत्रतायें स्वीकार की गई हैं और उपासना की स्वतंत्रता उस में से एक है। सभ्यता के नाते हम किस प्रकार उनके धार्मिक कार्यों में बाधा डाल सकते हैं।

मेरे कुछ हरिजन मित्रों ने यह कहा कि समस्त देश में पूर्ण मद्य निषेध होना चाहिये। बम्बई राज्य में पूर्ण मद्य निषेध इस अर्थ में अवश्य लाभदायक सिद्ध हुआ है कि पहाड़ी क्षेत्रों में प्रत्येक कुटिया में एक अवैध मद्यशाला कुटीर उद्योग के रूप चमक उठी है।

मैं अपने देश की वैदेशिक नीति और प्रधान मंत्री का प्रशंसक हूं, परन्तु हमारा

प्रथम कर्तव्य स्वयं अपने आप को सुधारना है और जब कि हमारी चौथाई जनसंख्या ऊधो-मानवीय जीवन बिता रही है तो हम यह नहीं कह सकते हैं कि हम अपनी स्थिति में कुछ सुधार कर रहे हैं ।

दुर्भाग्य से इस पिछड़े हुये समाज का कोई नेता नहीं है । यदि उन के यहां नेहरू या जिन्ना जैसा कोई नेता होता तो इन लोगों ने सरकार को तिगनी का नाच नचा दिया होता ।

श्री पी० एन० राजभोज : मैं उन से व्यक्तिगत स्पष्टिगत स्पष्टिकरण चाहता हूं । मैं यह पूछना चाहता हूं कि जो आनरेबल मेम्बर ने कहा है क्या वह मुझे किसी राजनीतिक दृष्टि से कहा है कि या कोई परसनल चीज कही है ?

सभापति महोदय : मैं स्वयं नहीं समझ सका कि माननीय सदस्य क्या चाहते हैं ?

श्री पी० एन० राजभोज : मैं यह जानना चाहता हूं कि जो कुछ भी मेम्बर साहब ने कहा है और जो मुझ से ताल्लुक रखता था वह किस दृष्टि से कहा, उन का भाव क्या था ।

सभापति महोदय : जब आप समझे ही नहीं तो आप क्यों नाराज़ होते हैं । उन्हों ने मज़ाक में बात कही है और आप को भी उसे हंसी में टाल देना चाहिये ।

श्री पी० एन० राजभोज : मैं उन को उस बात का जवाब देना चाहता था ।

श्री बाबूनाथ सिंह (सरगुजा-रायगढ़—रक्षित—अनुसूचित आदिमजातियां) : आज जिन महान विभूतियों के परिश्रम से मैं एक आदिवासी इतने बड़े भवन में आप विद्वानों के सामने बोलने के लिये खड़ा हुआ हूं, उन महान विभूतियों को मैं कोटि कोटि धन्यवाद देता हूं ।

आदिवासी लोग इस देश के सब से पुराने निवासी हैं फिर भी उन्हें मैदान छोड़ जंगलों और पहाड़ों की शरण लेनी पड़ी इस का कारण इन की धर्म प्रियता है । आर्य लोग जब इस देश में आये तो आदिवासियों का धर्म नष्ट होने लगा । धर्म को बचाने के लिये ही ये आदिवासी जंगलों और पहाड़ों में बस गये । इन का धर्म कोई बहुत बड़ी चीज़ नहीं है, इन का रहन सहन ही इन का धर्म है । पर आज चारों ओर से इन के धर्म का नाश हो रहा है, खास कर ईसाई लोग इन के धर्म को बुरी तरह से बरबाद कर रहे हैं । ईसाई लोग चाहे कितने ही भले हों और आदिवासी चाहे कितने ही जंगली हों पर फिर अपना धर्म अपना ही होता है । पर अशिक्षित और अज्ञानी होने के कारण ये अपना रास्ता भूल जाते हैं ।

मध्य प्रदेश के सुरगुजा और रायगढ़ जिले में धर्म परिवर्तन एक बड़ी समस्या हो गई है । मिशनरियों का जबरदस्त प्रचार हो रहा है । लड़कों की चोटियां तक काट दी जाती हैं । चोटी काटना बहुत अशुभ माना जाता है और इस के बारे में कई शिकायतें डिप्टी कमिश्नर के पास तक जा चुकी हैं । समझ में नहीं आता कि ये लोग क्यों शहरी इलाका छोड़ कर हमारे अज्ञानी भोले भाले आदिवासियों के बीच प्रलोभन दिखा कर अपना धर्म प्रचार कर रहे हैं । मुझे यकीन है कि कुछ दिनों के बाद ये सरकार को भी धोखा देंगे, इसलिये सरकार से मेरा अनुरोध है कि आदिवासियों के बीच इस प्रकार के धर्म प्रचार को रोकने की आज्ञा अविलम्ब दी जाये ।

जहां तक स्कूलों का सवाल है प्राइमरी स्कूल तो काफी खुल गये हैं, लड़के पढ़ने भी जाने लग गये हैं पर चार क्लास पढ़ने के बाद ये किसी काम के नहीं रह जाते । इन

[श्री बाबूनाथ सिंह]

के मां बाप के पास इतना पैसा भी नहीं है कि वे अपने बच्चों को शहर में भेज कर पढ़ा सकें । इसलिये सरकार से मेरा निवेदन कि चार पांच प्राइमरी स्कूलों के बीच में एक मिडिल स्कूल खोला जाये और ऐसे चार पांच मिडिल स्कूलों के बीच में एक हाई स्कूल खोला जाये तथा हर एक जिले में एक एक कालेज की व्यवस्था की जावे ताकि हमारे आदिवासी बालक अपनी जिन्दगी सुधार सकें और देश के काम आ सकें ।

केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारें आदिवासियों पर जितना पैसा खर्च करती हैं उस से कहीं अधिक पैसा ईसाई मिशनरियां धर्म परिवर्तन के लिये खर्च करती हैं । यह समझने की बात है कि सरकार द्वारा आदिवासियों को मिलने वाले अनुदान का बहुत बड़ा हिस्सा तो ये ईसाई ही हड़प जाते हैं और इस के अलावा भी ये बहुत सा पैसा अपनी तरफ से लगाते हैं । समझ में नहीं आता कि इन के पास इतना पैसा आता कहां से है कि ये लोग मन माने स्कूल अस्पताल आदि खोल कर और भी कई प्रकार से प्रलोभन दे कर आदिवासियों को ईसाई बना लेते हैं । सरकार से मेरा अनुरोध है कि जितना पैसा और सुविधायें ईसाईयों से मिलती हैं उस से अधिक पैसा और सुविधायें दे कर आदिवासियों के धर्म की रक्षा करे और जो अनुदान आदिवासियों को दिये जाते हैं उन में ईसाईयों का हक न हो । अगर उन्हें देना ही है तो दोनों की जन संख्या के मान से उन्हें अलग अलग अनुदान दिया जावे ताकि आदिवासियों का कल्याण हो सके ।

आवागमन और यातायात के साधनों की कमी के कारण आदिवासियों का सभ्य संसार से कोई सम्बन्ध नहीं है । वे अन्धेरे में पड़े हुए हैं और दिन रात लूटे जाते हैं । रेल की लाइन और मोटर के रास्ते बन जाने से वे बाहर की दुनिया देख सकेंगे और शहर के लोगों के साथ उठना बैठना होने से वे कुछ समझदार बन सकेंगे । इसलिये सरकार से प्रार्थना है कि वह आदिवासी विभागों में नये रास्ते और रेल मार्ग बनाये ताकि आदिवासियों की आर्थिक तरक्की हो सके ।

नौकरियों के बारे में मैं यह कहना चाहता हूं कि आदिवासियों को सरकारी नौकरियों में पर्याप्त स्थान नहीं मिल रहा है । राज्य सरकारें आदिवासियों और हरिजनों की उन्नति के लिये जो पैसा खर्च कर रही हैं वह पता नहीं किस तरह से खर्च हो रहा है । आदिवासियों को तो इस से कोई लाभ नहीं हो रहा है ।

इतना कह कर मैं अपना भाषण समाप्त करता हूं और आप को धन्यवाद देता हूं कि आप ने मुझे बोलने का अवसर प्रदान किया ।

श्री धुसिया (जिला बस्ती-मध्य-पूर्व जिला गोरखपुर–पश्चिम–रक्षित–अनुसूचित जातियां) : मैं समझता हूं कि यह बात तो सभी जानते होंगे कि अगर कोई आदमी कोई जुर्म करता है––वह सिविल हो या क्रिमिनल––तो उस को सज़ा मिलती है । लेकिन यहां पर मैं कहना चाहता हूं कि इस में एक्सेप्शन है और वह यह है शिड्यूल्ड कास्ट्स और शिड्यूल्ड ट्राइब्ज़ वालों के साथ चाहे कोई जो कुछ भी जुर्म करें, उस की कोई सुनवाई नहीं होती है । मैं आनरेबल मिनिस्टर साहब से रिक्वेस्ट करूंगा कि वह मेरी बातों को ध्यान से सुनें और बाद में मेरी एक एक बात का जवाब दें । शिड्यूल्ड कास्ट्स और ट्राइब्ज़ वालों के साथ जो ज्यादतियां होती हैं––जो जुर्म होते हैं, उन

के उदाहरण मेरे ख्याल में हर एक मिनिस्ट्री के पास होते हैं, परन्तु मैं कुछ ज्वलन्त उदाहरण यहां पर रखूंगा ।

जैसाकि शिड्यूल्ड कास्ट्स कमिश्नर साहब ने भी कहा है, उन को कहीं से भी को-आपरेशन नहीं मिल रहा है । किसी भी मिनिस्ट्री से को-आपरेशन मिलना तो दूर रहा, उन की तरफ से जवाब भी ठीक टाइम पर नहीं मिलता है । इस सिलसिले में मैं दो तीन मिसालें दूंगा और दातार साहब से रिक्वेस्ट करूंगा कि वह उन की जांच-पड़ताल करायें ।

मैं ने कुछ समय पहले एक क्वेश्चन पूछा था कि १९५२, १९५३ और १९५४ में एन० ई० रेल्वे में कितने क्लर्क लिये गये थे और उन में शिड्यूल्ड कास्ट्स और शिड्यूल्ड ट्राइब्स के कितने आदमी थे—मैं दातार साहब से रिक्वेस्ट करूंगा कि वह ज़रा गौर से सुनें और इन बातों को भूल न जायें, क्योंकि उन के पास काम बहुत रहता है—और मुझे जवाब दिया गया कि १९५२ में ३०२ आदमी लिये गये और शिड्यूल्ड कास्ट्स के ११ आदमी लिये गये और शिड्यूल्ड ट्राइब्ज़ का कोई आदमी नहीं था । १९५३ में २२४ आदमी लिये गये और उन में शिड्यूल्ड कास्ट्स के ८ आदमी थे और शिड्यूल्ड ट्राइब्ज़ के ३ आदमी थे । १९५४ में ५२६ आदमी लिये गये और शिड्यूल्ड कास्ट्स के २२ और शिड्यूल्ड ट्राइब्ज़ के २ आदमी थे । हम जानना चाहते हैं कि आखिर जो आफ़िसर्ज़ इस तरह से पूरा कोटा नहीं लेते हैं, जितना कि कोटा मुकर्रर है, उन के खिलाफ़ आप क्या स्टेप्स लेते हैं ? आप उन को तरक्की देते हैं या डीग्रेड करते हैं ?

आप के कहने से, हमारे कहने से और बाज़ारों में चिल्लाने से कि सरकार हरिजनों के लिये बहुत कुछ कर रही है, कुछ नहीं होगा । सरकार जो कुछ करती है, वह आप जानते हैं, सब जानते हैं और फ़िगर्ज़ भी बतला रहे हैं । मेरा सवाल तो यह है कि जो आफ़िसर्ज आप का हुक्म नहीं मानते हैं, उन के खिलाफ आप क्या ऐक्शन लेते हैं । आप मेहरबानी कर के उन आफिसर्ज़ से पूछिये कि अगर उन का कोटा कम्पलीट नहीं हुआ है, अगर शिड्यूल्ड कास्ट्स वालों के लिये रिज़र्व्ड जगह भरी नहीं गई हैं, तो क्या वे जगह अब तक खाली पड़ी हुई हैं, या उन पर उन आफिसर्ज़ के चचा भतीजे और उन के रिश्तेदार आ गये हैं ? मैं कहना चाहता हूं कि जब तक यह गवर्नमेंट ठीक तरीके से काम नहीं करेगी और इस बारे में सख्त कार्यवाही नहीं करेगी, तब तक शिड्यूल्ड कास्ट्स वालों का कुछ भी भला नहीं होगा ।

मैं अच्छी तरह जानता हूं कि जहां तक ज़मीन देने का ताल्लुक़ है, मिनिस्टर साहब को बिल्कुल कामयाबी नहीं मिल सकती है । इस की वजह यह है कि जितनी ज़मीन है, वह जिन लोगों के पास है, अगर उन के रिश्तेदारों में भी वह बांटी जायेगी, तो भी कम पड़ जायेगी, तो फिर शिड्यूल्ड कास्ट्स वालों को कौन देगा ? न उन के पास पैसा है और न कैपेसिटी है । इसलिये मैं इस बात को उतनी इम्पार्टेन्स नहीं देता हूं । हां, अगर यह मुमकिन होता, तो मुझे भी बहुत खुशी होती । लेकिन मौजूदा हालात में अगर सर्विसेज में ही हम लोगों का ज़रा ध्यान रखा जाय, तो बहुत है । मैं देखता हूं कि सर्विसेज़ के लिये आप भी कह रहे हैं, सब लोग कह रहे हैं, फिर भी यह काम नहीं हो रहा है ।

हम ने नेपाल की एक पहाड़ी कहानी पढ़ी थी, जिस का सारांश यह है कि एक जवान औरत थी । उस की शादी हुई और फिर उस का शौहर लड़ाई में चला गया । वह बहुत दिनों तक वहां रहा और फिर

[श्री धुसिया]

मर गया । उस औरत का कहना था कि "आधी जवानी मैं ने रो रो कर बिताई और उस के बाद मैं बेवा हो गई ।" वही हालत यहां पर है । १९५० में हमारा कांस्टीटयूशन बना था । आज १९५५ हो गया है—पांच साल हो गये हैं । मिनिस्टर साहब बतायें कि क्या शिड्यूल्ड कास्ट्स का रिज़र्वेशन कम्पलीट हो गया है ? अगर हो गया है, तो हम कृतज्ञ हैं और अगर नहीं हुआ तो ज़रा तक्लीफ़ करें और देखें कि क्यों यह काम नहीं हो रहा है, कौन से वे आफिसर्ज़ हैं, जो यह काम पूरा नहीं कर रहे हैं, और इस रिज़र्वेशन को कम्पलीट करने के लिये और कौन कौन से कदम उठाने ज़रूरी हैं ? क्या उन्हों ने कभी शिड्यूल्ड कास्ट्स के आदमियों को कन्सल्ट किया है कि आखिर यह समस्या हल क्यों नहीं होती ?

जब हम लोग अपने लड़कों के लिये —जो थोड़े बहुत पढ़ते हैं—स्कालरशिप के लिये आवाज उठाते हैं, तब इस हाउस में हम को जवाब मिलता है कि गवर्नमेंट के पास इतना रुपया नहीं है कि शिड्यूल्ड कास्ट्स और शिड्यूल्ड ट्राइब्ज़ के सब लड़कों को वजीफा दिया जा सके । इस से जाहिर होता है कि हमारे बहुत ज्यादा लड़के इस वक्त पढ़ रहे हैं । लेकिन हम देखते हैं कि उस के साथ ही बगल से नौकरियों के लिये यह आवाज आती है कि "शिड्यूल्ड कास्ट्स एन्ड शिड्यूल्ड ट्राइब्ज़ कैन्डीडेट्स आर नाट एवेलेबल" । हमारी समझ में नहीं आता कि इन दोनों में से कौन सा वर्शन सही है । क्या हमारे लड़के ज्यादा पढ़ रहे हैं या हमारे कैन्डीडेट्स एवेलेबल नहीं हैं ? हमें तो यह सब देख कर बड़ा ताज्जुब होता है और दुख होता है । हमारी समझ में नहीं आता कि बात क्या है ? हम चाहेंगे कि जवाब देते समय मिनिस्टर साहब इस बारे में भी कुछ कहेंगे । इन सब बातों की हिस्ट्री लिखी जायेगी और उस को कोई रोक नहीं सकता है । इन कांग्रेस वालों की यह हिस्ट्री लिखी जायेगी कि किस तरह से ये लोग बाहर लड़ें और लैजिस्लेचर में लड़ें और इस तरह इन्हों ने कानून बनवाये, लेकिन उन का कोई फल नहीं निकला । हम देखते हैं कि आप के गवर्नमेंट आफिसर्ज़, जिन पर कि आप भरोसा करते हैं, आप के आर्डर्ज़ को डिसओबे करते हैं और आप यह सब देखते रहते हैं और कुछ नहीं करते । इस का सबूत आप की फिगर्ज़ में है । हम अपनी तरफ से कोई बात नहीं कह रहे हैं—हम आप की बात आप को सुना रहे हैं । आखिर हर एक डिपार्टमेंट में हर साल रिक्रूटमेंट होता है । आप हर जगह से स्टैटिस्टिकल फिगर्ज़ मंगाइये कि किस डिपार्टमेंट में कितने आदमी लिये गये हैं और अगर उन में शिड्यूल्ड कास्ट्स और ट्राइब्ज़ की तादाद कम है, तो उन लोगों से पूछिए कि क्या कारण है । अगर एप्लिकेशन्ज़ ज्यादा आई थीं और उन्हों ने कम लिये, तो जब तक आप ज़िम्मेदार अफ़सर को सस्पेंड कर के उस के खिलाफ़ डिसिप्लिनरी ऐक्शन नहीं लेंगे और वह भी सिर्फ पहली मर्तबा, अगर दूसरी मर्तबा वह ऐसा करता है, तो उसको डिसमिस कर दीजिये, अगर आप ऐसा न करेंगे, तो उस का नतीजा यह होगा कि हिस्टरी लिखने वाले यह लिखेंगे कि कांग्रेस वालों ने लड़ कर जब गवर्नमेंट बनाई और शिड्यूल्ड कास्ट्स वालों के लिये रिज़र्वेशन रखी, तो इस काम में उन के आफिसर्ज़ ही उन के आर्डर्ज़ को डिसओबे किया करते थे और गवर्नमेंट ने उन के खिलाफ़ कोई ऐक्शन नहीं लिया । उस का यह भी नतीजा होगा कि आप, हम और

यह गवर्नमेंट, सब बदनाम होंगे । आप इस बात को मानें या न मानें । मैं तो अपने दिल के जज़बात यहां पर रख रहा हूं । इसलिये मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि आप हर साल गवर्नमेंट के डिपार्टमेंट्स के स्टैटिस्टिकल फिगर्ज़ मंगाया करें और अगर शिड्यूल्ड कास्ट्स वालों की तादाद कम है, तो ज़िम्मेदार आफिसर्स को सस्पेन्ड कर के उस का एक्सप्लेनेशन काल कीजिये और उस के खिलाफ ऐक्शन लीजिये । अगर डिपार्टमेंट में रख कर ही एक्सप्लेनेशन मांगा और ऐक्शन लेना चाहा, तो कामयाबी नहीं मिलेगी और कोई फायदा न होगा ।

जब किसी भी डिपार्टमेंट में नौकरी के लिये चुनाव हो, तो आप उस में किसी शिड्यूल्ड कास्ट्स वाले आदमी को आनरेरी तौर पर, या नामीनेट कर के या वहां के किसी गवर्नमेंट सरवेन्ट को रख कर देखिये कि शिड्यूल्ड कास्ट्स के कैन्डीडेट्स मिलते हैं या नहीं । आप यह एक्सपेरिमेंट कर के देखिये तो सही । अगर आप देखें कि फायदा कुछ नहीं होता है और खर्च ज्यादा पड़ता है, तो आप उस को ड्राप कर दीजिए, लेकिन एक बार एक्सपेरिमेंट तो कर के देखिये और शिड्यूल्ड कास्ट्स और शिड्यूल्ड ट्राइब्ज़ वाले जो आवाज़ उठाते हैं, उस को पूरा कीजिये ।

शिड्यूल्ड कास्ट और शिड्यूल्ड ट्राइब्ज वालों के लिये तीसरी बात मैं यह कहूंगा । आप जानते हैं कि ये लोग बहुत बैकवर्ड हैं, और इन की गरीबी इस कारण और बढ़ती जाती है कि इन के यहां शादी छोटे पन में ही हो जाती है । मैं गवर्नमेंट से प्रार्थना करूंगा कि इन लोगों में फैमिली प्लानिंग का ज्यादा प्रचार किया जाना चाहिये । अगर इन में फैमिली प्लानिंग का प्रचार हो जायेगा तो इन का खर्चा एक सीमित दायरे में महदूद हो जाएगा और उन के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सकेगी । मेरी प्रार्थना है कि सरकार इस पर भी ध्यान दे ।

एक चीज़ मैं और सरकार के सामने रखना चाहता हूं । सरकार चाहे उस को माने या न माने पर उस पर विचार अवश्य करे । आप को मालूम है कि जब किसी को कांग्रेस का चार आने का मेम्बर बनाया जाता है तो उस से फार्म के एक कालम में यह भी लिखाया जाता है कि "मैं छुआछूत नहीं मानूंगा" । इसी तरह से जो लोग सरकारी नौकरी में आवें उन से लिखाया जाये कि वे छुआछूत आबजर्व नहीं करेंगे, और यदि वे ऐसा करेंगे तो उन को नौकरी से डिबार कर दिया जायेगा । अगर ऐसा कर दिया जाये तो मैं समझता हूं कि आप को इस काम में बहुत हद तक कामयाबी मिल सकती है ।

गवर्नमेंट इस बात पर भी विचार करे कि ऐसा नियम बना दिया जाये कि अगर कोई कास्ट हिन्दू लड़का या लड़की किसी शिड्यूल्ड कास्ट वाले से विवाह करे तो उस को सरविस में प्रिफरेंस दिया जायेगा । अगर ऐसा किया जाये तो उस से छुआछूत बहुत जल्द मिट सकती है ।

श्री जो० एल० चौधरी (जिला शाहजहांपुर–उत्तर व खेरी–पूर्व—रक्षित, अनुसूचित जातियां) : दो दिन तक मैं ने प्रयत्न किया और इस के बाद आप ने मुझे समय दिया इस के लिये मैं आप को धन्यवाद देता हूं । मैं शिड्यूल्ड कास्ट कमिश्नर को भी धन्यवाद देता हूं कि उन्हों ने बड़ी मेहनत कर के यह रिपोर्ट तैयार की ।

मैं आप को बतलाना चाहता हूं कि आज देहात में हरिजनों की क्या हालत है । मोटे तौर पर हम हरिजनों को चार कैटेगरीज़

[श्री जी० एल० चौधरी]

में बांट सकते हैं। कुछ लोग छोटे छोटे किसान हैं। उन की हालत यह है : छोटे किसान होने के कारण उन के पास बंजर जमीन के अत्यन्त छोटे टुकड़े हैं परन्तु उन्हें अधिकतम किराया देना पड़ता है ।

दूसरे लोग एग्रीकल्चरल लेबर के हैं । उन की हालत यह है : कि कृषि श्रमिक होते हुये उन्हें इसे आठ आने तक प्रति दिन की थोड़ी सी मजूरी मिलती है और कुछ तो पुश्तों से गुलाम हैं और उन्हें दूसरे मालकों के पास जाने की स्वतंत्रता नहीं जबकि गांव में न तो उन के पास काम है और न ही रोटी।

तीसरी तरह के लोग वे हैं जो शहरों में चमड़े का काम करते हैं। उन की हालत यह है कि चमड़े का काम करने वालों चमड़ा रंगने वालों और जुलाहों को संगठित उद्योग और दलालों के शोषण के कारण और चौथे शहरों के हमारे स्वीपर हैं। उन की हालत यह है कि भंगी नगरों और शहरों में कम आये और बेरोजगारी के कारण प्रपीड़ित हैं ।

जब हम चारों तरफ हरिजनों की यह हालत देखते हैं तो हम अनुभव करते हैं कि जो रुपया आज आप उन के लिये खर्च कर रहे हैं वह बहुत ही थोड़ा है । आप दस वर्ष में उन के लिये जो करना चाहते हैं इतने रुपये से उस का दसवां हिस्सा भी कठिनाई से हो सकेगा। आप पंचवर्षीय योजना बना रहे हैं। उस के लिये इतना रुपया खर्च कर रहे हैं । पहली योजना खत्म हो रही है । लेकिन आप ने इस बात का कोई माप दंड नहीं रखा कि इन पांच वर्षों में हरिजनों की सामाजिक असमानता कितनी कम हुई । मेरी सरकार से यह प्रार्थना है कि वह यह जो दूसरी पंचवर्षीय योजना बना रही है उस में कोई इस बात का माप दंड रखे कि वह इस सीमा तक हरिजनों की असमानता को दूर करेगी जिस से कि हम को पता चल सके कि हम पहले इस दशा में थे और अब इस दशा में हैं । आज हम गांवों में जा कर देखते हैं तो पाते हैं कि हरिजनों की वही दशा है जोकि दस वर्ष पहले थी ।

अभी मैं सौराष्ट्र गया था । वहां मैं द्वारिकानाथ के मन्दिर में और दूसरे मंदिरों में भी गया। वहां मैं ने देखा कि जो कानून आप ने बनाया है उस की अवहेलना करने का लोगों ने एक नया तरीका निकाला है । उन्हों ने मूर्तियों के आगे ताले डाल दिये हैं । उस स्थान से आगे कोई भी नहीं जा सकता इस तरह से वहां एक नये तरह का ही अछूतपन रूप हो गया है । मैं ने लोगों से पूछा कि यह क्या बात है, तो उन्हों ने बतलाया कि भारत सरकार ने हरिजनों के मन्दिर में जाने के लिये कानून बना दिया है। इसलिये हम ने यहां ताला डाल दिया है कि इस स्थान से आगे कोई नहीं जा सकेगा । तो जब आप कानून बनाते हैं तो उन की अवहेलना करने के लिये लोग इस तरह के तरीके निकाल लेते हैं । इस को दूर करने के लिये आप ने क्या सोचा है ।

मैं आप को अपने जिले का हाल बताऊं। वहां आज भी यह हाल है कि लोग हमें कुवों पर पानी नहीं भरने देते । जब हम थाने में रिपोर्ट ले कर जाते हैं तो हम से थानेदार और एस० पी० तक यह कहते हैं कि हम को नहीं मालूम कि कोई छुआछूत के लिये ऐसा कानून बना है कि हम जिस के अनुसार ऐक्शन ले सकें । तो मेरी सलाह तो यह है कि आप अपने इस कानून का प्रचार गांव गांव में करें ताकि हर शख्स को मालूम हो जाये कि आप ने ऐसा कानून बनाया है और अगर कोई किसी के साथ छुआछूत का व्यवहार करेगा तो यह जुर्म माना जायगा । जब तक

आप ऐसा नहीं करेंगे तब तक इस कानून से हरिजनों को कोई लाभ नहीं होगा और उन की अवस्था जैसी है वैसी ही रहेगी । अगर आप इस विषय में कदम नहीं उठायेंगे तो जिस तरह से पांच बरस का समय बीत गया उसी तरह बाकी का पांच साल का रिजर्वेशन का समय भी बीत जायगा और हरिजन जहां के तहां रहेंगे ।

श्री एन० आर० मुनिस्वामी (वान्दिवाश) : सर्वप्रथम मै अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिमजातियों के आयुक्त को उन के द्वारा किये गये महान कार्य के लिये धन्यवाद देता हूं । उन्हों ने अपने समस्त कार्यकाल में अपनी स्वतंत्र सत्ता को बनाये रखा है और वह किसी भी समय अपने कर्मचारियों या प्रकृष्ट अधिकारियों से कभी भी प्रभावित नहीं हुए ।

मैं इस समस्या के तीन पहलुओं— अस्पृश्यता, शिक्षा तथा नौकरियां— तक ही अपने आप को सीमित रखूंगा । जहां तक शिक्षा का सम्बन्ध है, अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिमजातियों को निःशुल्क शिक्षा दिये जाने के लिये कोई उपबन्ध नहीं रखे गये हैं, यद्यपि उन के लिये कुछ छात्रवृत्तियां अवश्य रखी गई हैं । परन्तु मुझे ज्ञात हुआ है कि कुछ राज्यों में अनुसूचित जातियों के विद्यार्थियों द्वारा की गई छात्रवृत्ति सम्बन्धी मांगों की कोई सुनवाई नहीं की गई है । उन से केन्द्रीय सरकार से आवेदन करने के लिये कह दिया जाता है । परन्तु जहां तक केन्द्रीय सरकार का सम्बन्ध है प्रायः ९५ प्रतिशत आवेदन-पत्र स्वीकार कर लिये जाते हैं ।

दूसरी बात मैं नौकरियों के सम्बन्ध में कहना चाहता हूं । यह कहा गया है कि केन्द्रीय सेवाओं में अनुसूचित जातियों को १२.५ प्रतिशत, अनुसूचित आदिमजातियों को २.५ प्रतिशत अन्य राज्य वर्गों में ६.५ प्रतिशत नौकरियां दी जाती हैं । प्रतिशतता का यह निर्धारण कोई नई बात नहीं है और न एकाएकी ही यह किया गया है, अपितु यह १९३० से विद्यमान है । परन्तु प्रतिवेदन में मैं ने पढ़ा है कि केवल २.४ प्रतिशत स्थान ही भरे जा सके हैं । पच्चीस वर्ष में इतना सा कुछ कर सके हैं । जब तक कि हम अन्य जाति वालों की भर्ती को बन्द नहीं कर देंगे इस निर्धारित १२.५ प्रतिशत के लक्ष्य को प्राप्त करना असम्भव होगा । सौराष्ट्र सरकार ने इसी प्रणाली को अपनाया है । मेरा निवेदन है कि केन्द्रीय सरकार भी स्वयं अपने विभागों और राज्य सरकारों को यह अनुदेश जारी कर दे कि जब तक कि इस लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाये अन्य जाति वालों की भर्ती बन्द कर दी जाये ।

इस लक्ष्य की प्राप्ति में सब से बड़ी बाधा है दक्षता और कार्यक्षमता की । भर्ती दक्षता तथा कार्यकुशलता को हानि पहुंचाये बिना की जानी चाहिये । सरकार के विभिन्न विभाग इस सिद्धान्त को लागू करने में बहुत तत्पर रहे हैं । जहां तक दक्षता-परीक्षाओं का सम्बन्ध है, मैं केवल यही कह सकता हूं कि यदि उन को अवसर दिये जायें, तो वह अन्य व्यक्तियों जैसे ही कार्य दक्ष सिद्ध हो सकते हैं । आज दक्षता का प्रमापीकरण कर दिया गया है और इस के लिये निश्चित नियम बना दिये गये हैं । अब केवल नियमों का पालन करना भर शेष रहता है ।

कोई नौ वर्ष पहले मद्रास राज्य में अनुसूचित जातियों में से एक डिप्टी सुपरिंटैन्डैन्ट पुलिस लिया जाना था । केवल एक व्यक्ति ने आवेदन किया परन्तु उसे अयोग्य तथा अक्षम घोषित कर दिया गया क्योंकि वह उन के स्तरों के अनुकूल नहीं था । तो उस ने किसी अन्य व्यक्ति की सिफारिश की । जब यह नाम सरकार के अनुमोदन के

[एन० आर० मुनिस्वामी]

लिये भेजा गया तो सरकार ने उस को भी अस्वीकार कर दिया। दुर्भाग्य से अगल वष भी यही चीज़ हुई। तीसरे साल सरकार को उसी व्यक्ति की नियुक्ति करने पर स्वीकृति देनी पड़ी। अब वह व्यक्ति अत्यधिक कार्यकुशल सिद्ध हुआ है। कहने का तात्पर्य यह है कि यदि ऐसे लोगों को मौका दिया जाये तो वे भी बहुत अच्छे कायकर्ता सिद्ध हो सकते हैं।

जहां तक अस्पृश्यता निवारण का सम्बन्ध है, मेरा सुझाव है कि हमें गांवों में सिनेमाओं आदि द्वारा जनता को यह समझाना चाहिये कि अस्पृश्यता को किस प्रकार दूर किया जाना है। यदि देहातों में नये होटलों का लाइसेन्स दिये जायें तो इस के साथ यह शर्त लगा दी जानी चाहियें कि होटल में कम से कम दो-तीन हरिजनों को रसोइयों या बैरों के रूप में रखा जायेगा। गांवों में मेले, त्यौहार, भोज आदि में हरिजनों से सवर्ण हिन्दुओं के साथ बैठने के लिये कहा जाये। विशेष रूप से प्राइमरी स्कूलों में हरिजनों और सवर्ण हिन्दुओं के बच्चे साथ-साथ पढ़ें।

उत्तर प्रदेश में आदिमजातियों की कोई सूची नहीं है। प्रशासकों ने इस का कारण यह बताया कि उत्तर प्रदेश में आदिम-जाति के लोग ही नहीं हैं। परन्तु तथ्य यह है कि वहां आदिमजाति के लोग रह रहे हैं। ऐसी दशा में उन के लिये भी जो धन आवंटित किया जाता है उस का उपयोग अन्य जातियों के लाभ के लिये होता है।

रेडियो और सिनेमाओं का प्रचार केवल नगरीय अथवा अर्द्ध-नगरीय क्षेत्रों में सीमित न रह कर देहातों में भी होना चाहिये ताकि वहां की अनभिज्ञ जनता के ज्ञान में वृदि की जा सके।

मुझे गृह-कार्य मंत्री से यह सुन कर बहुत खुशी हुई कि हाल में सरकार ने दो शाखायें (विंग) खोली हैं जो अनुसूचित जातियों के कल्याण के लिये कार्यवाही करेंगी। इन नई शाखाओं से कुछ न कुछ सफलता अवश्य मिलेगी।

श्री राधा रमण : मैं प्रस्ताव करता हूं :

कि मूल प्रस्ताव के स्थान पर निम्न लिखित रखा जाये :

"यह सभा अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिमजातियों के १९५४ के प्रतिवेदन पर विचार करने के पश्चात्, उस का अनुमोदन करती है।"

सभापति महोदय : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ।

इस के पश्चात् लोक-सभा शनिवार १७ सितम्बर, १९५५ के ग्यारह बजे तक के लिये स्थगित हुई।